CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 13°C

नई दिल्ली, मंगलवार 24 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 350 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 4 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बंगाल में भी दिखाई देगा पीडीए का असर: अखिलेश यादव पेज 2



युद्ध के बीच गैस-तेल से ईरान की हो रही रिकॉर्ड कमाई पेज 12



पश्चिम बंगाल चुनाव : सत्ता की जंग से बड़ी चुनाव आयोग की साख की अग्नि परीक्षा सम्पादकीय



ईरान ने अमेरिका का एफ-15 लड़ाकू विमान मार गिराया पेज 12

# युद्ध का असर लंबा चल सकता है, हमें कोरोना संकट की तरह तैयार रहना होगा: पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया संघर्ष पर भारत का रुख किया स्पष्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में बताया कि मिडिल ईस्ट में हालत चिंताजनक है। देश के सामने चुनौतियां बेहद ज्यादा हैं। दुनियाभर के लोग युद्ध रोकने के लिए आग्रह कर रहे हैं। पीएम मोदी ने मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष और इस जंग पर भारत का क्या रुख है, वो स्पष्ट किया।

पीएम मोदी ने बताया कि बीते दिनों होर्मुज स्ट्रेट में फंसे हमारे कई जहाज भारत आए भी हैं। संकट के इस समय में देश की एक और तैयारी भी है, जो बहुत काम आ रही है। पिछले 11 साल में इथेनॉल के उत्पादन और उसकी ब्लेंडिंग पर अभूतपूर्व काम हुआ है। एक दशक पहले तक देश में सिर्फ एक से डेढ़ प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग कैपसिटी थी। आज हम पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनाल ब्लेंडिंग के करीब पहुंच रहे हैं। इसके कारण प्रति वर्ष करीब साढ़े 4 करोड़ बैरल कम ऑयल इम्पोर्ट करना पड़ रहा है। हालांकि, पीएम मोदी ने बताया कि ईरान-इजरायल जंग का असर लंबा चल सकता है। हमें कोरोना संकट की तरह तैयार रहना होगा। ईरान और अमेरिका- इजरायल युद्ध का सोमवार को 24वां दिन था। ये जंग कब रुकेगी, कुछ कहा नहीं जा सकता है। लेकिन इस जंग ने दुनियाभर के सामने ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। भारत में भी गैस की किल्लत महसूस की जा रही है। ऐसे में विपक्षी पार्टियां भारत की मौजूदा विदेश नीति और केंद्र सरकार पर कई सवाल उठा रही हैं। इन्हीं सवाल का जवाब प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को लोकसभा में दिया। पश्चिम एशिया संघर्ष पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से 3,75,000 से अधिक भारतीय सुरक्षित रूप से भारत लौट चुके हैं। ईरान से अब तक लगभग 1,000 भारतीय सुरक्षित लौट चुके हैं, जिनमें से 700 से अधिक मेडिकल छात्र हैं।



- कहा: ईरान और अमेरिका-इजरायल युद्ध ने दुनियाभर के सामने ऊर्जा संकट पैदा किया
- भारत में गैस की किल्लत होने लगी

### संसद में प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर प्रियंका गांधी ने व्यापक चर्चा की रखी मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर जो बयान दिया है उसमें कोई नई बात सामने नहीं आई है। संसद के बजट सत्र के दूसरे भाग के दौरान सोमवार को प्रधानमंत्री ने लोकसभा में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर बयान दिया, जिसमें उन्होंने भारतीय नागरिकों की सुरक्षित देशवापसी से लेकर एलपीजी जैसी जरूरी व्यवस्थाओं पर सरकार के कदमों की जानकारी दी।



श्रीमती वाड्रा ने इस बयान पर प्रतिक्रिया करते हुए संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को मौजूदा परिस्थितियों से अवगत कराया है, लेकिन उनके बयान में कोई नई बात सामने नहीं आई।

## संक्षिप्त समाचार

### NIA ने लालकिला विस्फोट जांच में कश्मीर में कई जगहों पर मारे छापे

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में लालकिले के पास पिछले साल 10 नवम्बर को हुए कार विस्फोट मामले की चल रही जांच के तहत कश्मीर भर में कई जगहों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि ये छापे श्रीनगर, बारामूला, कुपवाड़ा और कुलगाम जिलों में छह जगहों पर उन लोगों से जुड़े ठिकानों पर मारे गए, जिन्हें धमाके के पीछे के आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों ने बताया कि एनआईए ने बारामूला जिले के रफीबाद के रहने वाले डा. बिलाल नसीर मल्ला के घर पर तलाशी ली, जिसे इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। कुपवाड़ा जिले के लंगाते इलाके में भी एक और तलाशी ली गई।

### विकसित भारत के लिए आय बढ़ानी होगी : विपक्ष

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष ने सोमवार को कहा कि सरकार विकसित भारत की सिर्फ बातें करती है और इसके लिए उसके पास कोई ठोस नीति नजर नहीं आती। लोकसभा में 'वित्त विधेयक 2026' पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के डा. अमर सिंह ने कहा कि देश में प्रति व्यक्ति आय करीब 3000 डॉलर है, जबकि विकसित भारत के लिए यह आमदनी 14000 डॉलर प्रति व्यक्ति होनी चाहिए। उनका कहना था कि सरकार जो दावा करती है और जो बुनियादी स्थिति है उसमें बहुत बड़ा फर्क है और इस गैप को बांटने के लिए कोई ठोस कदम उठाते हुए सरकार नजर नहीं आती है।

### अमृतसर में नशा तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 2 पकड़े

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर काउंटर इंटेलिजेंस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नशा तस्करी के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से पांच किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस मॉड्यूल के तार पाकिस्तान स्थित तस्करों से जुड़े हुए हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के मामले में दोबारा सुनवाई के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें एक तलाक के मामले की नए सिरे से सुनवाई करने को कहा गया था।

यह मामला इसलिए चर्चा में आया, क्योंकि एक परिवार न्यायालय ने तलाक की मंजूरी देते समय कानून की ऐसी धारा का इस्तेमाल कर दिया था, जो असल में है ही नहीं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसने पुराने तलाक को रद्द कर नए सिरे से सुनवाई का आदेश दिया था। फिलहाल उच्चतम न्यायालय ने दोबारा सुनवाई पर रोक लगा दी है। पूरा मामला तब उलझ गया जब दिल्ली उच्च न्यायालय ने पाया कि परिवार न्यायालय के न्यायाधीश ने अलग-अलग कानूनों को आपस में मिला दिया था। केस हिंदू



मैरिज एक्ट के तहत दर्ज था, लेकिन न्यायालय ने विशेष विवाह अधिनियम (स्पेशल मैरिज एक्ट) की एक ऐसी धारा का जिक्र कर दिया जो कानून की किताब में मौजूद ही नहीं है। इन कानूनी गलतियों की वजह से उच्च न्यायालय ने पूरे मामले को शुरू से सुनने का निर्देश दिया था।अब उच्चतम न्यायालय ने इस बात की जांच करेगा कि क्या इस मामले में दोबारा सुनवाई की जरूरत है या नहीं। इस बीच, उस न्यायाधीश ने भी उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है, जिन्होंने यह फैसला सुनाया था। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ की गई सख्त टिप्पणियों को हटाने की मांग की है। हालांकि, फरवरी में हुई पिछली सुनवाई में उच्चतम न्यायालय ने उन टिप्पणियों पर रोक लगाने से मना कर दिया था।

# ट्रम्प बोले जंग खत्म करने को हमारी बात हुई, ईरान का इन्कार

**वाशिंगटन/ तेहरान।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि मध्य पूर्व में चल रहे टकराव को पूरी तरह खत्म करने को लेकर बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि पूरी तरह समाधान के मुद्दे पर सकारात्मक बातचीत हुई है।

ट्रंप ने यह भी कहा कि वह ईरान के बिजली संयंत्रों और ऊर्जा ढांचे पर किसी भी तरह के हमलों को पांच दिन के लिए टालेंगे, लेकिन ईरान के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बातचीत वाले बयान को नकार दिया है। इससे पहले ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका और ईरान के बीच पिछले दो दिनों में मध्य पूर्व में टकराव के पूरी तरह समाधान को लेकर बहुत अच्छी और सकारात्मक बातचीत हुई है। इस रचनात्मक बातचीत के रुख और माहौल को देखते हुए, जो पूरे सप्ताह जारी रहेंगी, मैंने वॉर डिपार्टमेंट को निर्देश दिया है कि ईरान के बिजली संयंत्रों और ऊर्जा ढांचे पर सभी सैन्य हमलों को पांच दिन के लिए टाल दिया जाए। यह फ़ैसला बैठकों और चर्चाओं की सफलता पर निर्भर करेगा। न्यूज़ एजेंसी के अनुसार, ईरान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कही गई उस बात को नकारते हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत चल रही है।



- ईरान के बिजली संयंत्रों व ऊर्जा ढांचे पर सभी सैन्य हमलों को 5 दिन के लिए टाला: ट्रम्प

### अमेरिका को आईआरजीसी की कड़ी चेतावनी, 'हर हमले का मिलेगा जवाब'

**तेहरान।** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि ईरान के खिलाफ किसी भी खतरे का बराबर और प्रतिरोधक जवाब दिया जाएगा। आईआरजीसी ने सोमवार को जारी बयान में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन आरोपों का जवाब दिया, जिनमें कहा गया था कि ईरानी बल क्षेत्रीय जल विलवणीकरण संयंत्रों को निशाना बना सकते हैं। आईआरजीसी ने आरोप लगाया कि युद्ध की शुरुआत अमेरिकी सेना ने की और अब तक बच्चों सहित कई नागरिकों को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया कि अमेरिकी हमलों में जल अवसंरचना को भी नुकसान पहुंचाया गया, जिसमें क़ेश्म द्वीप का विलवणीकरण संयंत्र शामिल है।

# उत्तर प्रदेश में गेहूं का एमएसपी ₹2585 हुआ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट बैठक में 37 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जबकि दो प्रस्ताव को फिलहाल स्थगित कर दिया गया। बैठक में किसानों, ऊर्जा, शहरी विकास और औद्योगिक निवेश से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए, जिन्हें राज्य के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने फैसलों की जानकारी दी। श्री शाही ने कहा कि किसानों को बड़ी राहत देते हुए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585



- योगी कैबिनेट ने लिए 35 महत्वपूर्ण फैसले

रुपये प्रति कुंतल तय किया है। प्रदेश में गेहूं की खरीद 30 मार्च से 15 जून तक की जाएगी और इसके लिए 6500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि किसानों को उतराई, सफाई आदि के लिए 20 रुपये प्रति कुंतल अतिरिक्त भुगतान भी दिया जाएगा। इस बार 30 लाख टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है, जबकि 50 लाख टन तक खरीद का अनुमान है। कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में भी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। घाटमपुर में 660 मेगावॉट की तीन यूनिट परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए झारखंड स्थित कोल ब्लॉक के विकास के लिए 2242.90 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इस परियोजना से 270 मिलियन टन कोयला उत्पादन का अनुमान है और बिजली दरों में करीब 80 पैसे प्रति यूनिट तक कमी आने की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही गोरखपुर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में भी पहल की गई है। चिलुआताल में 20 मेगावॉट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए लगभग 80 एकड़ क्षेत्र उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए कैबिनेट ने 'नवयुग नगर पालिका योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत प्रदेश के 58 शहरों को स्मार्ट बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 55 नगर पालिका परिषद और 3 नगर पंचायत शामिल हैं। श्री शर्मा ने बताया कि 145 करोड़ रुपये की लागत से पांच वर्षों में लागू होने वाली इस योजना में 1.5 लाख से अधिक आबादी वाले 24 निकायों को प्राथमिकता दी जाएगी।





PATANJALI wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy

पतंजलि वेलनेस में सेवा (जॉब) का अनुपम अवसर

पतंजलि वेलनेस कर्मयोगी बनकर सेवा के द्वारा विश्व के सबसे बड़े योग, आयुर्वेद, स्वदेशी के आंदोलन से जुड़ें। विश्व के सबसे बड़े योग, यज्ञ, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा के सेवा अभियान के लिए पतंजलि वेलनेस में योग्य एवं अनुभवी **थेरेपिस्ट / योगाचार्य / वैद्य गण (प्रस्नाथक को प्राथमिकता)** के लिए कर्मयोगियों की आवश्यकता है।

**थेरेपिस्ट हेतु अहर्ता (Eligibility):** न्यूनतम 10वीं पास / पंचकर्म डिप्लोमा / नेचरोपैथी डिप्लोमा / कार्य से सम्बंधित अनुभव + उत्तराखंड आयुष चिकित्सा कौंसिल द्वारा पंजीकृत।
**आयु:** 18 से 35 वर्ष
**प्रशिक्षण अवधि** : 2 माह
**अन्य सुविधायें** : भोजन, आवास व बस

**योगाचार्य हेतु अहर्ता (Eligibility):** योग स्नातक / स्नातकोत्तर डिप्लोमा योग / कार्य से सम्बंधित अनुभव।
**आयु:** 18 से 35 वर्ष

**वैद्य हेतु अहर्ता (Eligibility):** BAMS/BNYS/MD (आयुर्वेद/नेचुरोपैथी) / Ph.D. (आयुर्वेद/नेचुरोपैथी) / कार्य से सम्बंधित अनुभव + उत्तराखंड आयुष चिकित्सा कौंसिल द्वारा पंजीकृत।

**वेतन / मानदेय:** योग्यता एवं कार्य दक्षता के अनुसार।

कार्य स्थल : पतंजलि वेलनेस/ योग्ग्राम/ निरामयम्, हरिद्वार, उत्तराखंड

संपर्क करें : 8954-666-111
89548 91711 / 72170 45416 / 82720 68187
अपना बायोडाटा / CV/ RESUME नीचे दिए गए Whatsapp अथवा ई-मेल पर भेजें
895489-6661 | career@patanjaliwellness.com

⚠ पतंजलि के नाम पर किसी भी प्रकार के (एडमिशन, बुकिंग, नौकरी, फ्रैंचाइज़ी आदि) ऑफर के बहाने होने वाली ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचें।

हम नौकरी हेतु किसी भी प्रकार की धनराशि की मांग नहीं करते हैं तथा पतंजलि वेलनेस में बुकिंग हेतु केवल अधिकृत नंबर 8954-666-111 पर ही संपर्क करें; ऑनलाइन भुगतान करने से पहले संबंधित बैंक खाते की पुष्टि अवश्य कर लें।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के खिलाफ मामले में फिर टली सुनवाई

**सुलतानपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी मामले में सुनवाई सोमवार को वादी मुकदमा भाजपा नेता विजय मिश्रा के गैर हाजिर होने के कारण टल गई है। न्यायालय अब इस मामले में 27 मार्च को सुनवाई करेगी। वादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने आज यहां बताया कि उन्होंने पिछली पेशी पर अदालत में एक प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें मांग की गई है कि राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयानों के ऑडियो और वीडियो साक्ष्य पेश किए गए हैं, उनका मिलान राहुल गांधी की असली आवाज से कराया जाए। विजय मिश्रा की अनुपस्थिति के कारण कोर्ट ने 27 मार्च की तारीख तय की है, जहां मामले में बहस होगी।

### प्रयागराज में ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के सोरांव थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि छेदीलाल (55) बीती देर शाम सघनगंज से दवा लेकर अपने घर मलाक बेला, जलालपुर लौट रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक तेज गति में था और आरोप है कि वह शराब के नशे में था। टक्कर के बाद छेदीलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके पुत्र अंकुर कुमार ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी सोरांव केशव वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### जनता दर्शन में बोले- यूपी के सीएम योगी

# सैनिक करें देश की सेवा परिवार की जिम्मेदारी सरकार की

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित 'जनता दर्शन' में आए सैनिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे निश्चित होकर देश की सेवा करें, उनके परिवार की सुरक्षा, सम्मान और देखभाल की जिम्मेदारी सरकार की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 25 करोड़ जनता की सेवा, सहूलियत और सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में उपस्थित सैनिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीमा एवं आंतरिक सुरक्षा में तैनात जवानों के मामलों को प्राथमिकता देते हुए समयसीमा के भीतर उनका उचित समाधान सुनिश्चित किया जाए।



■ जवानों और उनके परिवारों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जवानों और उनके परिवारों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आए लोगों ने पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता और स्थानांतरण से जुड़े प्रकरण भी प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने एक-एक प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को तय समय में निस्तारण के निर्देश दिए। जमीनी विवादों के मामलों में योगी ने कहा कि सभी पक्षों को सुनकर नियमानुसार निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। वहीं इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने वाले परिवारों को उन्होंने अस्पताल से अनुमानित खर्च (एस्टिमेट) तैयार कर आवेदन करने की सलाह दी और भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी भी मरीज का इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है और जनसमस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए।

### योगी की पाती में नौ वर्षों की उपलब्धियों और विकास का लेखा-जोखा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम एक भावनात्मक पत्र जारी किया है। इस पत्र में उन्होंने राज्य के विकास, सुशासन और जनकल्याण से जुड़े कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश की शुरुआत मां दुर्गा के आशीर्वाद से करते हुए कहा कि आध्यात्मिक प्रेरणा और जनसहभागिता के बल पर उत्तर प्रदेश ने बीते नौ वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है।

### बलिदानियों का त्याग भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलिदान दिवस के अवसर पर महान क्रांतिकारियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन अमर बलिदानियों का त्याग भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने उनके साहस, समर्पण और राष्ट्रप्रेम को प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत बताया। योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि क्रांति की ज्योति प्रज्ज्वलित करने वाले इन वीर सपूतों का बलिदान सदियों तक देशवासियों को 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना से प्रेरित करता रहेगा।

# जनता की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई हो: केशव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में सैकड़ों फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।

जनता दर्शन के दौरान उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि "हर व्यक्ति की समस्या का हर संभव समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।" उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए, ताकि किसी भी पीड़ित को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने खुद आगे बढ़कर लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई मामलों में उन्होंने संबंधित



अधिकारियों से फोन पर बात कर तत्काल आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने भूमि विवाद, अवैध कब्जा, उत्पीड़न, सड़क, बिजली, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मामलों को विशेष रूप से गंभीरता से लेने को कहा। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और जहां जरूरत हो, वहां कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में जवाबदेही तय की जाए और नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि पारदर्शी और प्रभावी समाधान मिल सके।

# प्रधानमंत्री की प्रस्तावित रैली को लेकर भाजपा की रणनीतिक बैठक

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में जिला गौतमबुद्धनगर परिक्षेत्र ग्रेटर नोएडा तिलपता गोलचक्कर स्थित कार्यालय में गौतमबुद्धनगर भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 28 मार्च को प्रस्तावित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट उद्घाटन तथा देश के प्रधानमंत्री की ऐतिहासिक रैली की तैयारियों को लेकर बुलाई गई थी।

सोमवार को आयोजित बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर उपस्थित रहे, जबकि बैठक की अध्यक्षता बीजेपी जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की। संचालन जिला महामंत्री वीरेन्द्र भाटी द्वारा किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश

■ दो लाख से अधिक भीड़ जुटाने का लक्ष्य

उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रैली की व्यापक तैयारियों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह रैली संगठन की ताकत और जनसमर्थन का बड़ा प्रदर्शन होगी। इसके लिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर जनसंपर्क करना होगा और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ बैठकें कर अधिक से अधिक लोगों को आमंत्रित करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी का लक्ष्य दो लाख से अधिक लोगों की विशाल जनसभा आयोजित करना है, जिसके लिए हर स्तर पर मजबूत तैयारी जरूरी है। जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बताया कि बैठक में कार्यकर्ताओं के बीच जबरदस्त उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। सभी कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सभी मिलकर इस जनसभा को सफल बनाएं और विकास व राष्ट्रनिर्माण के अभियान को और अधिक मजबूत करें। बैठक में वीरेन्द्र भाटी, ठाकुर धर्मेन्द्र भाटी, धर्मेन्द्र कोरी, दीपक भारद्वाज, पवन रावल, अरुण शर्मा, पवन नागर, सरदीप नागर, कर्मवीर आर्य, चन्द्रमणि भारद्वाज, रजनी तोमर, मुकेश भाटी, गायत्री तिवारी, योगेश चौहान, विनीता, अश्वनी गोयल, अर्पित तिवारी, मनोज मावी, राजीव सिंघल, महेश शर्मा, लोकेश त्यागी, दिनेश भाटी, भिखारी सिंह, संजीव शर्मा, संजय रावत, गजेन्द्र वाल्मीकि, धीर राणा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बंगाल में भी दिखाई देगा पीडीए का असर: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को दावा किया कि यूपी की जनता ने 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की राजनीति को आगे बढ़ाने का संकेत दिया है, वही अब पश्चिम बंगाल में भी लोकतंत्र बचाने के आह्वान के रूप में दिखाई देगा।

यादव ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर लोहिया पार्क पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पश्चिम बंगाल में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के चुनाव लड़ने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि जनता भाजपा की रणनीतियों को समझ चुकी है और इस बार भी ममता बनर्जी को समर्थन मिलेगा। उन्होंने ममता बनर्जी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान और जनहित की योजनाओं का असर साफ दिखाई दे रहा है। चुनाव में उनकी जीत होगी। अखिलेश यादव ने समाजवादी विचारधारा पर जोर देते हुए कहा कि भगत सिंह और राजगुरु जैसे क्रांतिकारी समाजवादी सोच से प्रेरित थे। उन्होंने कहा कि देश में



अमीर-गरीब की खाई को खत्म करने के लिए समाजवादी नीतियों को लागू करना जरूरी है और उनकी पार्टी डॉ. लोहिया के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। गोरखपुर और बदायूं की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कई मामलों में कार्रवाई नहीं हो रही है और सच्चाई सामने नहीं आ रही है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि राजनीति में चल रहे 'खेल' का सच समय आने पर सामने आएगा। ओम प्रकाश राजभर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यदि यह स्पष्ट हो जाए कि कौन किससे मिल रहा है, तो निर्णय लेना आसान होगा। वहीं डॉ. संजय निषाद के भावुक वीडियो पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि यह 'प्रायश्चित है या कुछ और' यह समय बताएगा।

### वायरल वीडियो से बढ़ा सियासी पारा अखिलेश बोले: पश्चाताप या प्रायश्चित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक वायरल वीडियो ने सियासी हलचल तेज कर दी है। एक दिन पूर्व निषाद पार्टी की तरफ से गोरखपुर में आयोजित जनसभा के बाद पार्टी के अध्यक्ष और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद का एक भावुक वीडियो सोशल मीडिया में आने पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीखा हमला बोला है। अखिलेश यादव ने वीडियो को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करते हुए लिखा, ये भाजपा के साथ जाने पर पश्चाताप के आंसू हैं या प्रायश्चित के। उन्होंने इसे 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) राजनीति से जोड़ते हुए कहा कि पीड़ा बढ़ रही है, पीड़ित बढ़ रहे हैं, इसलिए पीडीए भी बढ़ रहा है। अखिलेश के इस बयान को भाजपा गठबंधन में शामिल छोटे दलों पर सीधा निशाना माना जा रहा है। इतना ही नहीं, अखिलेश ने एक फिल्मी गीत 'हम थे जिनके सहारे' का जिक्र करते हुए तंज कसा और इशारों में कहा कि जिनके सहारे राजनीति खड़ी हुई, वही अब साथ नहीं निभा रहे हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74532.96
निफ्टी 23114.50



सोना 147000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



# उत्तर प्रदेश में गेहूं का न्यूनतम मूल्य 160 रुपये बढ़ा

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक का सबसे अहम फैसला किसानों के हित में लिया गया, जिसमें सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 160 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने संयुक्त रूप से निर्णयों की जानकारी दी। कैबिनेट बैठक में कुल 37 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिनमें से दो प्रस्तावों को फिलहाल स्थगित कर दिया गया और 35 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई।

बैठक का सबसे अहम फैसला किसानों के हित में लिया गया, जिसमें सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 160 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। इस निर्णय से किसानों को उनकी उपज का बेहतर दाम मिलने की उम्मीद है। सरकार का मानना है कि इस बढ़ोतरी



से कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और किसानों की आय में इजाफा होगा। खासतौर पर उत्तर प्रदेश के लाखों किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। कैबिनेट के अन्य प्रस्तावों पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें विभिन्न विभागों से जुड़े विकास कार्य शामिल हैं। सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी स्वीकृत प्रस्तावों को तय समय सीमा में लागू किया जाए।

### यूपी में 1.38 लाख एचआईवी मरीजों को मिल रहा नि:शुल्क उपचार

**लखनऊ।** भारत में करीब 25.44 लाख लोग एचआईवी के साथ जीवन जी रहे हैं, जिनमें लगभग 45 प्रतिशत महिलाएं और 2.75 प्रतिशत बच्चे शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में करीब 1.38 लाख एचआईवी संक्रमित व्यक्ति एआरटी केंद्रों पर नि:शुल्क परामर्श, उपचार और दवा प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से सोमवार को राज्य सूचना विभाग के सभागार में एचआईवी/एड्स विषय पर राज्य स्तरीय मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य एचआईवी/ एड्स से जुड़ी सही जानकारी का प्रसार, सामाजिक कलंक को कम करना और जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों में मीडिया की भूमिका को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव ने कहा कि एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने में मीडिया की भूमिका बेहद अहम है और संवेदनशील व तथ्यात्मक रिपोर्टिंग से समाज में फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सकता है।

# उप्र में एमएसएमई से 3.11 करोड़ को रोजगार, निवेश से खुले अवसरों के द्वार

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते नौ वर्षों में रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

राज्य सरकार की ओर से जारी किए गए बयान के अनुसार उद्योगोन्मुख नीतियों और योजनाओं के प्रभाव से एमएसएमई सेक्टर आज न केवल रोजगार का सबसे बड़ा माध्यम बनकर उभरा है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की धुरी भी बन गया है। सरकार के प्रयासों का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में इस अवधि के दौरान करीब 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों से 1 करोड़ 10 लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार और सेवायोजन के अवसर सृजित होने की संभावना बनी है। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतर चुके हैं, जिनसे लगभग 60 लाख रोजगार के अवसर तैयार हुए हैं। निवेश के इस प्रवाह ने प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को गति दी है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र रोजगार सृजन का सबसे मजबूत आधार बनकर उभरा है। वर्तमान में राज्य में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित हैं, जो देश में सर्वाधिक हैं। इन इकाइयों के माध्यम से 3 करोड़ 11 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने वित्तीय सहायता, कौशल प्रशिक्षण और विपणन की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं।

वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना को एमएसएमई से जोड़ने से पारंपरिक और स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिली है। इससे ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है। युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने हेतु सरकार द्वारा कई योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत अब तक 38 हजार से अधिक युवाओं को लाभान्वित किया गया है, जिनमें 1097.10 करोड़ रुपये से अधिक की मार्जिन मनी वितरित की गई है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 32,936 लाभार्थियों को 1105.49 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी दी गई, जिससे 2.63 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# अफसरों की नाकामी का फायदा सपा को मिल रहा: डा. संजय निषाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि अफसरों की नाकामी का फायदा सपा को मिल रहा है।

डॉ. संजय निषाद ने सोमवार को यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि सपा का 'पीडीए' अधिकारियों की नाकामी है। अधिकारी लड्डू परोस रहे हैं सपा को। जैसे लेखपाल की भर्ती, पशुधन की भर्ती। पहले आरक्षण का सही से पालन न करो, फिर उसे सुधारो। अधिकारी किसलिए बैठे हैं। क्या कर रहे हैं। अभी एसआई की परीक्षा हुई, अधिकारी पेपर पढ़ नहीं सकते, तो किसलिए बैठे हैं। यह सपा को लड्डू नही परोस रहे हैं, तो क्या कर रहे हैं। लेकिन इसका मतलब यह नही है कि सारे अधिकारी दोषी हैं। ज्यादातर ठीक हैं, तभी तो अच्छा काम



हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में हमारा मुद्दा आरक्षण में हमारी गिनती अनुसूचित में कराने की है। संविधान के हिसाब से केंद्र सरकार की अधिसूचना से लेकर राष्ट्रपति की अधिसूचना में भी मांझी, मल्लाह, केवट अनुसूचित में आते हैं। यहां तक की राज्यपाल की तरफ से 31 दिसम्बर 2016 को जारी अंतिम अधिसूचना में पिछड़े से अनुसूचित में शामिल करने को लेकर नई सूची बनाने को कहा गया। पर, वह अभी लागू नहीं हुआ है। अभी तक 26 दिसम्बर वाली ही अधिसूचना लागू है। ऐसे में हमारी मांग है कि ओबीसी से 9 प्रतिशत काट कर एससी में शामिल किया जाए। ओमप्रकाश राजभर के सामाजिक न्याय समिति की मांग पर उन्होंने कहा कि वह बटवारा चाह रहे हैं ओबीसी में और हम बटवारा नहीं चाहते हैं हम संविधान वाला चाहते हैं। संविधान के हिसाब से अनुसूचित जाति की सूची में हरिजन, धोबी, मझवार, पासी आते हैं। मांझी, केवट, मल्लाह को मझवार में गिना है। इसी के आधार पर केवट मल्लाह, माझी को मझवार में गिना जाए। भर नियमतः अनुसूचित में आते हैं। वह अनुसूचित का प्रचार नही कर रहे हैं, वह पिछड़े में बटवारा चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वर्ग-3 की जमीन का मुद्दा है। जिसे हम अंग्रेजों ने दिया था। वर्ग-3 की जमीन का मतलब तालाब आदि की भूमि। जो पहले निषादों के नाम दर्ज होती थी, जिससे वो जीवन यापन कर सके। बसपा के समय इसे वायस ले लिया गया। जिसे फिर से वापस दिलाने की मांग है।

### शहीद दिवस पर आप की छात्र विंग का प्रदेशव्यापी शिक्षा अभियान

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश की छात्र विंग ने सोमवार को शहीद दिवस पर प्रदेशभर में शिक्षा और युवाओं के मुद्दों को लेकर अभियान की शुरुआत की। लखनऊ में इसकी शुरुआत लखनऊ विश्वविद्यालय से की गई, जहां छात्र-युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए छात्र विंग के प्रदेश महासचिव अनित रावत ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को भगत सिंह और डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों से जोड़ना है, ताकि समाज में शिक्षा, समानता और अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि संगठन गांव-गांव और शहर-शहर जाकर संवाद और जनसंपर्क के जरिए शिक्षा की अलख जगाएगा। अनित रावत ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार युवाओं को शिक्षा, रोजगार और समान अवसर जैसे मूल मुद्दों से भटका रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में लोकतांत्रिक माहौल को कमजोर करने और छात्रों की आवाज दबाने की कोशिशें हो रही हैं, जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि देश का युवा आज बेरोजगारी, महंगी शिक्षा और अवसरों की कमी से जूझ रहा है। ऐसे में भगत सिंह के क्रांतिकारी विचार और बाबा साहब के सामाजिक न्याय के सिद्धांत ही युवाओं को सही दिशा दे सकते हैं।

# देश की आजादी अनगिनत बलिदानों और संघर्षों का परिणाम

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में सोमवार को जन भवन स्थित गांधी सभागार में शहीद दिवस और डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव तथा डॉ. लोहिया के जीवन और योगदान पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने भावुक होकर देखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल के विशेष सचिव



■ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग को श्रद्धांजलि अर्पित की

श्रीप्रकाश गुप्ता ने कहा कि देश की आजादी अनगिनत बलिदानों और संघर्षों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अनेक परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोकर स्वतंत्रता की कीमत चुकाई है, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम उनके त्याग को सदैव स्मरण रखें और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानें। उन्होंने ऐतिहासिक घटनाओं जैसे साइमन कमीशन के विरोध, जलियांवाला बाग कांड, लाला लाजपत राय पर लाठीचार्ज और केंद्रीय असेंबली में बम फेंकने की घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार ब्रिटिश शासन ने इन क्रांतिकारियों को कठोर दंड दिया। उन्होंने भगत सिंह के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि विचारों को कभी समाप्त नहीं किया जा सकता, वे हमेशा जीवित रहते हैं।

अपने संबोधन में उन्होंने डॉ. राम मनोहर लोहिया को एक महान समाजवादी चिंतक और स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण नेता के रूप में याद किया। कार्यक्रम में विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) डॉ. पंकज एल- जानी, विशेष कार्याधिकारी अशोक देसाई, जन भवन के अधिकारी-कर्मचारी, आदर्श माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 30 हजार रुपये के विवाद में डंडे से पीटकर की थी हत्या, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कंझावला इलाके में एक उधार के रुपये नहीं देने पर हुए विवाद में एक व्यक्ति की डंडा मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी दिनेश को गिरफ्तार करके वारदात में इस्तेमाल डंडा भी जब्त कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते 16 मार्च को कंझावला पुलिस को झगड़े की एक पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि खसरा नंबर 142, स्पिरिट जिम के पास, कंझावला में परिवार के साथ रहने वाले अगलू (55) को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद अगलू को सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां गंभीर चोट लगने के कारण डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

पुलिस को अगलू की पत्नी सविता ने बताया कि झगड़ा 30 हजार रुपये के पारिवारिक विवाद के कारण हुआ था, जो उसने और अगलू ने दिनेश नाम के एक व्यक्ति से उधार लिए थे। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी सार्थक त्यागी की देखरेख में एसएचओ कृष्ण कुमार के निर्देशन में इंस्पेक्टर सुरेन्द्र की टीम ने क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। वारदात वाली जगह के आने जाने वाले रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। दिनेश के कई ठिकानों पर छापेमारी की। पता चला कि वह बिहार भाग सकता है। पुलिस टीम को समस्तीपुर बिहार भेजा गया। मगर वो वहां पर नहीं पहुंचा था। इलाके के आस-पास रेहड़ी-पटरी वालों, 'आईज एंड इयर्स' (आँखें और कान) योजना के सदस्यों और कबाड़ बीनने वालों से गहन स्थानीय पूछताछ की। एक पुख्ता जानकारी के बाद दिनेश को कंझावला औद्योगिक क्षेत्र के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## मुरथल से पराठे खाकर लौट रहे दो की दुर्घटना मे मौत, पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली से मुरथल परांठे खाने गए 7 दोस्त सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए, उनमे से दो की जान चली गयी जबकि पांच का इलाज अस्पताल मे चल रहा है स हादसा सोमवार तड़के करीब चार बजे सोनीपत शहर में नेशनल हाईवे पर डिवाइडर कार टकराने से हुआ है। मृतकों की पहचान बिलाल और उसके दोस्त विशाल के रूप में हुई है, जो दिल्ली के चांद बाग, भजनपुरा के रहने वाले थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि परि. जनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह सातों दोस्त मुरथल जाते समय काफी खुश थे वह इस बात से अनजान थे कि यह यात्रा उनके जीवन मे एक जख्म बन जाएगी।

बिलाल के चाचा मोहम्मद अकरम ने बताया कि उसका भतीजा बिलाल अपने छह दोस्तों के साथ रात करीब 1 बजे दिल्ली से मुरथल परांठे खाने के लिए निकला था। सभी दोस्तों ने मुरथल में खाना खाया और वापस दिल्ली लौटने लगे।

मुरथल से लौटते समय जैसे ही उनकी कार सोनीपत के राई थाना क्षेत्र के पास पहुंची, अचानक गाड़ी बेक. ाबू हो गई थी।और डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार चला रहे बिलाल और उसके दोस्त विशाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य पांच दोस्तों को हल्की चोटें आई हैं स

मृतक बिलाल (25) की एक साल पहले ही सगाई हुई थी और जल्द ही उसकी शादी होने वाली थी। हालांकि शादी की तारीख अभी तय नहीं हुई थी। बिलाल के पिता का वर्ष 2010 में हार्ट अटैक से निधन हो चुका है।

परिवार में उसकी मां, भाई और बहन हैं, जिन पर अब दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। दूसरे मृतक विशाल (24) के परिवार में भी इस हादसे के बाद शोक का माहौल है।मुरथल में परांठे खाने और पार्टी करने के चक्कर में एनसीआर के कई युवा अपनी जान गंवा चुके हैं।

## लावारिस ई-रिक्शा पर उठ रहे सवाल

**नई दिल्ली।** शाहदरा डिस्ट्रिक के जीटीबी एन्क्लेव थाना क्षेत्र मे डीडीए की जमीन पर खड़ा एक लावारिस ई-रिक्शा लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है, माना जा रहा है इस रिक्शे को चोरी करके यहां लाया गया है जिसके बाद इसके पाट्र्स और बैटरी खोलकर ले जाए गए है अब केवल इसकी बॉडी ही बची है। चन्द्रकला गैस एजेंसी के पास पड़ी डीडीए की खाली जमीन पर पिछले पांच दिनों से यह ई-रिक्शा यहां खड़ा है जिसके पाट्र्स और बैटरी कोई निकाल कर ले गया स इस जगह पर महिलाये गोबर के उपले बनाती है उन्होंने बताया की कोई इसे करीब पांच दिन पहले यहां खड़े देखा था और उसके बाद इसे लेने कोई नहीं आया अब कोई इसके पाट्र्स खोलकर ले गया है स यह घटना सवाल खड़े करती है कि इस तरह लावारिस ई-रिक्शे की तरफ पुलिस का कोई ध्यान नहीं गया जबकि यहां लोगो की आवाजाई लगी रहती है।

## भाजपा सरकार में आर्थिक विकास की रफ्तार तेज : सूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया की दिल्ली के ताजा आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 से यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि राजधानी की अर्थव्यवस्था अब अधिक सुदृढ़, गतिशील और तीव्र विकास की दिशा में अग्रसर है।

025-26 में दिल्ली की आर्थिक विकास दर 8.53% दर्ज की गई है, जो पूर्ववर्ती सरकार के दौरान वर्ष 2023-24 में 7.4% तथा 2024-25 में 6.21% थी। जो इस बात के प्रमाण है की वर्तमान सरकार के नेतृत्व में विकास की गति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।उन्होंने आगे कहा कि 8.53% की यह विकास दर राष्ट्रीय औसत 7.4% से अधिक है। जबकि 2023-24 और 2024-25 में दिल्ली की विकास दर क्रमश: 7.4% और 6.21% रही, जो उस समय राष्ट्रीय विकास दर (9.2% और 6.5%) से कम थी। एक विकसित अर्थव्यवस्था होने के नाते दिल्ली का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर हुआ है। मंत्री ने आगे बताया कि प्रति व्यक्ति आय में भी वर्ष 2025-26 में 7.09% की वृद्धि दर्ज की गई है, जो आम नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार का संकेत है। कर संग्रह में 15.5% की वृद्धि मजबूत आर्थिक गतिविधियों का बताता है। साथ ही, वर्ष 2025-26 में पूंजीगत व्यय में 2024-25 की तुलना में 145% की अभूतपूर्व वृद्धि सरकार की विकास के प्रति स्पष्ट नीयत और प्रतिबद्धता को दर्शाती है।शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में "सबका साथ, सबका विकास" के सिद्धांत के अनुरूप, वर्ष 2025-26 के बजट की 17% राशि सामाजिक सुरक्षा एवं जनकल्याण पर व्यय किया की गई है।

## मुख्यमंत्री ने किया सरदार भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के शहीद दिवस पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पार्लियामेंट स्ट्रीट स्थित आरसीएस कार्यालय में उनकी भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही परिसर में पुनर्निर्मित 'ऐतिहासिक कोर्ट ट्रायल रूम' का भी उद्घाटन किया गया। यह वही ऐतिहासिक स्थान है, जहां स्वतंत्रता संग्राम के दौरान शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव पर मुकदमा चलाया गया था। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा, शहीद भगत सिंह के पोते यादविंदर सिंह संधू सहित अन्य गणमान्यजन और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 23 मार्च का दिन पूरे देश के लिए गर्व और भावनात्मक स्मरण का अवसर है।

यह दिन हमें उन वीर स्वतंत्रता सेना. नियों के सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। आज इस ऐतिहासिक परिसर में उन स्मृतियों को पुनर्जीवित होते देखना हर भारतीय के लिए गर्व और भावनाओं से भर देने वाला क्षण है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक स्थल का संरक्षण और पुनरुद्धार केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि राष्ट्र की विरासत को सहेजने का महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे आने वाली पीढ़ियां स्वतंत्रता संग्राम के उस गौरवशाली इतिहास को समझ सकेंगी। प्रत्येक भारतीय को इस स्थल का अवश्य भ्रमण करना चाहिए, ताकि वे स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और संघर्ष को निकट से अनुभव कर सकें। शहीद भगत सिंह की यह प्रतिमा युवाओं और आने वाली पीढ़ियों को अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने और राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने की प्रेरणा देती रहेगी। इस अवसर पर समाज कल्याण एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि जहां कभी इंकलाब के नारे गूंजा करते थे, जहां कभी शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी की पेशी हुआ करती थी, उन ऐतिहासिक पलों से जुड़े तथ्यों को हमने सहेजने का प्रयास किया है।



मुख्यमत्री रेखा गुप्ता सिरदार भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण करते हुए।

## वीरों की भव्य गाथा हस्तिनापुर के वीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोनी सब, अपना मेगा शो हस्तिनापुर के वीर पेश करने जा रहा है। यह एक दमदार कहानी है साहस, अनुशासन और कालातीत मूल्यों की। इस महागाथा में दिखाया जाएगा कि कैसे धैर्य, भाईचारा और एक सशक्त माँ का मार्गदर्शन उन योद्धाओं को गढ़ता है, जिन्होंने इतिहास पर अमिट छाप छोड़ी।

दर्शकों में उत्साह बढ़ाने के लिए सोनी सब ने एक दिलचस्प प्रोमो लॉन्च किया है, जो इस सफर को खूबसूरती से दिखाता है। यह प्रोमो पहले ही दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया पा रहा है। हस्तिनापुर की भव्य पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो एकता, धर्म और दृढ़ता की कहानी को जीवंत करता है। यह बताता है कि महानायक पैदा नहीं होते, उन्हें बनाया जाता है।

## नेपाली गैंग का बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस की एसटीएफ ने विशाल / नेपाली गैंग के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है।आरोपी पहले भी लूट, सेंधमारी, झपटमारी और आर्म्स एक्ट के 26 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।उसे पहले भी आर्म्स एक्ट के तीन मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है।

दिल्ली की उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि 20.मार्च को एसटीएफ उत्तर-पश्चिमी जिला को एक विशिष्ट खुफिया जानकारी मिली कि एक आपराधिक मामले में शामिल विशाल उर्फ नेपाली गैंग का एक सक्रिय सदस्य, जो कि एक वांछित आरोपी है। वह इलाके में मौजूद है।इस जानकारी पर कार्रवाई करते हुए एसीपी राजीव कुमार की देखरेख में ,इंस्पेक्टर संदीप यादव के नेतृत्व में टीम ने मैनुअल और तकनीकी निगरानी का इस्तेमाल कर आरोपी अमित / एरोज / अंग्रेज (26) को गिरफ्तार कर लिया।यह आरोपी शालीमार बाग थाने के मामले में वांछित था। पुलिस पूछताछ के दौरान,आरोपी ने मौजूदा मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसने आगे बताया कि कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए वह काफी समय से गिरफ्तारी से बचता फिर रहा था। उसके आपराधिक इतिहास की जाँच से पता चला कि वह लूट, सेंधमारी, झपटमारी और आर्म्स एक्ट से जुड़े 26 पिछले मामलों में शामिल रहा है।

## चलती बस का एक्सेल टूटा, युवक आया चपेट में

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके में एक सडक हादसे में डीटीसी की क्लस्टर बस का अचानक से एक्सेल टूट जाने से बस पेड़ और बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में एक युवक आ गया,जिसको गंभीर चोट लगी हैं। पुलिस ने मामला दर्ज करके बस को जब्त करके चालक नरेन्द्र को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगोलपुरी पुलिस को सुबह पुलिस कॉलोनी के पास एक रोड एक्सिडेंट में डीटीसी बस के पेड़ और बिजली के खंभे से टकराने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। बस के आगे के ड्राइवर साइड का एक्सेल टूटा हुआ था। बस की चपेट में मंगोलपुरी का रहने वाला नीतिन आ गया था,जिसको तुरंत नजदीक के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## पाकिस्तानी आतंकी शहजाद भट्टी का गुर्गा पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में बैठकर भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने वाले शाहजाद भट्टी के गुर्गे हरमनदीप सिंह उर्फ हरमन को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और एक काले रंग की स्प्रे पेंट की बोतल बरामद की है। मोबाइल फोन की जांच करने पर पाकिस्तान स्थित आकाओं और उसके विदेश स्थित साथियों के साथ की गई आपत्तिजनक चैट के साथ-साथ उस ग्राफिटी की तस्वीरें और वीडियो मिले। जबकि बोतल का इस्तेमाल वह पंजाब के होशियारपुर स्थित तलवाड़ा में तीन जगहों पर 'टीटीएचघ' लिखने (ग्राफिटी) के लिए किया गया था। पुलिस आरोपी हरमनदीप से उसके भारत के नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्पेशल सेल को सोशल मीडिया पर निगरानी रखते हुए पता चला था कि पाकिस्तान स्थित शाहजाद भट्टी भारत में आतंकी गतिविधियों की योजना बनाने की कोशिश कर रहा था। उसकी इस योजना में अहम भूमिका में हरमनदीप सिंह उर्फ हरमन था। जो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए शाहजाद भट्टी और उसके विदेश स्थित साथियों के साथ लगातार संपर्क में था। एसीपी कैलाश सिंह बिष्ट की देखरेख में इंस्पेक्टर राहुल कुमार, विनीत कुमार तेवतिया और अजीत कुमार के निर्देशन में हरमनदीप को उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया।




केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत दिल्ली विश्वविद्यालय के सतत शिक्षा एवं विस्तार विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में "मास्टर इन टूरिज्म" पाठ्यक्रम की शुरुआत करते हुए।

## वेलनेस टूरिज्म में दुनिया में अग्रणी है भारत: गजेंद्र सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा की वेलनेस टूरिज्म में भारत दुनिया में अग्रणी है। पर्यटन (टूरिज्म) में अब लोग केवल 'डेस्टिनेशन' नहीं, बल्कि 'एक्सपीरियंस' को महत्व देने लगे हैं, जो पर्यटन के बदलते स्वरूप को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अभी भारत की जीडीपी में पर्यटन का योगदान 5% के करीब है जिसे वर्ष 2047 तक 10% तक ले जाना है। शेखावत दिल्ली विश्वविद्यालय के सतत शिक्षा एवं विस्तार विभाग द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्य मंत्री डॉ. सत्यपाल सिंह लोकसभा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. सोरेन एहलर्स और कार्यक्रम के कन्वीनर डीसीईई विभाग के अध्यक्ष प्रो. कुमार आशुतोष थे।

'पर्यटन, सामुदायिक विकास और आजीवन शिक्षा समकालीन भारत में नीतिगत परिप्रेक्ष्य और अवसर' विषय पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में देश-दुनिया के पर्यटन परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा "मास्टर इन टूरिज्म" जैसे पाठ्यक्रम की शुरुआत समयानुकूल और दूरदर्शी कदम है, जो युवाओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने पर्यटन को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बताते हुए कहा कि वैश्विक जीडीपी में इसका योगदान 10% से अधिक है। भारत में पिछले वर्ष लगभग 294 करोड़ से अधिक पर्यटन यात्राओं का आंकड़ा इस क्षेत्र की अपार संभावनाओं को दर्शाता है। उन्होंने यूएनडब्ल्यूटीओ के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत की हिस्सेदारी अभी भी 1% से कम है।

### एक नजर

## भगत सिंह राजगुरु सुखदेव के शहीदी दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** नेशनल पैंथर्स पार्टी दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष और भी बिगड़ी ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव जोली खोसला ने आज शहीदे आजम भगत सिंह राजगुरु सुखदेव जी के शहीद दिवस पर दिन श्रद्धांजलि और मौजूदा सरकार की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का किया धन्यवाद जिन्होंने भगत सिंह जी की प्रतिमा आज वहां लगे जहां भगत सिंह जी का केस की सुनवाई की गई थी हम सब भारतीयों को गर्व है खोसला ने कहा कि 23 मार्च 1982 को प्रोफेसर भीम सिंह जी ने नेशनल पैंथर्स पार्टी का गठन किया जनता को न्याय अधिकार दिलाने के लिए और 12 दिसंबर 2012 को भीम ब्रिगेड की स्थापना की!आज 23 मार्च है आज के दिन ही हर हिंदुस्तानी के दिल में सम्मान के साथ जगह बनाने वाले 'भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव' को लाहौर जेल में तय समय से पहले चुपचाप फांसी दी गई थी।

## मां बेटी ने लगाई सुरक्षा की गुहार



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के जीटीबी एंक्लेव में 779 में रहने वाली विधवा नीलम अपनी बेटी रितिका के साथ अपने फ्लैट फस्ट फ्लोर मे रहती है । उनकी ग्राउंड फ्लोर पर दो दुकाने हैं जीएसटी रजिस्टर है। मां- बेटी को, परिवार के ही सदस्य अराजक तत्वों के साथ मिलकर, मां -बेटी को तरह-तरह से तंग भी करते हैं नीलम और बेटी रितिका ने दिल्ली पुलिस में शिकायत भी की है। नीलम ने बताया कि पहले वह अपनी सुरक्षा के खातिर सीसीटीवी कैमरा लगा रही थी। लेकिन परिवार के ही लोगो ने उनको कैमरा नहीं लगाने दिये और उनकी जो दुकाने है उनके दुकानों के ताले तोड़कर अपने ताले लगा लिए और मारधाड़ भी की दुकान में अभी भी बोर्ड लगे हैं जिसके हटाने के लिए को धमकाया जा रहा है । नीलम ने इस बारे में दिल्ली पुलिस के जीटीबी थाने में शिकायत भी दर्ज की है।

## सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन लांच किया

**नई दिल्ली।** नवाचार पर आधारित एक वैश्विक लाइफसाइंसेज कंपनी जाइडस लाइफसाइंसेज ने भारत में पेटेंट खत्म होने के बाद सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन को सेमाग्लिन टीएम, माशेमा टीएम और अल्टरमे टीएम ब्रांड नामों से लॉन्च किया है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने पहले ही टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस और मोटापे के इलाज के लिए इस इंजेक्शन की मैन्युफैक्चरिंग और मार्केटिंग की मंजूरी दे दी थी। मौजूदा इलाज के तरीकों में मरीजों को अक्सर डोज धीरे-धीरे बढ़ाने के साथ कई सिंगल-डोज पेन खरीदने पड़ते हैं, लेकिन जाइडस ने एक नया और अलग तरह का दोबारा इस्तेमाल होने वाला मल्टी-डोज पेन पेश किया है। इस पेन की मदद से डॉक्टर और मरीज एक ही पेन से अलग-अलग डोज आसानी से चुनकर ले सकेंगे। इससे इलाज को जारी रखना आसान होगा, सुविधा बढ़ेगी और कुल खर्च भी काफी कम हो जाएगा।

## फरसा वाले बाबा की मौत पर दुख जताया



**नई दिल्ली।** यह गौ या संत की हत्या नहीं, सनातन की हत्या है, 'फरसा वाले बाबा' की मौत पर बोले-चरणजीव मल्हौत्रा मथुरा में गोरक्षक चंद्रशेखर उर्फ 'फरसा वाले बाबा' की मौत पर विख्यात गोरक्षक एवं कोरोना योद्धा चरणजीव मल्हौत्रा ने दुख जताया ।

उन्होंने इस घटना को दुखद बताते हुए कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि बाबा की हत्या हुई है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। चरणजीव मल्हौत्रा ने कहा कि मथुरा में जो गौ रक्षक चंद्रशेखर बाबा 'फरसा वाले बाबा' का गौ तस्करों ने हत्या कर दी। ये दुखद है, कुछ दिन पहले गोवर्धन में गौ हत्या की बात सुनी थी, फिर कुछ दिन पूर्व वृंदावन के आसपास गौ हत्या की बात सुनी थी। आज फिर से यही घटना सुनने को मिली और आज तो गौ रक्षक बाबा को मार दिया गया। अब ये घटना है या सोची समझी हत्या है। इसकी जांच होनी चाहिए और ईमानदारी से जांच होनी चाहिए।

## पुरानी रंजिश में किया किशोर पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोनिया विहार थाना क्षेत्र स्थित चौहान पट्टी इलाके में शनिवार को पुरानी रंजिश के चलते एक 15 वर्षीय किशोर पर दिनदहाड़े चाकू से जानलेवा हमला किया गया। खून से लथपथ हालत में किशोर को पहले जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां से स्थिति गंभीर होने पर उसे जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शनिवार को हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरो. पियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित की पहचान सोनिया विहार के ढाई पुश्ता निवासी 15 वर्षीय शिवा के रूप में हुई है। वह मूल रूप से गोरखपुर का रहने वाला है। दिल्ली में रहकर कबाड़ी मार्केट में दिहाड़ी मजदूरी करता है। पीड़ित ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि करीब 10 दिन पहले चौथे पुश्ता निवासी अरमान और अर्जुन से गाली-गलौज व झगड़ा हुआ था। उस वक्त भी आरोपियों ने उसे थप्पड़ मारा था और जान से मारने की धमकी दी थी। 21 मार्च की दोपहर करीब 2 बजे जब शिवा किसी काम से चौहान पट्टी जा रहा था, तभी एक काले रंग की बाइक पर सवार होकर आरिफ, अर्जुन, अरमान और अजाज वहां पहुंचे। बाइक आरिफ चला रहा था। आरोपियों ने शिवा का रास्ता रोक लिया। पुरानी रंजिश के चलते आरिफ और अजाज ने शिवा को पकड़ लिया, जिसके बाद अर्जुन ने उसकी गर्दन और बाईं कोहनी पर चाकू से जानलेवा वार किए।

वहीं, अरमान ने उसकी पीठ पर वार किए। बचाव के दौरान शिवा के हाथों पर भी चाकू के गहरे घाव लगे हैं। हमले के बाद शिवा लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा और चारों आरा. ेपी उसे धमकाते हुए मौके से भाग निकले। पीसीआर कॉल मिलने पर सोनिया विहार पुलिस मौके पर पहुंची और घायल के बयान दर्ज किया गया। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## ए.आर. रहमान को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान ने भारतीय संगीत को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यामामोटो ताकेतोशी, मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा, संगीत यामाहा म्यूजिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सोच के केंद्र में है। भारत की समृद्ध संगीत विरासत को वैश्विक पहचान मिलनी चाहिए।

ए.आर. रहमान ने कहा, यामाहा म्यूजिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड हमेशा से गुणवत्ता, सटीकता और विश्वसनीयता का प्रतीक रहा है। मुझे ऐसे ब्रांड के साथ जुड़कर गर्व है जिसकी विरासत संगीत उत्कृष्टता पर आधारित है और जिसका श्मेड इन इंडिया दृष्टिकोण गुणवत्तापूर्ण वाद्ययंत्रों को अधिक सुलभ बना रहा है।

## रथ यात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** श्री चैतन्य गौड़ीय मठ की नई दिल्ली शाखा के भक्त, अपने स्थानीय पहाड़गंज केंद्र पर, भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु और श्री राधा श्याम सुंदर जी के 20वें प्राकट्य दिवस को पूरे उत्साह और आध्यात्मिक श्रद्धा के साथ मना रहे हैं। इस शुभ अवसर पर परम पूज्य श्री भक्ति विचार विष्णु महाराज और कई विश्व-प्रसिद्ध विद्वानों तथा वैष्णवों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से शोभा बढ़ाई।

दोपहर लगभग 3:30 बजे पहाड़गंज केंद्र से एक विशाल रथ यात्रा शुरू हुई। इसमें 1000 से भी अधिक भक्तों ने भाग लिया। भक्तों के विभिन्न समूहों द्वारा किया गया संकीर्तन, बैंड-वादकों और संगीतक. ारों के साथ-साथ, इस शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण था। दिल्ली के साथ-साथ पंजाब, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से आए भक्त भी इस शोभायात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा पहाड़गंज की विभिन्न सड़कोंख्जैसे डी.बी. गुप्ता रोड, चूना मंडी, चौक छे टूटी, मेन बाजार और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से होकर गुजरी।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में

# हैकाथॉन 2.0 का हुआ सफल समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित एसजीयू हैकाथॉन 2.0 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस तकनीकी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने नवाचार, तकनीकी कौशल एवं रचनात्मक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हैकाथॉन के द्वितीय दिवस पर प्रतिभागियों ने अपने प्रोजेक्ट्स एवं अभिनव समाधानों को निर्णायक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया, जिनमें तकनीकी नवीनता, व्यावहारिक उपयोगिता एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान की स्पष्ट झलक देखने को मिली। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के कार्य का गहन मूल्यांकन करते हुए उनके आइडिया, कार्यान्वयन एवं प्रस्तुति के आधार पर उनका आकलन किया। कुलपति प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार, रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. राजीव रतन, सुभाष शर्मा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को क्रमशः 31,000, 21,000 एवं 11,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त HACKINDIA द्वारा प्रतिभागियों को +3,000 (यूएस डॉलर) तक के अतिरिक्त लाभ एवं अवसर प्रदान किए गए, तथा TechSpire एवं Sharp Economy द्वारा भी आकर्षक चमतो दिए गए।

इस अवसर पर PJMT के बोर्ड मेंबर संदीप नांगर एवं यतेन्द्र मलिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सुन्दरदीप एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन एवं एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल, उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर (शैक्षणिक) विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार एवं रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. राजीव रतन ने इस तकनीकी पहल की सराहना की तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समापन समारोह के अंत में कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष वंदना शर्मा द्वारा धन्यवाद किया गया, जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन, अतिथियों, निर्णायक मंडल, प्रतिभागियों एवं आयोजन टीम के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अकील मेंबर ने दी ईद की मुबारकबाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं सभासद अकील मेंबर ने सभी क्षेत्रीय लोगों अपने घर पर बुलाकर ईद की मुबारकबाद दी साथ ही सभी से अपील की है कि ईद का त्यौहार आपसी भाईचारे को बढ़ाने वाला है इसलिए सभी मिलजुल कर ईद मनाए और इस मौके पर हिंदू मुस्लिम एकता को मजबूत करें। जो कुछ अराजक तत्व राजनीति के चलते माहौल बिगड़ने की कोशिश करते हैं उन्हें उनके मंसूबों को सफल नहीं होना दिया जाए। कहा कि सदियों से हिंदुस्तान में सभी वर्गों के लोग एक दूसरों के धर्म का आदर करते हुए सभी के पर्वों में शामिल होते हुए आए हैं इसलिए इस भाईचारे को हम लोगों को आगे भी जारी रखना होगा।तभी जाकर हमारा देश मजबूत होगा और सांप्रदायिक ताकतो को हराना की जिम्मेदारी हम सभी को लेनी होगी।

## एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा आईटीएस कॉलेज में मनाया गया शहीद दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आई.टी.एस में सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन संस्था एवं एन.एस.एस. इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा शहीद दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की विषय-वस्तु क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करना रही। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव सहित देश के महान युवा क्रांतिकारियों के सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया। कार्यक्रम के अंतर्गत इन महान क्रांतिकारियों के जीवन पर गोष्ठियों का आयोजन किया गया।

इस माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन, कार्यशैली और उनके आदर्शों के बारे में जानकारी दी गई, जिससे युवा पीढ़ी में कृतज्ञता, सम्मान और कर्तव्य भावना का विकास हुआ। इनकी जीवनी से प्रेरित होकर युवाओं में देशप्रेम और राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार हुआ। आई.टी.एस की प्राचार्या डॉ. नैंसी शर्मा (स्नातक परिसर) ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आज ही के दिन 23 मार्च को देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फाँसी दी गई थी। उन्होंने हँसते-हँसते अपने प्राणों का बलिदान देश की आजादी के लिए न्योछावर कर दिया। उनका यह बलिदान देश सदैव स्मरण रखेगा। इस कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक एवं कर्मचारीगण, जिनमें प्रो. अमित शर्मा, डॉ. नीरज कुमार जैन, विकास त्यागी, डॉ. संदीप गर्ग, प्रो. विकास कुमार, प्रो. आदिल खान, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, प्रो. प्रशांत त्यागी सहित बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रमों के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

## शहीद नगर वॉर्ड 34 में विकास कार्यों का किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** शहीद नगर वॉर्ड 34 में निगम पार्षद खुर्शीदा कल्लन के द्वारा जी ब्लॉक समाजसेवी काजल भाई वाली गली में नाली व सी सी रोड़ के निर्माण कार्य के काम का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कॉलोनी वासियों के द्वारा हाजी मो कल्लन को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्यरूप से समाजसेवी काजल भाई वरिष्ठ नेता साबिर भाई मोहम्मद अजीम मंसूरी शाबुद्दीन सैफी बब्बू भाई निसार अहमद शदाब भाई अनस भाई यासिन आसाम बिट्टू सेट्रिंग वाले हबीब वाहिद शौकीन नन्नू अंसारी शकील खाँ शाहनवाज आदि उपस्थित रहें।

## आपसी भाईचारे, अमन-चैन और खुशहाली का प्रतीक है ईद: शहाबुद्दीन सैफी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** ईद-उल-फितर के अवसर पर समाजसेवी शहाबुद्दीन सैफी ने सभी प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि ईद-उल-फितर आपसी भाईचारे, अमन-चैन और खुशहाली का प्रतीक है। जिसे सभी को मिल-जुलकर शांति और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के करीब आने और जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा देता है। ईद का असली संदेश प्रेम, करुणा और इंसानियत को बढ़ावा देना है।

इस दौरान क्षेत्र के कई लोग उपस्थित रहे और सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम में साबिर सैफी, शाकिब सैफी, शारिक सैफी, शाहिब सैफी, सोनू सैफी, आमिर, इमरान, मुन्नू सैफी, मोमिन भाई, शहबाज खान और साहिद खान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर त्योहार की खुशियां साझा कीं और समाज में भाईचारे एवं सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

## चैत्र नवरात्रि पर 'एक आवाज ट्रस्ट' ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर एक आवाज ट्रस्ट एवं संस्कृति कला स्थल द्वारा मोदीनगर में संस्था का प्रथम सांस्कृतिक कार्यक्रम भव्य स्तर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृति कला स्थल की संस्थापक चौधरी सुनीता सिंह व अध्यक्षता एक आवाज ट्रस्ट की संस्थापक सुमन चौधरी द्वारा की गई। केकार्यक्रम में विधायक डॉ. मंजू शिवाच बतौर मुख्यतिथि मौजूद रही। इसके अलावा साथ ही कार्यक्रम में दिनेश चौधरी (अध्यक्ष, जाट समाज सेवार्थ संस्था), सुभाष सांगवान (अध्यक्ष, जाट समाज), योगेश कुमार फफराना, कपिल देव चौधरी (अध्यक्ष, बैनामा लेखक संघ) एवं पंकज चौधरी (ओनर, गुनगुन फार्म हाउस) सहित अनेक गणमान्य लोग बतौर अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य कलाकारों में मुकेश तिवारी, अनुराग झा एवं प्रेरणा बस्सी (कथक नृत्यांगना) की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम संयोजक के रूप में दिनेश चौधरी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त सतेंद्र तोमर, वीरेंद्र डागर, अनुप्रित कौर, सीमा अरोड़ा सहित क्षेत्र के अनेक सम्मानित नागरिक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक भव्यता प्रदान की।

## आईटीएस डेंटल कॉलेज में बीडीएस इंटर्न्स के लिएक्लीनिकल एकेडमिक एनहांसमेंट कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के ओरल सर्जरी, पीरियडोनटोलॉजी एवं पीडीऐट्रिक एवं प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभागों के द्वारा बीडीएस इंटर्न्स के लिये दो दिवसीय क्लीनिकल एकेडमिक एनहांसमेंट कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 92 इंटर्न्स ने भाग लिया, जिसमें तीन समूहों में विभाजित किया गया। आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के क्लीनिकल ज्ञान को सुदृढ़ करना तथा उन्हें दंत चिकित्सा की नवीनतम उपचार तकनीकों से अवगत कराना था। ओरल सर्जरी विभाग द्वारा विभिन्न मैनेजमेंट ऑफ डेन्टोफेशियल ट्रामा विद क्लोज्ड रिडक्शन विषय पर व्याख्यान एवं डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किए गये। विशेष वक्ता डॉ. रोहित पूंगा, प्रोफेसर एंड सीनियर कंसलटेंट, स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज, शारदा विष्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा द्वारा स्मार्ट एक्सट्रैशन्स: आधुनिक एक्सोडॉन्टिया में तकनीकों का एकीकरण विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई तथा हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया। विशेष वक्ता डॉ. मीनू तनेजा भसीन, प्रोफेसर, सुधा रस्तोगी डेन्टल कॉलेज, फरीदाबाद द्वारा लेजर तथा सर्जिकल ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप पर लेक्चर प्रस्तुत किया गया, जिसमें दौरान मरीजों पर लेजर डिपिग्मेंटेशन और फ्रेनेक्टॉमी जैसी सर्जिकल प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया।

## मंथन - संपूर्ण विकास केंद्र द्वारा संस्कारनिवल के माध्यम से बच्चों में संस्कृति, उत्साह और दिव्यता का संचार

**गाजियाबाद।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के मंथन संपूर्ण विकास केंद्र प्रकल्प के अंतर्गत संस्कारनिवल का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं सकारात्मक सोच का विकास करना रहा। यह विशेष कार्यशाला का वार्षिकोत्सव था। कार्यक्रम की शुरुआत ध्यान शिविर, योग एवं जुम्बा सत्र से हुई, जिसने बच्चों में ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। इसके पश्चात "अक्षरों से शब्द निर्माण" गतिविधि के माध्यम से बच्चों की बौद्धिक क्षमता को विकसित किया गया।

## आज इंडिया जाट संगठन ने किया समाज के होनहारों को सम्मानित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** ऑल इंडिया जाट संगठन ने आर्मी में लेफ्टिनेंट बनने व पावरलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीतने वाले जाट समाज के दो होनहार युवाओं को सम्मानित किया। जाट संगठन के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक रविन्द्र नेहरा व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रूपेश पुनिया ने बताया कि मोदीनगर की संतपुरा कॉलोनी निवासी रविन्द्र चौधरी के पुत्र लोचन चौधरी को सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर सम्मानित किया गया साथ ही उनके पिता वीरेंद्र चौधरी का भी पटका पहनाकर सम्मान किया गया।

साथ ही राष्ट्रीय खिलाड़ी बीएसएफ में एएसआई प्रदीप कुमार की बिटिया शगुन चौधरी ने जम्मू में हुई पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया है उसकी इन उपलब्धि पर शगुन को भी प्रतीक देकर सम्मानित किया गया है। सभी ने जाट समाज का नाम रोशन करने वाले दोनों युवकों की भरपूर प्रशंसा करते हुए उन्हें समाज के अन्य बच्चों के लिए एक उदाहरण पेश करने वाला बताया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुख्य संरक्षक चौधरी रविंद्र नेहरा जी अध्यक्ष डॉक्टर रुपेश पूनिया उपाध्यक्ष संजय चौधरी महासचिव दीपक चौधरी मुख्य सलाहकार बीपी सिंह बालियान मोदीनगर अध्यक्ष सौदान चिकारा कोषाध्यक्ष कृष्ण वीर संरक्षक घनश्याम बेनीवाल चौधरी नरेश पाल कार्यकारी सदस्य बिट्टू चौधरी चौधरी नरेंद्र सिंह चौधरी नफे सिंह युवा अध्यक्ष दीपक सांगवान एडवोकेट अरुण चौधरी विराट सांगवान चंद्रपाल फौजी चौधरी बलवान सिंह चौधरी जगबीर सिंह चौधरी पवन तहसील अध्यक्ष कपिल चौधरी,सचिव दलबीर चौधरी आदि मौजूद रहे।

## धौलाना विधानसभा में ईद-उल-फितर पर गूंजा भाईचारे और सद्भाव का संदेश



विधायक धर्मेश तोमर ने मुस्लिमो के बीच पहुँच कर दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी धौलाना विधायक धर्मेश तोमर ने विधानसभा धौलाना के अंतर्गत इंदरगढ़ी, मसूरी, खिचरा, हावल और सिखेड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूरे क्षेत्र में आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का अद्भुत माहौल देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की खुशियां साझा कीं, जो सामाजिक एकता की मिसाल पेश करता है।स्थानीय विधायक मसूरी में पूर्व प्रधान फरियाद और डॉ यामीन के आवास पर इन्द्रगढ़ी में नईम चौधरी के आवास पहुँचे और ईद की बधाई दी। इस शुभ अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। ईद का यह पवित्र पर्व हम सभी के जीवन में खुशियां, अमन और तरक्की लेकर आए।

## सपाईयों द्वारा डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती व शहीदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिला व महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में लोहिया पार्क, लोहिया नगर में महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर समाजवादी विचारक और जननायक डॉ. राम मनोहर लोहिया जी की जयंती व शहीद दिवस पर पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए उनकी प्रतिमा/ एवं चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने अपने वक्तव्य में कहा लोहिया जी के 'सप्त क्रांति' के विचारों को दोहराया और उन्हें धरातल पर उतारने का संकल्प लिया। वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने विचार गोष्टि को संबोधित करते हुए कहा कि लोहिया जी का जीवन शोषितों और वंचितों के हक की लड़ाई के लिए समर्पित था। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, एडवोकेट महानगर महासचिव राजेंद्र कश्यप, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर भुवन भास्कर जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा राज देवी चौधरी, इरफान अमानत चौधरी, मधु चौधरी, दुर्गेश चौधरी, किरण कालिया, पुष्पा शर्मा, अनीता कश्यप, पूनम सिंह, ठाकुर विक्की सिंह, असलम कुरैशी, संदीप प्रधान, राजवीर सिंह गौतम, ताहिर हुसैन, अंशु ठाकुर, कमलेश चौधरी, शाहनवाज खान, साजिद सैफी, वीरेंद्र यादव नवीन कुमार शर्मा रिजवान चौधरी राहुल रावत उपस्थित रहे।

## कृष्ण कथा ज्ञान गंगा में अधिक से अधिक पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं श्रद्धालु: विधायक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** आगामी 27 से 29 मार्च को हापुड़ रोड स्थित एवीएस गार्डन में आयोजित होने जा रही कृष्ण कथा ज्ञान गंगा एवं विराट कवि सम्मेलन के सम्बन्ध में आयोजित पत्रकार वार्ता में क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच एव चेयरमेन विनोद वैशाली ने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि नगर में प्रथम बार कृष्ण कथा का आयोजन होने जा रहा है जिसमें केंद्रीय मंत्री भारत सरकार महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा श्री कृष्ण लीलाओं का सुंदर वर्णन किया विधायक जाएगा। उन्होंने कहा कि कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ उठाने के साथ-साथ महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति जी का श्रद्धालु गण आशीर्वाद प्राप्त करें। विधायक एवं पालिका अध्यक्ष ने पत्रकारों से अनुरोध किया कि कथा का अपने समाचार पत्रों एवं चौनल के माध्यम से अधिक से अधिक पप्रचार करें साथ ही महिला संगठनों से भी अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण करने के लिए कथा स्थल पर पहुंचने का आवाहन किया। मंच का संचालन आयोजन कर्ता योगेश गौड़ पत्रकार तथा अध्यक्षता सुरेंद्र गुप्ता पत्रकार ने की। इस अवसर पर मौजूद सभी पत्रकारों एवं गणमान्य लोगों को नगेंद्र कश्यप एवं संजीव चिकारा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दो बार अदा की गई ईद की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** शाही ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई पुलिस प्रशासन के गाइडलाइन को फॉलो करते हुए लोनी की शाही ईद में इस बार दो नमाज हुई। पहली नमाज सुबह 8:15 पर हुई दूसरी नमाज 9:15 इसी के साथ इस्लामी मदरसे में 9.45 पर हुई लोनी के शाही इमाम मुफ्ती शहजाद साहब ने देश व दुनिया में अमन की दुवा की। पुलिस द्वारा दी गई हिदायत के चलते ईदगाह के अंदर ही नमाज अदा की गई ज्यादा पब्लिक होने के चलते दो बार नमाज अदा की गई। इस मौके पर हाजी बाबू कुरैशी साहब हाजी जाकिर अली साहब आबिद अली साहब अकील मेंबर साहब ने सभी को ईद की मुबारक बाद दी और लोनी के पुलिस प्रशासन का भी शुक्रिया अदा किया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण अभियान का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत नंदग्राम में प्रशिक्षण अभियान आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता वीरेन्द्र कंडेरे ने वक्ता के रूप में संगठन की कार्य पद्धति विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। यह कार्यशाला संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी रही। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार कंडेरे पूर्व महानगर कार्यकारिणी सदस्य और डॉ. अभिषेक शर्मा मंडल उपाध्यक्ष नंदग्राम मंडल इस प्रशिक्षण महाअभियान में सम्मिलित हुए।

## गृह कर पीड़ित संघर्ष समिति के द्वारा किया गया बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गृह कर पीड़ित संघर्ष समिति की बैठक का आयोजन विभिन्न व्यापारी संगठनों, एनजीओ एवं आरडबलूए के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने व्यापक रूप से सहभागिता की तथा नगर निगम गाजियाबाद द्वारा प्रस्तावित/लागू की गई गृह कर में अत्यधिक वृद्धि के संबंध में गंभीर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह मत व्यक्त किया गया कि गृह कर में की गई अप्रत्याशित एवं अत्यधिक वृद्धि न केवल विधिसम्मत सिद्धांतों के प्रतिकूल है, अपितु यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का भी उल्लंघन करती है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दिनांक 24 मार्च को मुख्यमंत्री को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। जिसमें गृह कर वृद्धि को निरस्त करने की मांग की जाएगी। इस अवसर पर प्रीतम लाल जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, बालकृष्ण गुप्ता बालू भाई जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल, संजय शर्मा महामंत्री राष्ट्रीय व्यापार मंडल, आशु पंडित महामंत्री राष्ट्रीय व्यापार मंडल, ओम दत्त गुप्ता महानगर अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल , पंकज कार्यकारी अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, राधेश्याम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार, संजय शर्मा जिला अध्यक्ष युवा पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, वीरेंद्र गुप्ता जिला अध्यक्ष संयुक्त व्यापार मंडल, दीपेंद्र गुप्ता पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ,नरेंद्र कुमार गुप्ता नंदी प्रदेश उपाध्यक्ष संयुक्त व्यापार मंडल, पंडित अशोक भारतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय व्यापार मंडल, संदीप त्यागी रस्म एन०जी०ओ०, अजय जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष कवि नगर प्रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, संजय शर्मा मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल आदि उपस्थित रहे।

**संबंध विच्छेद**

मैं लाल मोहम्मद पुत्र साबुदीन निवासी- 210, पूजा कालोनी लोनी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र जाबिर को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों का ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

# मुख्यमंत्री ने पेश किया आर्थिक लेखा-जोखा

**पिछले साल के मुकाबले 9.42 प्रतिशत ज्यादा है, प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर लगभग 5,31,610 रुपये रहने का अनुमान है, जो राष्ट्रीय औसत से करीब ढाई गुना अधिक है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश किया। मुख्यमंत्री ने इसे सदन के पटल पर रखते हुए कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण राजधानी की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, मजबूत बुनियादी ढांचे और जनकल्याणकारी नीतियों का स्पष्ट प्रमाण है।

दिल्ली सरकार का लक्ष्य राजधानी को एक विश्वस्तरीय, समावेशी, न्यायसंगत और रहने योग्य शहर बनाना है ताकि हर नागरिक की आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके। अग्रिम अनुमान के मुताबिक, साल 2025-26 में दिल्ली की अर्थव्यवस्था (जीएसडीपी) मौजूदा कीमतों पर करीब 13,27,055 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है, जो पिछले साल के मुक. ाबले 9.42 प्रतिशत ज्यादा है। प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर लगभग 5,31,610 रुपये रहने का अनुमान है, जो राष्ट्रीय औसत से करीब ढाई गुना अधिक है। हालांकि सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर राष्ट्रीय औसत की तुलना में धीमी रही है।

दिल्ली की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का सबसे बड़ा योगदान है (86.32%), जबकि उद्योग का हिस्सा 12.88% और कृषि का 0.80% है। राज्य का राजस्व अधिशेष भी बरक. रार (रेवेन्यू सरप्लस) है, जो करीब 9661.31 करोड़ रुपये (जीएसडीपी का 0.73%) रहने का अनुमान है। वहीं, एक लाख करोड़ रुपये के कुल बजट में से 59,300 करोड़ रुपये योजनाओं और कार्यक्रमों पर आवंटित किए गए हैं। दिल्ली सरकार द्वारा वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए गए प्रयासों से हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप 'अच्छे दिनों' (अच्छे, संतोषजनक और मध्यम श्रेणी) की संख्या वर्ष 2018 के 159 से बढ़कर 2025 में 200 हो गई है। कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में, शहर में 46 सरकारी पशु चिकित्सालय, 25 औषधालय, एक प्रयोगशाला, एक किसान सूचना केंद्र और तीन मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों का एक मजबूत नेटवर्क मौजूद है। इन केंद्रों पर उपचार सेवाएं लेने वाले पशुओं की संख्या में भी काफी वृद्धि देखी गई है, जो वर्ष 2011-12 के 4,15,986 से बढ़कर मार्च 2026 तक 5,45,754 हो गई है।दिल्ली की अर्थव्यवस्था में विनिर्माण क्षेत्र का महत्वपूर्ण स्थान है, जिसका सकल राज्य मूल्य वर्धन (जीएसवीए) वर्तमान कीमतों पर वर्ष 2024-25 में 45930 करोड़ रुपये और 2025-26 में 50144 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो क्रमशः 6.30% और 9.18% की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। पर्यटन के मामले में, वर्ष 2024 में कुल विदेशी पर्यटक आगमन में 9.55% हिस्सेदारी के साथ दिल्ली ने देश में छठा स्थान प्राप्त किया है।

ऊर्जा क्षेत्र की बात करें तो, दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग वर्ष 2015-16 के 5846 मेगावाट से काफी बढ़कर 2025-26 में 8442 मेगावाट तक पहुंच गई है। पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, जनवरी 2026 तक शहर की कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 509 मेगावाट हो गई है, जिसमें 425 मेगावाट सौर ऊर्जा और 84 मेगावाट अपशिष्ट से ऊर्जा (वेस्ट-टू-एनर्जी) का योगदान है। दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन मुख्य रूप से डीटीसी और क्लस्टर बसों के साथ-साथ डीएमआरसी की मेट्रो रेल पर आधारित है। मेट्रो में वर्तमान में औसत यात्री संख्या लगभग 67 लाख है। बसों की बात करें तो मार्च 2026 तक डीटीसी और परिवहन विभाग के पास कुल 6100 बसों का बेड़ा था, जिसमें 1002 नॉन-एसी सीएनजी, 760 एसी सीएनजी, 2750 बड़ी इलेक्ट्रिक बसें (12 मीटर) और 1588 छोटी इलेक्ट्रिक बसें (9 मीटर) शामिल थीं। विशेष रूप से, इलेक्ट्रिक बसों की संख्या में बड़ी वृद्धि देखी गई है।

## दिल्ली की टीम बनी मेजबान, यूपी उत्तराखंड टीम का हुआ सम्मान

**नई दिल्ली।** श्री देवोत्थान सेवा समिति द्वारा विश्व की ऐतिहासिक 'अस्थि कलश विसर्जन यार्त्रा' के 25 वें सिल्वर जुबली वर्ष में दिल्ली की टीम ने मेजबानी करते हुए पिछले 25 वर्षों से निरंतर सहयोग कर रही टीम के उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के सैकड़ों महानुभावों को सम्मानित किया। कश्मीरी गेट स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के स्पेशल कमिश्नर आईपीएस देवेश चन्द्र श्रीवास्तव, श्रीलंका की अशोक वाटिका के वृक्ष के नीचे बैठकर श्रीराम कथा का श्रवण करने वाले कथा मर्मज्ञ राष्ट्रसंत अजय भाई, श्री राजमाता झंडेवालान मंदिर गोरख पार्क के महंत समिति के अध्यक्ष अनिल नरेंद्र, संगठन मंत्री दीपक गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, दूरदर्शिता और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता नहीं नायक, शासक नहीं सेवक और केवल कार्य नहीं विजन के साथ में काम करने वाले ऐसे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हम सब और दिल्ली के प्रत्येक नागरिक की ओर से हार्दिक बधाई देते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही और समर्पण जैसे मूल्यों को नई पहचान मिली है। उन्होंने अपने कार्य और आचरण के माध्यम से यह सिद्ध किया है कि देश के प्रति निष्ठा और जनता के प्रति कर्तव्य सर्वोपरि हैं। उन्होंने बिना थके 24 गुना 7 दिन देशहित में कार्य करते हुए समर्पित नेतृत्व का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से देश की वैश्विक प्रतिष्ठा, मान-सम्मान और स्वाभिमान में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

उनकी जन-कल्याणकारी नीतियों, प्रभावी विदेश नीति और सुशासन के माध्यम से देश को नई दिशा मिली है। साथ ही, एक सुदृढ़ और सुरक्षित भविष्य की नींव रखी गई है, जिसमें प्रत्येक नागरिक के विकास की संभावनाएं सुनिश्चित हुई हैं।

प्रधानमंत्री जी ने तकनीक के उपयोग, टीमवर्क और भविष्य-केंद्रित सोच के माध्यम से शासन-प्रणाली को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया है। उन्होंने भारत को प्रगति के नए पथ पर अग्रसर किया है।

## सत्या शर्मा ने किया सकरावती क्षेत्र का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्थायी समिति अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने आज नजफगढ़ जोन के नंगली सकरावती क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नजफगढ़ जोन (वार्ड समिति) की अध्यक्ष सविता शर्मा, जोनल उपायुक्त श्री सुमित कुमार तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। स्थायी समिति अध्यक्ष ने क्षेत्र के निर्माणाधीन बायोगैस प्लांट का निरीक्षण किया और कार्य में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए ठेकेदार के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना डेयरी अपशिष्ट के निस्तारण का एक महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक समाधान है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा कार्य को निर्धारित समय-सीमा में प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए।

स्थायी समिति अध्यक्ष ने गोयला डेयरी क्षेत्र का दौरा किया, जहां उन्होंने डेयरियों से निकलने वाले गोबर के निस्तारण की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसी समुचित व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे गोबर नालियों में न डाला जाए और स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित न हो।

निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि पार्क के लिए निर्धारित भूमि का उपयोग डेयरी अपशिष्ट के संग्रहण के लिए किया जा रहा है।



**बिहार स्थापना दिवस को लेकर दिल्ली सचिवालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेते कलाकार।**

## बिहार स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बिहार स्थापना दिवस को लेकर दिल्ली सचिवालय में सोमवार को एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सरकार की ओर से ज्ञान, संस्कृति, धर्म और क्रांति की भूमि बिहार के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। बिहार राज्य का गठन 22 मार्च 1912 में हुआ था।कार्यक्रम का आयोजन कला, संस्कृति एवं भाषा की ओर से साहित्य कला परिषद ने किया। इसमें बिहार का पारंपरिक झिझिया नृत्य का प्रदर्शन कलाकारों ने किया, साथ ही भोजपुरी और मैथिली में संगीत व नृत्य प्रस्तुतियां हुईं। कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' संकल्प की दिशा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में सभी राज्यों के स्थापना दिवस मनाए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय एकता मजबूत होने के साथ भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को एक मंच पर लाने का कार्य किया जा रहा है। कपिल मिश्रा ने कहा कि इसी क्रम में आज भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली और भगवान महावीर की तपस्थली बिहार का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। विश्व को शांति और सुशासन का संदेश देने वाला बिहार, भारत की गौरवशाली विरासत और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। बिहार की समृद्ध संस्कृति और यहाँ की भाषाख्रभोजपुरी, मैथिली और मगहीख्र हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। छठ पूजा जैसे पवित्र पर्व बिहार की आस्था, अनुशासन और प्रकृति के प्रति सम्मान का अद्भुत उदाहरण हैं। दिल्ली सरकार ने पिछले साल भव्य छठ पूजा का आयोजन किया। पहली बार मॉडल छठ घाट बनाये गए और श्रद्धालुओं को कई वर्षों बाद यमुना घाट पर पूजन का अवसर मिला।

## ख्याल रन-दिल्ली चैप्टर आयोजित किया

**नई दिल्ली।** भारत में रनिंग कल्चर लगातार बढ़ रहा है 2025 में सक्रिय धावकों की संख्या 26 लाख से अधिक हो चुकी है। वहीं खघमा. ेशी से होने वाला बेहद खघस और सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिल रहा है। 50 वर्ष से अधिक उम्र के अधिक से अधिक लोग अब दौड़ने के लिए सक्रिय रूप से आगे आए। एजटेक प्लेटफॉर्म, "ख्याल" ने इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए "ख्याल रन दिल्ली चैप्टर" द्वारका में आयोजित किया। इस आयोजन में हर आयु और हर गति के धावकों का स्वागत था लेकिन इसका मूल उद्देश्य "ख्याल" के बड़े मिशन से जुड़ा है: जिसका उद्देश्य ऐसा मंच तैयार करना है, जहाँ 50 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिक स्वयं को लोगों के समक्ष लाएं, समर्थन पाएं और सम्मानित महसूस करें।

## दिल्ली में रेल पटरियों की होगी हाईटेक मेंटेनेंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रेलवे दिल्ली में रेल पटरियों के रखरखाव और सुधार को और अधिक आधुनिक बनाएगा। विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर ट्रैक मशीन साइडिंग और रेल ग्राइंडिंग मशीन (आरजीएम) साइडिंग विकसित की जाएगी। इससे रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और यात्रियों की सुरक्षा भी बेहतर होगी।

वर्तमान में ट्रेनों की बढ़ती संख्या और यात्रियों के लगातार बढ़ते दबाव को देखते हुए ट्रैक मेंटेनेंस को अत्याधुनिक बनाना बेहद जरूरी हो गया है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह परियोजना शुरू की जा रही है। ट्रैक मशीन साइडिंग विशेष लाइनें होती हैं, जहां ट्रैक मेंटेनेंस करने वाली मशीनें खड़ी की जाती हैं और उनका रखरखाव होता है। जबकि रेल ग्राइंडिंग मशीन पटरियों की सतह को चिकना बनाती है ताकि घिसाव कम हो। इस योजना के अंतर्गत ट्रैक मशीन साइडिंग विक. सित होने से ट्रैक मेंटेनेंस में इस्तेमाल होने वाली भारी मशीनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा और संचा. लित किया जा सकेगा। इससे मरम्मत कार्य में तेजी आएगी और ट्रैक की नियमित जांच अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगी। ट्रैक की बेहतर देखरेख से जहां रेल दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी। वहीं ट्रेनों की देरी की समस्या में भी कमी आएगी।

## धूमधाम से मनाया गया एकता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वर्गीय गोस्वामी आर सी भारती जी की स्मृति में गत वर्षों की भांति मानस कुटीर 349/12 भोलानाथ नगर में मनाया गया। स्वर्गीय आर सी भारती जी की यह 13 वीं पुण्यतिथि थी।

मानस कुटीर में होने वाले इस समारोह में समाज के जाने-माने लोग उपस्थित रहे।। इसमें मुख्यतः अशोक कुमारी भारती (संस्थापिका सिद्धार्थ इंटरनेशनल दिल्ली एनसीआर) रविकांत भारती, शशिकांत भारती, बी मेहता भारती, श्वेता भारती, पंकज गोस्वामी, प्रेरणा भारत, एडवोकेट देवाशीष भारती, निहारिका भारती, एडवोकेट यश कीर्ति कुमार भारती, आकृति भारती, अनिल पुरी, विपिन



कुमार, अशोक पुरी, प्रभात गोस्वामी, मथुरा प्रसाद गोस्वामी, आकाश पुरी, डोरीलाल गोस्वामी, महेंद्र गिरी, आदेश मोहन, नानक चंद गोस्वामी अध्यक्ष गोस्वामी समाज दिल्ली रजिस्टर्ड प्रोफेसर अरविंद कुमार राजपूत (राष्ट्रीय अध्यक्ष स्ट्रांग भारत फाउंडेशन ट्रस्ट), अर्जुन सिंह, राजेंद्र सिंह रहे।

## सिग्नेचर ब्रिज के पास दुर्घटना में नाबालिग की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नवरात्रो मे कालका. जी माता के दर्शन करने निकले तीन लड़के दुर्घटना के शिकार हो गए और उनमे से एक नाबालिग की मौत हो गयी, जबकि दूसरा नाबालिग घायल हुआ है पुलिस ने 281/125(ए) बीएनएस की धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है स

मृतक की पहचान निखिल (17) के रूप मे हुई है वह मकान न-4/2, करावल नगर एक्सटेंशन मे रहता था जबकि घायलों की पहचान इंद्रजीत (16) और गोविन्द के रूप मे हुई है यह भी करावल नगर के रहने वाले है स पुलिस के अनुसार रविवार रात को न्यू उस्मानपुर थाने मे एक रोड एक्सीडेंट की सूचना मिली थी, जब पुलिस टीम सिग्नेचर ब्रिज के पास मौके पर पहुंची तो वहां दुर्घटनाग्रस्त बाइक मिली, जबकि तीनों घायल लड़को को सिविल लाइन स्थित ट्रामा सेंटर ले जाया जा चूका था स ट्रामा सेंटर मे डॉक्टरों ने निखिल को मृत घोषित कर दिया जबकि इंद्रजीत और गोविन्द को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी स बताया जा रहा है यह तीनों लड़के एक ही बाइक पर सवार थे और मृतक बाइक चला रहा था, बाइक के आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक मारे होंगे जिस वजह से बाइक आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई और बाइक सवार तीनों लड़के घायल हो गए और जिनमे से एक की मौत हो गयी।



**दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व कैबिनेट मंत्रियों के साथ शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।**

## शहीद भगत सिंह को अर्पित की गई पुष्पांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शहीद भगत सिंह, श्री राजगुरु और श्री सुखदेव का अडिग साहस और क्रांतिकारी भावना हमारे राष्ट्र की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों की आधारशिला है, यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कैबिनेट मंत्रियों के साथ शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन तीनों नायकों की शहादत हर भारतीय के लिए प्रेरणा का एक शाश्वत स्रोत है, जो युवाओं को आधुनिक भारत में प्राप्त स्वतंत्रता के लिए चुकाई गई भारी कीमत की याद दिलाती है। इस गौरवशाली अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के साथ मंत्रिपरिषद के सदस्यों और विभिन्न विधायकों ने शहीद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में शहीदों को भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की।

विधानसभा परिसर का वातावरण अत्यंत गरिमामय और श्रद्धापूर्ण रहा, जहाँ नेताओं ने इन क्रांतिकारियों की अदम्य वीरता और आत्मनिर्भर भारत के उनके दृष्टिकोण को याद किया। यह श्रद्धांजलि न केवल 1931 के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण थी, बल्कि दिल्ली के जनप्रतिनिधियों द्वारा शहीदों के न्याय और देशभक्ति के आदर्शों को बनाए रखने का एक सामूहिक संकल्प भी थी।

## डीयू में किसी भी सभा के लिए लिखित सूचना व अनुमति जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि परिसर में किसी भी सभा/ एकत्रण/विरोध प्रदर्शन/ धरना/ मार्च/ जुलूस या इसी तरह की गतिविधि के लिए सक्षम प्राधिकारी से पूर्व लिखित सूचना और अनुमति अनिवार्य है।

डीयू के प्रॉक्टर कार्यालय द्वारा इस संबंध में सोमवार को एक नोटिस जारी किया गया है जिसके तहत डीयू के सभी छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों को इसकी सख्त पालन के लिए सूचित किया गया है।

डीयू प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार सिंह के अनुसार आयोजकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे आवेदन की एक भौतिक/हार्ड कॉपी, स्वयं उपस्थित होकर, जिस पर उनके हस्ताक्षर हों और सभी वांछित जानकारी शामिल हो उसे दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर कार्यालय और संबंधित स्थानीय पुलिस अधिकारियों (संबंधित क्षेत्र के के पास जमा करें।उन्होंने बताया कि आयोजक का नाम, कॉलेज/संस्थान/विभाग, संपर्क नंबर, ईमेल आईडी, कोर्स का नाम, कार्यक्रम का विवरण और कार्यक्रम की प्रकृति (विरोध प्रदर्शन, सार्वजनिक भाषण, धरना, रैली, आदि) के साथ, कार्यक्रम की अवधि, लॉजिस्टिक्स का उपयोग, वक्ताओं की सूची व प्रतिभागियों की अनुमानित संख्या की जानकारी आदि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर कार्यालय और संबंधित स्थानीय पुलिस अधिकारियों (संबंधित क्षेत्र के को कम से कम 72 घंटे पहले जमा करवानी होगी। उन्होंने बताया कि किसी भी परिस्थिति में, किसी भी इलेक्ट्रॉनिक संचार, पैम्फलेट, पोस्टर, नोटिस, सोशल मीडिया पोस्ट, वॉटसेप फॉरवर्ड, या किसी अन्य सामग्री को, चाहे वह मुद्रित हो या डिजिटल, विवि से/को दी गई आधिकारिक सूचना या अनुमति के रूप में नहीं माना जाएगा और न ही स्वीकार किया जाएगा। आयोजकों और प्रतिभागियों को परिसर में ऐसी किसी भी गतिविधि में भाग लेने या शामिल होने के लिए बाहरी व्यक्तियों (जिनमें दिल्ली विश्वविद्यालय में नामांकित छात्र शामिल नहीं हैं) को आमंत्रित करने, लाने या अनुमति देने से सख्त मनाही है।

## 'खीर सेरेमनी' के साथ बजट सत्र की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 'खीर सेरेमनी' के साथ शुरू हुआ। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'विकसित दिल्ली, हरित दिल्ली' के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह बजट राजधानी के लगभग 3 करोड़ दिल्लीवासियों के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि 'खीर सेरेमनी' न केवल बजट प्रक्रिया की पारंपरिक शुरुआत है, बल्कि यह समृद्धि, शुभता और जनकल्याण के संकल्प का प्रतीक भी है, जो आगामी बजट में दिखाई देगा।

खीर सेरेमनी' में मुख्यमंत्री के साथ किसान, स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक, डॉक्टरों, किन्नर समाज के लोग, महिला ड्राइवर, मीडियाकर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर किसानों ने मुख्यमंत्री को पारंपरिक रूप से पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह,आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविन्द्र इन्द्राज सिंह,कपिल मिश्रा सहित विधायकगण और अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का यह दूसरा बजट दिल्ली के विकास की गति को और तेज करने वाला होगा। यह बजट न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेगा, बल्कि दिल्लीवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का माध्यम भी बनेगा। यह बजट एक ऐसे दिल्ली के निर्माण की दिशा में अग्रसर है, जहां नागरिक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, उत्कृष्ट शिक्षा, सुदृढ़ आधारभूत संरचना और स्वच्छ एवं हरित वातावरण में जीवन यापन कर सकें। इस बजट में छात्रों के लिए बेहतर सुविधाएं, स्वास्थ्य क्षेत्र में सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण और हरित परिवेश को प्राथमिकता दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'विकसित दिल्ली, हरित दिल्ली' केवल एक नारा नहीं, बल्कि सरकार का स्पष्ट विजन है, जिसके माध्यम से एक सकारात्मक, सुरक्षित और समृद्ध वातावरण तैयार किया जाएगा, जहां आमजन सुख और संतोष के साथ जीवन व्यतीत कर सकें। पिछले वर्ष सरकार ने दिल्ली की दिशा बदलने का कार्य किया है और अब इस बजट के माध्यम से राजधानी की दशा को बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद और विश्वास से ही सरकार निरंतर कार्य कर रही है। सरकार 24 गुना 7 जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और हर दिन दिल्ली को और बेहतर बनाने के लिए कार्य करती रहेगी।

## ऋण को लेकर पारिवारिक विवाद के चलते हुई थी हत्या, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के कंझावला थाने के स्टाफ ने हत्या का मामला सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से अपराध में प्रयुक्त 1 डंडा (हथियार) और अपराध के समय आरोपी द्वारा पहने गए कपड़े बरामद किए है। यह हत्या ऋण को लेकर हुए पारिवारिक विवाद के कारण हुई थी।

दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त शशांक जायसवाल ने बताया कि 16 मार्च को कंझावला थाने में झगड़े के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। इस कॉल के मिलते हु स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पाया कि पीड़ित अग्लू (55) को संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया और बाद में सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। पीड़ित की पत्नी का बयान दर्ज किया गया, जिसमें उसने बताया कि झगड़ा दिनेश (70) से लिए गए 30,000 रुपये के ऋण को लेकर पारिवारिक विवाद के कारण हुआ था। बयान के आधार पर, कंझावला थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी बेगमपुर

सार्थक त्यागी की देखरेख में एसएचओ कंझावाला कृष्ण कुमार के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान मोबाइल क्राइम टीम और एफएसएल रोहिणी टीम ने अपराध स्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए।

जांच के दौरान, टीम ने तकनीकी निगरानी और मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर कंझावला औद्योगिक क्षेत्र के पास छापा मारकर आरोपी दिनेश को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान, उसने इस मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर, अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार (यानी डंडा) और घटना के समय आरोपी द्वारा पहने गए कपड़े बरामद कर लिए गए हैं।

## ड्रग सप्लाई नेटवर्क का किया भंडाफोड़, दो धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के एंटी-स्नैचिंग और चोरी निरोधक सेल ने ड्रग सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़ कर दो आरो. पियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से 18.48 ग्राम स्मैक और 29,270/- रुपये नकद बरामद किए है। दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 21 मार्च को एसीपी ऑपरेशन वीरेंद्र सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर रितेश राज के नेतृत्व में एंटी-स्नैचिंग और चोरी निरोधक सेल की एक टीम का गठन किया गया। ऑपरेशन के दौरान, जब टीम निहाल विहार थाने के इलाके में गश्त कर रही थी और गुप्त सूचनाएं जुटा रही थी, तो उन्होंने दो व्यक्तियों को देखा। पुलिस को देखते ही उन दोनों ने भागने की कोशिश की। संदेह होने पर, टीम ने तुरंत उन्हें पकड़ लिया। उनकी पहचान सरब. जीत (18)और चरणजीत (18)के रूप में हुई।

उनकी व्यक्तिगत तलाशी के दौरान, एक पदार्थ बरामद हुआ। फील्ड टेस्टिंग किट से जांच करने पर, वह पदार्थ श्स्मैकश पाया गया। वजन करने पर, बरामद पदार्थ की मात्रा 18.48 ग्राम पाई गई। इसके अतिरिक्त, उनके कब्जे से 29,270/- रुपये नकद भी बरामद हुए, जिनके बारे में संदेह है कि यह स्मैक की बिक्री से प्राप्त रकम थी।

# खूनी संघर्ष में घायल हुए युवक की मौत

## पुलिस दो आरोपियों को पहले ही भेज चुकी है जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** खेत की मेढ़ को लेकर हुए खूनी संघर्ष में घायल युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई, युवक की मौत की खबर से उसके परिवार में कोहराम मच गया।



खूनी संघर्ष में घायल हुए युवक मोनू (18 वर्ष) निवासी शहजादपुर की देहरादून के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो जाने से उसके परिवार में कोहराम मच गया। बीते गुरुवार को नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर निवासी महेंद्र और पप्पू दोनों सगे भाइयों में गंगा खादर में खेत की मेड को लेकर कहासुनी और गाली-गलौच हो गई थी। जिसके बाद दोनों के परिवार देर सायं छह बजे अपने खेत से घर आ गए, जिसके दोनों भाईयों के परिवार में एक बार फिर गाली-गलौच के साथ खूनी संघर्ष शुरू हो गया। दोनों पक्षों में काफी देर तक लाठी-डंडे और सरिये चले, इस खूनी संघर्ष में पप्पू और उसका लड़का मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए बिजनौर भेजा, जहां चिकित्सकों ने मोनू की हालत को नाजुक देखते हुए रेफर कर दिया था। जिसका इलाज देहरादून के एक अस्पताल में चल रहा था। रविवार की रात घायल मोनू की इलाज के दौरान मौत हो गई, उसकी मौत की सूचना से उसके परिवार में कोहराम मच गया। इस मामले में मोनू के भाई सोनू ने तहरीर देकर कोमल, यशपाल उर्फ टिंकू, महेंद्र सिंह, जयपाल सिंह और लाल सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें पुलिस ने कोमल और जयपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, शेष आरोपी फरार है। थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने बताया कि मुकदमे को हत्या की धारा में तरमीम किया जा रहा है। शेष आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है, जल्द शेष आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# जंगली जानवरों के हमलों पर मुआवजे में असमानता का मुद्दा संसद में गूंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद में जंगली जानवरों के हमलों में मानव मृत्यु के मामलों में दी जाने वाली मुआवजा राशि को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने केंद्र सरकार से देशभर में एक समान मुआवजा नीति लागू करने की मांग करते हुए कहा कि वर्तमान व्यवस्था में भारी असमानता है, जो पीड़ित परिवारों के साथ अन्याय है।

सांसद ने कहा कि वर्ष 2023 में मुआवजा राशि को पांच लाख से बढ़ाकर 10 लाख किए जाने की बात कही गई थी, लेकिन जमीनी स्तर पर नगीना लोकसभा क्षेत्र में अब भी अधिकतर मामलों में केवल पांच लाख ही दिए जा रहे हैं। उन्होंने इस मुद्दे को क्षेत्र की बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि यहां गुलदार का आतंक लगातार बढ़ रहा है और आए दिन हमलों की घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

चंद्रशेखर आजाद ने केंद्रीय वन मंत्री से सीधे सवाल करते हुए कहा



सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उठाई मांग

कि देश के अलग-अलग राज्यों में मुआवजा राशि में बड़ा अंतर है। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में ऐसी घटनाओं पर 20 लाख तक मुआवजा दिया जाता है, जबकि कुछ राज्यों में 10 लाख और कई जगहों पर अब भी केवल पांच लाख ही मिलते हैं।

उन्होंने कहा 'क्या देश में इंसान की जान की कीमत अलग-अलग तय की जा रही है? कहीं 20 लाख, कहीं 10 लाख और कहीं पांच लाख, यह असमानता न केवल चिंताजनक है, बल्कि खतरनाक भी है।'

सांसद ने मांग की कि केंद्र सरकार इस विषय पर एक स्पष्ट और सख्त नीति बनाए, जिससे पूरे देश में एक समान मुआवजा राशि लागू हो सके। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार पहले ही अपने परिजन को खोने के दुख से गुजरते हैं, ऐसे में मुआवजे में असमानता उनके दर्द को और बढ़ाती है। उन्होंने 'डबल इंजन' सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की जिम्मेदारी है कि इस समस्या का जल्द समाधान निकाला जाए। खासकर नगीना लोकसभा क्षेत्र में बढ़ते हमलों को देखते हुए तत्काल प्रभाव से मुआवजा राशि बढ़ाकर एक समान किया जाना चाहिए।

अंत में उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि देशभर में पीड़ित परिवारों को समान और न्यायपूर्ण सहायता मिल सके।

## एक नजर

### पेंशन बहाली आंदोलन की एक और सफलता



**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने बताया कि प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त शिक्षकों को सरकार द्वारा पुरानी पेंशन से अच्छादित किया गया है, जो 2007 नियमित हुए थे। प्रदेश सरकार द्वारा विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पुरानी पेंशन से आच्छादित करना सरकार का सराहनीय कदम है। इससे प्रदेश के हजारों शिक्षकों की भविष्य आर्थिक सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। सरकार द्वारा पूर्व में विज्ञापन के आधार पर प्रदेश के हजारों शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली से आच्छादित करने करने का कार्य किया गया था। अटेवा/एनएमओपीएस राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत है और ये सभी संघर्ष के ही परिणाम हैं। अब केवल संघर्ष एवं नेतृत्व में विश्वास रखते हुए पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन का साथ देते रहें। एक दिन पूरे देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का निश्चित लाभ मिलेगा। पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा।

### सारा ने बनाया जीरो वेस्ट मॉडल

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला मकबरा निवासी छात्रा सारा शाहिद ने 10 दिवसीय विज्ञान घर कार्यक्रम में अपने अनोखे जीरो वेस्ट मॉडल बनाकर नाम रोशन किया है। सारा ने बताया कि हम रोजाना जिस पेन का उपयोग करते हैं, उनमें बड़ी मात्रा में प्लास्टिक होता है। पेन आकार में छोटा होता है, इसलिए लोग इसके प्लास्टिक कचरे को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यही छोटा-छोटा कचरा मिलकर पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा बन जाता है। सारा ने केवल बायोडिग्रेडेबल पेन ही नहीं बनाया, बल्कि प्लास्टिक कचरे के पुन: उपयोग का भी समाधान सुझाया। उन्होंने बताया कि इस्तेमाल किए गए प्लास्टिक पेन को इकट्ठा करके उनकी बॉडी को पीसकर उसमें एपॉक्सी रेजिन मिलाया जा सकता है। इससे टेबल टॉप व अन्य फर्नीचर तैयार किए जा सकते हैं, जो कचरे को उपयोगी उत्पाद में बदलने का एक बेहतरीन उदाहरण है।

### मुल्क में अमनो अमान की दुआ



**हल्दौर।** नगर व आसपास के क्षेत्रों में ईद-उल-फितर का त्यौहार हर्षोल्लास, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। ईदगाह में हजारों मुस्लिम भाइयों ने एकत्र होकर ईद की नमाज अदा की और एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह में सुबह करीब 9 बजे शहर इमाम मौलाना मुफ्ती मौहम्मद अब्दुल्लाह जामिई ने ईद की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश देता है, इसलिए सभी लोग इस त्योहार को मिल-जुलकर मनाएं और समाज में अमन-चैन बनाए रखें। इसके बाद उन्होंने देश की खुशहाली, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआ कराई। ईद के अवसर पर ईदगाह मार्ग पर नमाजियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान पालिका से जुड़े जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग भी मौजूद रहे और सभी को ईद की शुभकामनाएं दीं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे। वहीं देहात क्षेत्रों में भी ईद-उल-फितर का त्योहार पूरे उत्साह और पारंपरिक तरीके से मनाया गया।

### शहीद मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नांगल सोती।** आरबीएस इंटर कॉलेज के खेल मैदान में शहीद मेले के दूसरे दिन उच्च माध्यमिक विद्यालय नांगल के विद्यार्थियों अनमोल, नैना, मानवी, जानवी, राधे ने 'पढ़ना-लिखना सीखो, ओ मेहनत करने वालों', मेरा रंग दे बसंती चोला गीत और कौन गिराए बम बच्चों पर जैसी कविताओं के साथ ही गिरगिट नाटक का मंचन किया। अंत में फिल्म द लीजेंड ऑफ भगत सिंह की स्क्रीनिंग की गई। शहीद मेला आयोजन समिति से चौधरी हेमेंद्र सिंह ने आज के दौर में भगत सिंह के विचार की जरूरत पर बात की। उन्होंने भगत सिंह के समतामूलक समाज बनाने के सपनों को पूरा करने के लिए नौजवानों से आगे आने का आह्वान किया। अपूर्व मालवीय ने कहा कि सरकारें कभी नहीं चाहती कि मेहनतकश जनता के बीच भगत सिंह के विचार पहुंचे। इसलिए सरकारें उनकी मूर्तियां स्थापित करके उस पर फूल माला तो चढ़ा देती हैं लेकिन उनके विचारों को जनता के बीच जाने से रोक देती हैं। यही कारण है कि भगत सिंह की जेल नोटबुक उनकी शहादत के 63 वर्ष बाद प्रकाशित हो सकी। कार्यक्रम में रामाधार, राजू, गीतिका, कविता, कृष्ण पल्लवी, गणेश, मुकेश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप गोस्वामी ने किया।

### मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक



**बरूकी।** क्षेत्र के बरूकी में मिशन शक्ति कार्यक्रम 5.0 के अंतर्गत पुलिस द्वारा ग्राम बरुकी में महिला को शक्तिकरण के बारे में बताया गया। इस अवसर पर हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसआई प्रीति पवार, चौकी प्रभारी राहुल ने कहा कि किसी भी महिला को डरना नहीं है। यदि कोई मनचला उन्हें परेशान करता है, तब वह केवल सूचना दे। ऐसे लोगों से पुलिस द्वारा सख्ती से निपटा जा रहा है। महिला आरक्षी कुसुम रानी, प्रियंका, रामा रानी ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। छात्राओं को 1076, 1090, 112, 1930, 1076, 181, 102 आदि साइबर हेल्पलाइन की जानकारी देकर किसी भी आकस्मिक स्थिति पर सहायता प्राप्त करने एवं नारी सुरक्षा हेतु पुलिस विभाग का हमेशा तत्पर होने के सम्बन्ध में अवगत कराकर जागरुक किया गया। प्रीति पवार ने संयुक्त रूप से बताया कि यह सभी नंबर संपूर्ण समाज की सुरक्षा के लिए है। लेकिन विशेष रूप से बेटियों के लिए इन नंबर पर सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहती है। मिशन शक्ति प्रभारी प्रीति पवार ने कहा कि मैं और मेरी टीम हमेशा महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार रहती है। अगर किसी के साथ कोई अनहोनी होती है और हमें सूचना समय से मिल जाती हैं तो यथासंभव कोशिश करके उनकी मदद करने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम में चौकी प्रभारी राहुल कुमार, महिला आरक्षी कुसुम रानी, प्रियंका रामा रानी, कांस्टेबल रूप किशोर, राहुल कुमार, चौधरी नीटू आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सीएचसी पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ विधायक अशोक कुमार राणा के पुत्र प्रियंकर राणा ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर प्रियंकर राणा ने कहा कि जन औषधि केंद्र के माध्यम से क्षेत्र की जनता को बाजार से 50 से 80 प्रतिशत तक कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध होंगी। उन्होंने इसे सरकार के स्वस्थ भारत संकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। सीएचसी अधीक्षक डा. बीके स्नेही ने जानकारी दी कि इस केंद्र पर 2000 से अधिक जेनेरिक दवाइयां और 300 से अधिक सर्जिकल उपकरण उपलब्ध होंगे। साथ ही एक रुपए में सेनेटरी पैड भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य मार्च 2027 तक देशभर में 25 हजार जन औषधि केंद्र स्थापित करने का है। जिसके तहत जनपद के सभी सीएचसी और पीएचसी पर ऐसे केंद्र खोले जा रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख दीनबंधु, विधानसभा प्रभारी विपिन कुमार सिसोदिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक, चिकित्सक एवं सीएचसी स्टाफ मौजूद रहा।

# हत्यारोपी अजीम के घर पर मुनादी कराई

## आत्मसमर्पण न करने पर कुर्की की चेतावनी, नोटिस चस्पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ट्रक चालक सलमान हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजीम की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। लगातार प्रयासों के बावजूद आरोपी के हाथ न आने पर पुलिस प्रशासन ने न्यायालय की शरण लेते हुए विधिक प्रक्रिया के तहत उसके घर पर नोटिस चस्पा कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 19 फरवरी की रात शुगर मिल गेट के पास टोकन को लेकर हुए मामूली विवाद में सलमान पुत्र नसरुल्ला पर चाकुओं से हमला कर अजीम निवासी चकमहादूद सानी ने हत्या कर दी थी। घटना के बाद से ही आरोपी अजीम फरार चल रहा है। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। मृतक सलमान के भाई शाह आलम की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास शुरू कर दिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय



कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि हर संभावित ठिकाने पर छापेमारी की जा रही है, लेकिन आरोपी गिरफ्त से बाहर है। ऐसे में न्यायालय द्वारा आरोपी का गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया था। लेकिन आरोपी ने आत्मसमर्पण नहीं किया। अब पुलिस ने कानूनी शिकंजा कसते हुए न्यायालय से फरारी उद्घोषणा की प्रक्रिया अपनाई और आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा किया गया। रविवार को पुलिस टीम आरोपी के घर पहुंची जहां विधिवत ढोल बजवाकर मुनादी कराई गई और उसे शीघ्र आत्मसमर्पण करने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय के भीतर आरोपी के पेश न होने पर उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि किसी भी हाल में आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार का कहना है कि पहले आरोपी अजीम के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया था। लेकिन आरोपी ने आत्मसमर्पण नहीं किया। इसके बाद न्यायालय द्वारा अगली कार्रवाई का आदेश दिया गया है।

# डीएम ने किया तहसील कार्यालय का निरीक्षण

## वादों के निस्तारण की प्रगति एवं अभिलेखों के रख-रखाव का अवलोकन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस की समाप्ति के पश्चात तहसील नजीबाबाद कार्यालय का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालय में लंबित प्रकरणों, वादों के निस्तारण की प्रगति एवं अभिलेखों के रख-रखाव का गहनता से अवलोकन किया।

डीएम द्वारा एसडीएम कोर्ट में विचाराधीन विभिन्न राजस्व वादों की फाइलों का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि पांच वर्षों से अधिक लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए, ताकि वादियों को त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशानुरूप जनता को त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय उपलब्ध कराया जाए तथा लंबित प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। उन्होंने तहसील स्तर पर बकाया राजस्व वसूली और आरसी के मिलान की स्थिति जांच करते हुए संबंधित पटल सहायकों को वसूली प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।



उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, स्वच्छता व्यवस्था एवं न्यायालय परिसर में आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए समयपालन एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक दिनकर भारती, तहसीलदार सहित अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पति-पत्नी को समझा कर टूटने से बचाया परिवार

## मिशन शक्ति टीम का सराहनीय कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कासमपुर गढ़ी।** रेहड़ थाना के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में काम कर रही मिशन शक्ति टीम ने काउंसलिंग के माध्यम से पति-पत्नी के एक विवाद को समाप्त करते हुए परिवार को टूटने से बचा लिया।

थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम त्रिलो. कपुर निवासी एक महिला ने अफजलगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी निवासी अपने पति व कई अन्य ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न सम्बंधी घरेलू विवाद के सम्बंध में कार्यवाही के लिए रेहड़ पुलिस को गत दिवस एक प्रार्थना पत्र दिया था।

प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि पति-पत्नी व दोनों पक्षों के परिजनों को थाने बुलाया गया और मिशन शक्ति टीम के सदस्यों महिला आरक्षी पूजा एवं आरक्षी विजय तोमर ने पति-पत्नी व दोनों पक्षों से आए कई अन्य महिलाओं-पुरुषों की काउंसलिंग कर उन्हें देर तक समझाते हुए परिवार के टूट जाने के नुकसान और एक साथ रहने के फायदे गिनाए जिसके बाद पति-पत्नी व दोनों पक्षों के परि. जनों ने उन बातों को समझा और एक दूसरे के गिले शिकवे भुलाकर आपसी सहमति से भविष्य में कोई विवाद न करने व एक साथ रहने की बात कहकर पुलिस टीम को दुआएं देते हुए चले गए। राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि किसी परिवार को टूटने से बचाना हमारी जिम्मेदारी के साथ-साथ इंसानियत भरा एक पुण्य कार्य भी है।

# अमर शहीद भगत सिंह, राज गुरु व सुखदेव का बलिदान दिवस मनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**धामपुर।** गत 50 वर्षों की परंपरा अनुसार उ.प्र. युवा साहित्यकार संघ द्वारा अमर शहीद भगत सिंह, राज गुरु, सुखदेव बलिदान दिवस एवं समाजवादी चिंतक डा. राम मनोहर लोहिया जयंती के अवसर पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार सुबह 10 बजे भगत सिंह चौक पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीदों को नमन किया। एमएलसी पूर्व मंत्री अशोक कटारिया ने वीर भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भारत माता की जय के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। अपने सम्बोधन में उन्होंने युवा शक्ति से देश के लिए जीने का आह्वान किया। इस मौके पर कवि राज कुमार वर्मा विरेंद्र बेताब, राम सिंह सुमन, नरेश वर्मा विभूति कांत शर्मा ने देश

## युवा शक्ति से देश के लिए जीने का आह्वान

प्रेम से ओतप्रोत रचना प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में सरदार अमरजीत सिंह, एसपी सलूजा, सतवंत सिंह सलूजा, गुरशरण सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, दिनेश नवीन, इंदु कांत शर्मा, अमित चौहान, डा.शंकर लाल शर्मा, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष रवि चौधरी, मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, आशीष मित्तल, विवेक राज सोनी, पीयूष अग्रवाल, नागेश्वर दयाल, अजय पाल शर्मा, रजनीश शर्मा, सत्य राज, गुरमीत जुनेजा आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता पूर्व विद्यायक डा. इंद्रदेव सिंह ने की संचालन हरीकांत शर्मा ने किया।

# खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर स्कूटी सवार युवक की मौत

**स्योहारा।** धामपुर मार्ग स्थित ग्राम मनसूर सराय निवासी अनवर का 19 वर्षीय पुत्र अयान अपनी मां को स्कूटी पर बैठाकर घर लौट रहा था। बताया जा रहा है कि अनवर अपने परिवार के साथ सहसपुर स्थित ससुराल से वापस आ रहे थे। परिवार के अन्य सदस्य दूसरी बाइक पर सवार थे। जैसे ही वे लोग मंगल लिपि फार्म हाउस के पास पहुंचे, तभी अचानक स्कूटी चला रहा अयान सामने खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अयान गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि अनवर के दो बच्चे हैं, एक बेटी और एक बेटा अयान था। अयान की असमय मौत से पूरे परिवार में मातम छा गया है। आज जौहर की नमाज के बाद अयान को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

# फजलपुर तबेला में किड्स जोन का शुभारंभ

## बच्चों को खेल-खेल में आधुनिक शिक्षा देने की पहल शुरू हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सन शाइन पब्लिक स्कूल में नन्हें मुन्ने बच्चे के लिए किड्स जोन का शुभारम्भ किया गया। अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे खेल खेल में तनावरहित शिक्षा पा सकेंगे।

ग्राम फजलपुर तबेला में सन शाइन पब्लिक स्कूल में आयोजित समारोह के साथ पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर ने किड्स जोन का फीता काट कर शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर ने कहा ग्रामीण अंचल में आधुनिक अंग्रेजी माध्यम शिक्षा के साथ खेल खेल में शिक्षा पा सकेंगे। उन्होंने इस विद्यालय के शुभारंभ से अब तक की यात्रा को ग्रामीण क्षेत्र के लिए उल्लेखनीय प्रयास की सराहना की है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को शिक्षित करने व उनके उज्जवल भविष्य के लिए समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के प्रबंधक विनोद मित्तल ने अभिभावकों को आश्वस्त




किया वह बेहतर शिक्षा से कई के लिए समर्पित है और सभी के सहयोग से विद्यालयों को ऊंचाइयों पर ले जाते हुए जमात की आधुनिक शिक्षा देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने पूर्व प्रबंधक श्रीमती मालती अग्रवाल की स्मृति में प्रतिवर्ष कक्षा 6 से 12 के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को परीक्षा आधारित छात्रवृति देने की घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर, प्रबंधक विनोद मित्तल, प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल, प्रबन्ध निदेशक दीपा मित्तल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किये। छात्र छात्राओं ने अनेक गीत नृत्य समूह नृत्य प्रस्तुत कर अभिभावक व आगन्तुकों की तालियां बंटोरी। बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'इत्ती सी हंसी इत्ती सी खुशी', 'राम आएंगे शुभ दिन आएंगे', 'मैं निकला गाड़ी लेकर' को सराहा। कार्यक्रम में प्रबन्धन की ओर से स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं का उनके अमूल्य योगदान के लिए मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर ने सम्मानित किया। समारोह में आयुष मित्तल ने अपने सम्बोधन में विद्यालय की प्रगति शैक्षिक वातावरण व सांस्कृतिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए भविष्य में बेहतर सहयोग की अपेक्षा की है। शिक्षिका पिंकी शर्मा व हुमैरा जबीं के संचालन में हुए

कार्यक्रम में विनय कौशिक, पंकज शर्मा, मुकेश सिन्हा,शकील रजा, आशा रजा, जितेन्द्र कक्कड़, जुगल किशोर, प्रमोद मित्तल, सीमा देवी और उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर, आगन्तुक अतिथियों, अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में किड्स जोन कक्ष का अवलोकन किया और इस व्यवस्था का ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक उपलब्धि बताया।

# गांजे और शराब की तस्करी में तीन युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** शराब और गांजे की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को नोएडा जोन के अलग-अलग थानों की पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से अवैध शराब और गांजा बरामद हुआ है। सभी आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है। आरोपी लंबे समय से विभिन्न क्षेत्रों में दूसरे राज्यों से गांजा और शराब लाकर सप्लाई कर रहे थे। एडिशनल डीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने रविवार को सेक्टर-29 स्थित गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पास से विशाल को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक किलो 140 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी विशाल, मूलरूप से अलीगढ़ का रहने वाला है।







उसके खिलाफ पहले भी एनडीपीएस ऐक्ट, आर्म्स ऐक्ट और चोरी के केस दर्ज हैं। फेज-1 थाने की पुलिस ने सेक्टर-7 से इस्माइल को पकड़ा। उसके पास से 107 टैट्रा पैक अवैध देसी शराब बरामद हुई। आरोपी मूलरूप से बिहार के मधुबनी का रहने वाला है। वह फिलहाल नोएडा सेक्टर-8 स्थित जेजे कॉलोनी में रह रहा था। सेक्टर-10 बिजलीघर के पास बने पार्क से गांजा तस्कर को पकड़ा गया। उसकी पहचान राजपाल निवासी मुरादाबाद के रूप में हुई है। वह नोएडा के निठारी इलाके में किराये पर रहता है। उसके पास से एक किलो 150 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## गांजा तस्करी में लिप्त महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-1 थाने की पुलिस ने गांजा तस्करी में 10 वर्षों से लिप्त हिस्ट्रीशीटर महिला को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ कमिश्नरेट के अलग-अलग थानों में कुल 12 केस दर्ज हैं। उस पर अवैध हथियार रखने और सरकारी अधिकारी को धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर आरोपी महिला को सेक्टर-8 से गांजा समेत पकड़ा गया। उसकी पहचान सेक्टर-9 स्थित जेजे कॉलोनी निवासी नूरी के रूप में हुई। उसके पास से एक किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी महिला पिछले करीब 10 वर्षों से गांजा तस्करी में लिप्त है और क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर के रूप में चिह्नित है।



उसके खिलाफ पहले भी एनडीपीएस ऐक्ट के तहत कई मामले दर्ज हो चुके हैं, जिनमें मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और तस्करी शामिल है। इसके अलावा आरोपी पर अवैध रूप से भीड़ इकट्ठा कर हिंसा करने, घर में घुसकर मारपीट करने और लोगों को जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप हैं। एक मामले में उस पर सरकारी कर्मचारी पर हमला करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी आरोप दर्ज है। साथ ही, शांति भंग की आशंका में भी उसके खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है।

## ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर बच्ची की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अलीवर्दीपुर गांव में एक दुखद हादसा सामने आया है। यहां एक 11 वर्षीय बच्ची की ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना आज सुबह करीब 10:45 बजे हुई। मृतक बच्ची की पहचान अल्फिया पुत्री उमर मोहम्मद के रूप में हुई है। अल्फिया अपनी मौसी के घर ईद मनाने के लिए आई थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बच्ची गली में चल रही थी तभी एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने उसे कुचल दिया। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई।।यह पूरी घटना गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में ट्रैक्टर को बच्ची को कुचलते हुए देखा जा सकता है। घटना की सूचना मिलते ही इकोटेक 3 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है और बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट के लिए 5428 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण

■ 25 हजार परिवारों का होगा विस्थापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए नए भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत सबसे बड़ा अधिग्रहण किया जा रहा है। एयरपोर्ट के लिए तीनों चरणों में किसानों से 5428 हेक्टेयर जमीन ली जा रही है। साथ ही लगभग 18 गांव के 25 हजार किसानों का विस्थापन किया जा रहा है।

परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण और विस्थपन अंतिम चरण में है लेकिन केंद्र, प्रदेश डबल इंजन सरकारों की प्रतिद्धता की वजह से पूरी प्रक्रिया शांति पूर्ण संपन्न हो रही हैं। फिलहाल एयरपोर्ट एक



रनवे, टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी टावर एवं अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ शुरू हो रहा है। लेकिन 2040 में दो रनवे के साथ एयरपोर्ट से वार्षिक यात्रियों की क्षमता सात करोड़ पहुंचने का अनुमान है।

**दूसरे चरण में पांच रनवे होंगे तैयार:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण दो स्टेज में किया जा रहा है। प्रथम स्टेज में दो रनवे तैयार होंगे। उसके बाद दूसरे स्टेज में एयरपोर्ट पर कुल पांच रनवे तैयार हो जाएंगे। राज्य सरकार ने प्रथम स्टेज के लिए 4406 करोड़ रूपये खर्च करते हुए 3300 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। प्रथम स्टेज में दो रनवे से सात करोड़ यात्री क्षमता के लिए एयरपोर्ट के निर्माण पर 36 हजार करोड़ से अधिक का खर्च होगा। एयरपोर्ट कुल चार चरणों में बनकर तैयार होगा जिसके प्रथम स्टेज के प्रथम चरण पर 11077 करोड़ रूपये खर्च कर लोकार्पण के लिए तैयार है।

एयरपोर्ट की शुरूआत एक रनवे के साथ एक करोड़ बीस लाख यात्री क्षमता के साथ की जा रही है जो वर्ष 2031 में दो रनवे के साथ बढ़कर तीन करोड़ वार्षिक यात्री हो जाएगी। वर्ष 2036 में पांच करोड़ और वर्ष 2040 में सात करोड़ वार्षिक यात्री हो जाएगी। इस परियोजना पर उस समय तक कुल 36267 करोड़ रूपये के निवेश का अनुमान है।

**4752 हेक्टेयर जमीन पर तैयार होंगे पांच रनवे:** एयरपोर्ट पर पहला और दूसरा रनवे 1334 हेक्टेयर जमीन पर बनाए जा रहे हैं। तीसरा रनवे 1365 हेक्टेयर, चौथा 1318 हेक्टेयर और पांचवा 735 हेक्टेयर जमीन पर तैयार होंगे। पांच रनवे के लिए 4752 हेक्टेयर और विस्थापन के लिए 676 हेक्टेयर सहित कुल 5428 हेक्टेयर 13407 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वर्ष 2021 में एयरपोर्ट के शिलान्यास कार्यक्रम में एयरपोर्ट के दो रनवे का मॉडल दिखाया गया था 28 मार्च को उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री को एयरपोर्ट के पांच रनवे का मॉडल दिखाया जाएगा।

## एक नजर

### चैन की नींद सोता रहा युवक, चोर ले उड़ा 60 हजार रुपये का मोबाइल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-49 थाना क्षेत्र के बरौला में चोर ने कमरे में सो रहे युवक का 60 हजार कीमत का फोन चोरी कर लिया। घटना 10 मार्च की रात दस बजे करीब की है। पीड़ित ने पुलिस को चोरी का मुकदमा कराया है।

शिकायतकर्ता स्वयं कटियार ने पुलिस को बताया कि डयूटी से घर लौटने के बाद वह कमरे में सो गया था। इस बीच दरवाजा अंदर से बंद नहीं किया था। कुछ देर बाद उसकी आंख खुल गई। इस बीच कमरे में अंधेरा होने पर मोबाइल से टार्च जलाने के लिए बेड पर फोन देखा तो वह नहीं मिला। काफी देर तक फोन नहीं मिलने पर उसके होश उड़। पीड़ित ने शक के आधार पर बराबर में रहने वाले दंपती और एक अन्य युवक के कमरे की तलाशी ली, लेकिन फोन नहीं मिला। पीड़ित का कहना है कि उसने कुछ महीने पहले ही 60 हजार रुपये में नया फोन खरीदा था।

### दोस्ती तोड़ने पर घर में घुसकर गाली-गलौज करने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट की सोसाइटी में रहने वाली युवती ने अपने पूर्व दोस्त पर जबरन घर में घुसकर गाली-गलौज और अभद्रता करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोसाइटी के एक फ्लैट में युवती अकेली रहती है। युवती ने पुलिस को बताया कि शुभम नाम के एक युवक से तीन साल से उसकी दोस्ती थी। करीब एक महीने पहले उसने शुभम से दोस्ती तोड़ दी। इसके बाद आरोपी शुभम नाराज हो गया। युवती ने बताया कि आरोपी रविवार को उसके फ्लैट पर पहुंच गया। युवती ने दरवाजा नहीं खोला तो किचन की खिड़की से जबरन अंदर आ गया। इसके बाद उसने गाली-गलौज की। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग गया। आरोप है कि आरोपी की हरकत से वह काफी डरी हुई है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के नगर बाईपास पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गाजियाबाद के नंद गांव निवासी रामजी शर्मा व एटा के गांव ढोघलपुर निवासी बृजेश कुमार दोनों बाइक पर सवार होकर रविवार रात में गाजियाबाद से एटा के लिए जा रहे थे। जब कोतवाली क्षेत्र के दादरी बाइपास पर पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी । टक्कर लगने के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना पाकर पहुंची पुलिस घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को घटना की सूचना दी गई। पुलिस की जांच में पता चला है कि दोनों आपस में दोस्त थे। पुताई का कार्य करते थे। दोनों रिश्तेदारी की शादी में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल से एटा के लिए जा रहे थे। कस्बा चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा ने बताया कि परिजन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### गहनों की दुकान में आग लगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** भंगेल गांव में सोमवार सुबह ज्वेलर्स की दुकान में आग लग गई। दमकल विभाग की टीम ने शटर काटकर पर आग बुझाई। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन सामान जल गया। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। थाना प्रभारी ने बताया कि लक्ष्मी ज्वेलर्स के मालिक रविवार रात को रोजाजना की तरह दुकान बंद कर अपने घर चले गए। गार्ड को सोमवार सुबह करीब चार बजे दुकान के अंदर से धुआं निकलता दिखाई दिया। उसने तुरंत दमकल विभाग और दुकान मालिक को सूचना दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे के अनुसार दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दुकान बंद होने के कारण टीम को अंदर जाने में दिक्कत हुई, इसलिए शटर को काटकर अंदर प्रवेश किया गया। इसके बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। दुकान के अंदर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। शुरुआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।

## महिला का इंस्टाग्राम अकाउंट हैक

■ अपलोड की गई आपत्तिजनक तस्वीरें, सोसाइटी की महिला पर लगा आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र की एक सोसाइटी में रहने वाली महिला के साथ साइबर अपराध का मामला सामने आया है। महिला का इंस्टाग्राम अकाउंट हैक कर किसी शरारती व्यक्ति ने उनकी आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड कर दीं। इस घटना के बाद महिला को काफी परेशानी और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है।

पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो अपलोड कर अपनी प्रतिभा को लोगों तक पहुंचाती थीं। कुछ दिन पहले अचानक उनका अकाउंट हैक हो गया। इसके बाद उनके अकाउंट से गलत और आपत्तिजनक फोटो पोस्ट कर दी गईं। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर लोग उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने लगे और उन्हें अश्लील व धमकी भरे मैसेज भी मिलने लगे।

महिला का कहना है कि इस घटना से उनकी छवि को काफी नुकसान पहुंचा है और वह डर व तनाव में जी रही हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में सोसायटी की ही एक महिला पर आरोप लगाया है कि उसने उन्हें बदनाम करने, मानसिक रूप से परेशान करने और उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की साजिश रची है। पीड़िता ने उस महिला और उसके एक साथी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है।

## नौकरी करने से रोकने पर महिला ने जान दी

**नोएडा।** छिजारसी कॉलोनी में रविवार सुबह महिला ने नौकरी करने से रोकने पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से जिला हरदोई निवासी दीपिका कुमारी का विवाह करीब एक वर्ष पहले बिहार के जिला मुंगेर निवासी निशांत कुमार के साथ हुआ था। निशांत और उसके माता-पिता छिजारसी कॉलोनी में किराये के घर में रहते हैं। निशांत एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। शादी के कुछ दिनों तक दोनों के बीच सबकुछ ठीक रहा, लेकिन कुछ माह बाद दोनों में विवाद रहने लगा। परिजन का कहना है कि दीपिका प्राइवेट कंपनी में नौकरी करना चाहती थी, लेकिन परिवार के लोग नौकरी नहीं करने देना चाहते थे।

## सपा का चुनावी बिगुल, 29 मार्च को अखिलेश यादव की विशाल रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अपना चुनावी अभियान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नोएडा से शुरू करने जा रही है। 29 मार्च को दादरी में आयोजित होने वाली विशाल जनसभा में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव हिस्सा लेंगे। इस रैली को पार्टी के चुनावी अभियान का आधिकारिक आगाज माना जा रहा है।

नोएडा में होने वाली इस जनसभा के जरिए समाजवादी पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 142 विधानसभा सीटों को साधने की रणनीति पर काम कर रही है। रैली को सफल बनाने के लिए गुर्जर समाज के नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। राज. कुमार भाटी के नेतृत्व में पिछले कई महीनों से इस रैली की तैयारियां की जा रही हैं। रैली को सफल बनाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज. कुमार भाटी ने मेरठ में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में नोएडा पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी 350 से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनाएगी।

**सरकार बनने के दावे और वादे:** राजकुमार भाटी ने कहा कि जनता भाजपा की नीतियों से परेशान है और बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला कल्याण और किसानों के लिए कई योजनाएं लागू की जाएंगी।

उन्होंने बताया कि पार्टी सरकार में आने पर स्कूल, कॉलेज और अस्पतालों का विस्तार किया जाएगा, महिलाओं को पेंशन, बच्चों को लैपटॉप और बेटियों को कन्या विद्या धन जैसी योजनाएं फिर से शुरू की जाएंगी।

**संगठन में उत्साह, तैयारियां तेज:** पार्टी नेताओं का कहना है कि कार्यकर्ता पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ चुनावी तैयारियों में जुटे हैं। बैठक में कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे और रैली को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई।

## शराब की दुकान खोलने के विरोध में कलेक्ट्रेट पर हंगामा

**नोएडा।** सेक्टर-36 के निवासियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर शराब की दुकान खुलने के विरोध में प्रदर्शन किया। आरोप है कि रिहायशी क्षेत्र में नियमों की अनदेखी कर दुकान को शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में खोला गया है। आबकारी विभाग ने नियमों के खिलाफ जाकर लाइसेंस जारी किया है। दुकान को तत्काल बंद कराने की मांग की और इस संबंध में डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं आबकारी विभाग दुकान खुलने की जगह की जांच कर रहा है। निवासियों ने बताया कि आबकारी विभाग के नियमों के तहत शराब की दुकानों की रिहायशी क्षेत्र, स्कूल-कॉलेज और धार्मिक स्थलों से दूरी होनी चाहिए, लेकिन सेक्टर के कॉम्प्लेक्स में विभाग ने शराब की दुकान का लाइसेंस जारी कर दिया।

## ग्रेनो में बड़ी कंपनियां लाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में औद्योगिक विकास को रफ्तार देने के लिए बड़ी कंपनियों को लाने की तैयारी चल रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का 28 मार्च को उदघाटन होने जा रहा है। ऐसे में ग्रेटर नोएडा के पास बड़े निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित करने का अच्छा मौका है। इसे देखते हुए प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है।नोएडा एयरपोर्ट के उदघाटन समारोह के दौरान हाईटेक शहर के बुनियादी संसाधनों एक्सप्रेसवे और चौड़ी सड़कों के साथ मेट्रो, वायु कनेक्टिविटी और अन्य मूलभूत सुविधाओं को दर्शाया जा सकता है।

ऐसे में एयरपोर्ट की तरफ जाने वाले रास्तों पर होर्डिंग लगाए जाएंगे। इसे लेकर बैठक हो चुकी है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में राजनेताओं के साथ बड़ी संख्या में उद्यमियों के भी आने की संभावना है। ऐसे में शहर को नई पहचान दिलाने का मौका है।यहां औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगीवहीं उद्योगों को जमीन आवंटित करने के लिए लैंडबैंक तैयार किया जा रहा है। नोएडा एयरपोर्ट से सटे इलाके और ग्रेटर नोएडा ईस्ट और वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर चौड़ी सड़क के किनारे औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा।

इसके लिए अस्तौली, अमरपुर, अटाई मुरादपुर, सुनपुरा, धूममानिकपुर आदि गांवों में किसानों से सीधे जमीन खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। किस गांव में कितनी जमीन उपलब्ध है, इसका सर्वेक्षण कराया जा चुका है।अधिकारी के मुताबिक एयरपोर्ट से सटे गांवों के साथ ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर सड़क के किनारे स्थित औद्योगिक सेक्टरों में विकास कार्य तेज कर दिए गए हैं।900 हेक्टेयर का लैंड बैंक बनाने का लक्ष्यशहर के आठ औद्योगिक सेक्टरों में 900 हेक्टेयर का लैंड बैंक बनाने का लक्ष्य है। इसके मुकाबले अब तक 500 हेक्टेयर जमीन खरीदी जा चुकी है। हालांकि, मुआवजा दर कम होने की वजह से इसमें तेजी नहीं आ रही है। औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-7, 8, 9, 12ए, 16,19, 19ए और 21 में उद्योगों के लिए जमीन की सख्त जरूरत है। यहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियां निवेश करने के लिए आगे आ रही हैं।बेहतर बुनियादी संसाधन के चलते ग्रेटर नोएडा की तरफ औद्योगिक निवेशकों का रुझान तेजी से बढ़ा है। नोएडा एयरपोर्ट के आने से औद्योगिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की बड़ी कंपनियों को लाने का प्रयास है। इसके लिए लैंडबैंक तैयार किया जा रहा है।

## नोएडा में शुरू होगी 24 स्पीड पोस्ट सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में पार्सल डिलीवरी में देरी को लेकर अक्सर लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। जहां सामान्य डाक या स्पीड पोस्ट से पार्सल पहुंचने में 3 से 5 दिन लग जाते हैं, वहीं समय की पाबंदी के चलते लोग प्राइवेट कोरियर कंपनियों को प्राथमिकता देते हैं।

अब इस धारणा को बदलने के लिए डाक विभाग 24 स्पीड पोस्ट सेवा शुरू करने जा रहा है, जिसकी सबसे खास बात तय समय में डिलीवरी और देरी होने पर मुआवजा देना है। यह व्यवस्था अगले माह से शुरू होने जा रही है।इस संबंध में सेक्टर-19 स्थित डाक विभाग के सीनियर पोस्टमास्टर मनोज कुमार ने बतांया कि इस नई सेवा के तहत पार्सल की डिलीवरी एक निश्चित समय सीमा में की जाएगी। यदि तय समय के भीतर पार्सल नहीं पहुंचता है, तो ग्राहक को मुआवजा दिया जाएगा। इससे ग्राहकों का भरोसा बढ़ेगा और वे डाक विभाग की सेवाओं की ओर आकर्षित होंगे।

24 स्पीड पोस्ट को पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए इसमें ओटीपी आधारित डिलीवरी सिस्टम लागू किया जाएगा। यानी पार्सल तभी सौंपा जाएगा जब ग्राहक ओटीपी साझा करेगा। इसके अलावा एसएमएस अलर्ट, आनलाइन ट्रैकिंग और रियल-टाइम अपडेट जैसी सुविधाएं भी दी जाएंगी, जिससे नोएडा के लोग अपने पार्सल की स्थिति हर समय जान सकेंगे।

## ग्रेटर नोएडा में बनेगा 174 एकड़ में लॉजिस्टिक्स पार्क

■ 1000 करोड़ निवेश को बढ़ावा, 30% लैंड सब्सिडी मंजूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क नीति-2024 के तहत ग्रेटर नोएडा में 174.12 एकड़ भूमि पर मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) की स्थापना के लिए नियम, शर्तें और ब्रोशर को मंजूरी दे दी गई है। यह फैसला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया।



राज्य सरकार की नीति के अनुसार, न्यूनतम 1000 करोड़ रुपये के निवेश वाली मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क परियोजनाओं को प्रोत्साहन दिया जाएगा। ऐसी परियोजनाओं को 30% फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी दी जाएगी, जो केवल सरकारी या औद्योगिक विकास प्राधिकरण की लीज पर आवंटित जमीन पर ही लागू होगी। उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति (एचएलईसी) ने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण बोर्ड, मूल्यांकन समिति और औद्योगिक विकास विभाग की संस्तुति के आधार पर चयनित बोलीदाता को 30% लैंड सब्सिडी देने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी पहले ही दे दी थी।

**174.12 एकड़ में विकसित होगा पार्क:** ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण सेक्टर कप्पा-02 (पहले कप्पा-11) में करीब 174.12 एकड़ (7,04,664 वर्ग मीटर) भूमि पर इस लॉजिस्टिक्स पार्क को विकसित करेगा। परियोजना के नियम और शर्तों को उच्च स्तरीय समिति से भी मंजूरी मिल चुकी है। भूखंड के आवंटन के लिए ई-नीलामी का तरीका अपनाया जाएगा।

**11,000 प्रति वर्गमीटर तय रिजर्व प्राइस:** भूखंड का आरक्षित मूल्य 11,000 रुपये प्रति वर्गमीटर तय किया गया है। 30% फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी की गणना इसी रिजर्व प्राइस के आधार पर होगी। सफल बोलीदाता को यह परियोजना 7 साल में पूरी करनी होगी, जिसमें पहले 3 साल में कम से कम 40% काम पूरा करना जरूरी होगा। विशेष परिस्थितियों में अधिकतम 2 साल का अतिरिक्त समय दिया जा सकता है।

## सैमसंग ने पेश किया मेंटेनेन्स मोड डेटा सुरक्षा को मिलेगा और मजबूती

**गुरुग्राम।** भारत में सबसे बड़ा कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने प्राइवेसी-फिस्टेड मेंटेनेन्स मोड फीचर को हाइलाइट किया है, जो रेपियर के दौरान गैलेक्सी डिवाइस को हैंड ओवर करने पर व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। यह फीचर डेटा-संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह से दुर्गम रहती है जब गैलेक्सी डिवाइस पेशेवर सर्विसिंग के लिए सौंपे जाते हैं।

स्मार्टफ़ोन संवेदनशील वित्तीय और व्यक्तिगत डेटा के हब बन गए हैं, और सैमसंग पारदर्शिता और नियंत्रण को प्राथमिकता दे रहा है। मेंटेनेन्स मोड एक सुरक्षित, सैंडबॉक्स्ड वातावरण बनाता है, जिससे तकनीशियन उपयोगकर्ता के निजी इकोसिस्टम तक पहुंच के बिना डायग्नोस्टिक्स कर सकते हैं।

**मेंटेनेन्स मोड कैसे काम करता है?**

मेंटेनेन्स मोड डिवाइस पर एक अलग ऑपरेटिंग वातावरण बनाता है, जिससे सर्विस तकनीशियन उपयोगकर्ता डेटा तक पहुंच के बिना डायग्नोस्टिक्स और रिपेयर कर सकते हैं। एक बार सक्रिय होने के बाद, आवश्यक सिस्टम फ़ंक्शंस तक ही पहुंच सीमित होती है, जिससे व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रहती है। उपयोगकर्ता डिवाइस प्रमाणीकरण का उपयोग करके मेंटेनेन्स मोड से बाहर निकल सकते हैं, जिससे उनके डेटा और सेटिंग्स तुरंत पुनर्स्थापित हो जाते हैं।

**मेंटेनेन्स मोड के प्रमुख लाभ:**

डेटा आइसोलेशनरू संवेदनशील फ़ाइलें, संपर्क और व्यक्तिगत ऐप पूरी तरह से छिपे और लॉक रहते हैं।

टेक्नीशियन एक्सेस: विशेषज्ञ उपयोगकर्ता-विशिष्ट डेटा तक पहुंच के बिना डिवाइस का परीक्षण कर सकते हैं।सहज पुनर्स्थापनारू उपयोगकर्ता मोड से बाहर निकलते हैं और अपने डेटा को ठीक वैसा ही पाते हैं जैसा वह था।

**भारत भर में जागरूकता बढ़ाना**

सैमसंग अपने व्यापक सर्विस नेटवर्क में ग्राहकों को अपनी प्राइवेसी का नियंत्रण लेने के लिए सशक्त बनाने के लिए स्टोर में डेडिकेटेड टचपॉइंट्स तैनात कर रहा है।

**मेंटेनेन्स मोड को कैसे सक्षम करें?**

गैलेक्सी इकोसिस्टम के भीतर एक सरल, चार-स्टेप प्रक्रिया के माध्यम से इस फीचर को सक्रिय किया जा सकता है

**सेटिंग्स खोलें**

बैटरी और डिवाइस केयर पर टैप करें

**मेंटेनेन्स मोड का चयन करें**

टर्न ऑन पर टैप करें और डिवाइस को रीस्टार्ट करें

मेंटेनेन्स मोड को गैलेक्सी अनुभव में एकीकृत करके, सैमसंग पारदर्शी और भरोसेमंद स्वामित्व यात्रा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। हार्डवेयर नवाचार या सॉफ्टवेयर सुरक्षा के माध्यम से, सैमसंग यह सुनिश्चित करता है कि आपका डेटा हमेशा आपका ही रहे।

# किसान ने खुद को गोली मारकर दी जान

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, पूरे मामले की जांच में जुटी पुलिस



मृतक फाइल फोटो







**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के हिम्मतपुर सूजती गांव में एक किसान ने कनपटी पर गोली मारकर जान दे दी। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिया है।

हिम्मतपुर सूजती निवासी कुलद.ीप उर्फ बिट्टू 36 वर्ष पुत्र धर्मवीर ने रविवार रात्रि घर के अंदर कनपटी से सटाकर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। परिवार में मृतक कुलदीप के अलावा उसकी मां बालेश ही रहते थे। मृतक का बड़ा भाई संदीप यूपी पुलिस में है। मृतक घर में अकेला था उसकी मां अपने रिश्तेदार के यहां निरपुड़ा गई हुई थी। सुबह करीब नो बजे मृतक की ताई कृष्णा उसे खाना देने पहुंची तो कुलदीप ने कुंडी नहीं खोली। चचेरे भाई विपिन ने जोर से धक्का मारकर गेट खोला गया। दरवाजे की अंदर से कुंडी बंद थी, जबकि कुलदीप का शव जमीन पर पड़ा था जिसके सिर के पास से काफी खून बहता दिखाई दे रहा था। परिजनों ने दोघट थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर सीओ बड़ौत अंशु जैन, थाना प्रभारी दोघट केवल सिंह मय फोर्स के मौके परपहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी दोघट केवल सिंह ने बताया कि मृतक नशे का आदी बताया गया है प्रथम दृष्टया युवक द्वारा खुद गोली मारकर जान दी है। पास में ही तमंचा व खाली खोखा पड़ा मिला।

## फार्मर रजिस्ट्री के लिए किसान का आधार लिंक मोबाइल नंबर व खतौनी की होगी जरूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सोमवार को जिलाधिक.ारी अस्मिता लाल ने हसनपुर मसूरी गांव पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री कार्य का सत्यापन किया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव में जनजागरूकता का प्रचार प्रसार कराया जाए कोई भी फार्मर रजिस्ट्री कराई जाने से वंचित नहीं रहना चाहिए।

कृषि उपनिदेशक विभाति चतुर्वेदी ने बताया कि किसान सम्मान निधि योजना में 107814 पंजीकृत कृषक सत्यापित है जिसमें से अभी तक 76155 कृषको द्वारा अपनी फार्मर रजिस्ट्री करायी गयी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अवशेष कृषक जो अपनी फार्मर रजिस्ट्री नही करा रहे है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त तथा सरकार द्वारा कृषको के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओ खाद, बीज, कृषि यंत्र, कीटनाशी, फसल बीमा, कृषि ऋण आदि पर अनुदान का लाभ नही मिल पायेगा। इसलिए जिन कृषको ने अभी तक अपनी फार्मर रजिस्ट्री नही करायी है वे अपना आधार, खतौनी, आधार से लिंक मोबाईल लेकर अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर तत्काल अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा लें। कृषक अपने मोबाईल से भी Google Play Store Is Farmer Registry UP मोबाईल ऐप डाउनलोड कर स्वयं भी अपना पंजीकरण कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा फार्मर रजिस्ट्री का मुख्य उद्देश्य किसानों की जमीनों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एकत्र करने का कार्य पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पूरा करना है, यह पहल किसानों को सरकारी योजनाओं और अनुदानों का लाभ सीधे और प्रभावी तरीके से प्रदान करने में मदद करेगी। उत्तर प्रदेश में जिन किसानों की जमीन जगह-जगह स्थान पर है। उन जमीनों को एक प्लेटफार्म पर लाकर रिकॉर्ड को व्यवस्थित तरीके से डिजिटल करण करना है। राजस्व विभाग, कृषि विभाग, पंचायत सहायक आदि के द्वारा ग्राम स्तर पर फ्री फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में जानकारी ली जा सकती है।

## आधा दर्जन गावों की बिजली आपूर्ति रही ठप्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** चमरावल बिजली उपकेन्द्र से जुड़े आधा दर्जन गावों की विद्युत आपूर्ति फाल्ट आने के कारण के 9 बजें से दोपहर तक ठप रहेंगी जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

चमरावल विघुत उपकेन्द्र से जुड़े मुकारी, ढिकोली, पिलाना सहित कई गावों की विघुत आपूर्ति सुबह 9 बजें से दोपहर तक ठप रही जिस कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीण राकेश, विकास आदि ने बताया सुबह का टाइम बिजली ना आने से रोजमर्रा के कार्य ठप रहे। वही अन्य ग्रामीणों ने बताया कि दो बार बिजली में फाल्ट के चलते लोगो को परेशानी उठानी पड़ी। उधर जई सुनील दत ने बताया कि मुकारी में फॉल्ट के चलते सिर्फ दो बार 15 मिनट के लिए सिडाऊन लिया गया है। विघुत आपूर्ति सुचारू रूप से चल रही है।

## भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं ने देश की आजादी के महानायक क्रान्तिवीरो भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शत शत नमन।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा भगत सिंह राजगुरु सुखदेव ने अपना सब कुछ त्याग बलिदान कर देश को आजादी दिलाकर आने वाली पीढ़ी के हाथो मे सुरक्षित सोप कर खुले मे सांस लेने का अधिकार दिलाया। ऐसी महान आत्मा इस संसार मे कभी कभी जन्म लेती है। आज नोजवानो के उनके आदर्शों का अनुशरण करना चाहिए। 24 मार्च को जनपद के बामनोली गांव मे होने वाली किसान पंचायत सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आहवान किया। इस अवसर पर ओमबीर दुहण हरि हर कुमार ब्रजमोहन शर्मा रविन्द्र तोमर सोनू त्यागी डा.सुभाष शर्मा मदन सिंह दुहण चाहीराम नन्दकिशोर शर्मा मीडिया प्रभारी औकार दत्त शर्मा जोनमाना आदि उपस्थित रहे।

## हीरो एग्रीकल्चर फैक्ट्री में लगी भयंकर आग, लाखों का सामान जलकर राख



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर की रिमधुरे की फैक्ट्री में देर रात शॉर्ट सर्किट होने से फैक्ट्री में आग लग गई जिसमें फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों में भगदड़ मच गई। कई मजदूर फैक्ट्री में सो रहे थे।

नगर की आवास विकास कॉलोनी के पीछे बनी फैक्ट्री में अचानक धुआं उड़ने लगा धीरे-धीरे आग जोर पकड़ गई। नगर की मधु फैक्ट्री में आग से टायर रिम जलकर राख हो गए। मौके पर सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ी पहुंच गई, जिन्होंने दो घंटे में आग पर काबू पाया। मौके पर कोई जनहानि नहीं हुई बडौत शहर की हीरो एग्रीकल्चर फैक्ट्री में रविवार को देर रात भीषण आग लग गई। इस घटना में फैक्ट्री में रखे टायर और रिमधुरे जलकर राख हो गए। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों को 2 घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। गनीमत रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई आग की इतनी भयंकर थी कि वह फैक्ट्री के पीछे की कॉलोनी तक पहुंच गई जिससे स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई। सुरक्षा के मध्य नजर कई परिवारों को अस्थायी रूप से उनके घरों से हटाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड पुलिस के अधिकारी अर्म.रंदर प्रताप सिंह ने बताया कि आग शॅक्र्ट सर्किट के कारण लगी थी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आग से लाखों रुपए का नुकसान होने की का अनुमान है। फैक्ट्री के चौकीदार रामवीर ने बताया कि उन्हें आग लगने की सूचना पुलिस द्वारा दी गई थी। पड़ोसियों ने बताया कि आग की लपटे इतनी तेज थी। पूरा इलाका धुएं और चिंगारियां से भर गया पुलिस और फायर ब्रिगेड की सूझबूझ से आग पर काबू पाते हुए अनहोनी से एक बड़ा हादसा टल गया। फैक्ट्री मालिक का लाखों रुपए का नुकसान हो गया। फैक्ट्री में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से चारों तरफ नगर की कॉलोनी में धुआं ही धुआं नजर आ रहा था आग इतनी भयंकर थी कि अगर मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंचती तो कई मकानों को भी आपकी चपेट में लिया जा सकता था। फैक्ट्री में लाखों रुपए के नुकसान से फैक्ट्री मालिक भयभीत है।

## अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बदरखा गांव में देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि 23 मार्च 1931को महान क्रांतिकारी भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस को कभी बुलाया नहीं जा सकता।

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले वतन पर मिटने वालों का बाकी यही निशा होगा। फांसी का फंदा भी फूलों से कम नहीं था वह भी ढूंढ सकते थे अपनी मंजिल मगर वह देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देते हुए शहीद हो गए। वह दिन देश में ऐसा दिन था जब उन्होंने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को अपने गले लगा लिया और वीरगति को प्राप्त हो गए। आज पूरा देश उनको नमन कर रहा हैविश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव शौकेंद्र खोखर बदरखा ने आज उनके स्मृति स्थल पर पहुंचकर अमर शहीद यतेंद्र खोखर बदरखा की स्मृति पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने देश के अमर शहीद यतेंद्र खोखर बदरखा को नमन करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उनके साथ सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## वैदिक कॉलेज में शहीद दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के वैदिक कॉलेज इतिहास विभाग में शहीद दिवस के उपलक्ष में एक गरिमामय एवं प्रेरणादायक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, त्याग और बलिदान की भावना को जागृत करना तथा स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों के प्रति सम्मान प्रकट करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं भूगोल विभाग के डा.देवेंद्र सिंह, डा.अजय कुमार, डा.मधुर यादव, डा.राजेश कुमार दुबे अन्य सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

प्राचार्य प्रो.वीरेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद दिवस हमें उन महान वीरों के अद्वितीय बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आहवान किया कि वे शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शहीदों का बलिदान और हमारा कर्तव्य, देशभक्ति का महत्व जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली एवं भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किए।

## सपाइयों ने किया लोहिया व भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव को नमन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने समाजवादी चिंतक और स्वतंत्रता सेनानी डा.राम मनो.हर लोहिया की जयंती मनाई और सरदार भगत सिंह राजगुरु व सुखदेव के शहीद दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयाजित हुआ।

अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की। कार्यक्रम के आरंभ में डा.लोहिया और शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के चित्रों पर को सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए सादर नमन किया। अमर शहीदों के बलिदान और डा. लोहिया के विचारों पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र देव यादव व पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान ने कहा कि आज का दिन समाजवादियों के लिए प्ररेणा दिवस है क्योंकि दुनिया में साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद के विरोध के और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष में अमर शहीद भगत सिंह राजगुरु व सुखदेव ने प्राण न्यौछावर किये, साथ ही स्वतंत्रता सेनानी प्रखर समाजवादी चिंतक और सपा के प्ररेणा महापुरुष डा.लोहिया की जयंती मनाई। डा.लोहिया ने भारत की आजादी की लड़ाई में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और स्वतंत्र भारत में सामाजिक न्याय को केंद्र बिंदु में रखते हुए एक समाजवादी समाज की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गुर्जर, राहुल यादव, ललित , सुभाष, प्रताप, बिजेंद्र, शाहरुख, अजमू, प्रवीन प्रधान, नीलम गुलिस्ता, सानिया, रचना, शमां, शहनुर आदि मौजूद रहे।

## बागपत सीओ श्रेष्ठा ठाकुर को मिली एडिशनल एसपी पद पर पदोन्नति

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** पुलिस उपाधीक्षक श्रेष्ठा ठाकुर को अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। पुलिस अधीक्षक सूरज राय और अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह चौहान ने उन्हें रैंक प्रतीक (अशोक स्तंभ) लगाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

श्रेष्ठा ठाकुर वर्तमान में बागपत में तैनात है वह अपनी ईमानदार और भरोसेमंद छवि के लिए जानी जाती हैं। इससे पहले, उन्होंने शामली में भी सेवा दी है, जहां उन्होंने एंटी रोमियो टीम का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया था। पदोन्नति के बाद, श्रेष्ठा ठाकुर को पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से शुभकामनाएं मिलीं। उन्होंने अपनी पदोन्नति को अपनी मेहनत का परिणाम बताया और कहा कि वह उन्हें मिलने वाली हर जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी।



## मिट्टी के कटाव को रोकने में सहायक है बांस के पौधों की जड़ें: डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जनपद में बाढ़ नियंत्रण एवं न्यूनीकरण के लिए सतत, प्रभावी एवं पर्यावरण-अनुकूल उपायों को बढ़ावा देते हुए जिला.धिकारी अस्मिता लाल के नेतृत्व में एक अभिनव पहल की गई।

यमुना नदी के तटवर्ती बाढ़ प्रभावित ग्राम सुभानपुर, जहां वर्ष 2023 में बांध कटान की घटना हुई थी तथा वर्ष 2025 में भी क्षेत्र की संवेदनशीलता बनी रही, वहां दीर्घकालिक समाधान की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी द्वारा वन विभाग के समन्वय से व्यापक वृक्षारोपण अभियान प्रारंभ किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा ग्राम सुभानपुर में पहुंच कर बांस, अर्जुन एवं जामुन के पौधों का रोपण कर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर 2000 से अधिक पौधे लगाए गए, जिससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को हरित एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि बांस के पौधों की जड़ें अत्यंत मजबूत एवं घनी होती हैं, जो मिट्टी के कटाव को रोकने में सहायक हैं। साथ ही, इनके घने झुरमुट बाढ़ के जल प्रवाह को नियंत्रित कर प्राकृतिक अवरोध के रूप में कार्य करते हैं, जिससे आसपास के खेतों एवं आबादी को सुरक्षा मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना बाढ़ सुरक्षा के लिए एक सतत, पारिस्थितिक एवं दीर्घकालिक समाधान का उत्कृष्ट उदाहरण है। जनपद बागपत इस पहल के माध्यम से प्रदेश में नवाच.ार एवं पर्यावरण-अनुकूल बाढ़ प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस अभियान से जहां एक ओर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर स्थानीय ग्रामीणों के लिए बांस आधारित आजीविका के नए अवसर भी सृजित होंगे। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत, स्थानीय कृषकों एवं संबंधित विभागों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान की नियमित निगरानी एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित की जा रही है, जिससे इसकी दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित हो सके। जिला.धिकारी ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की प्रकृति-आधारित पहलों को प्रोत्साहित किया जाता रहेगा, जिससे सतत विकास एवं जनकल्याण के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी विनोद कुमार, मुख्य विकास अधिकारी राहुल वर्मा, वन क्षेत्राधिकारी सरवन कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## क नजर

### खेकड़ा सीएचसी पर एचपीवी टीकाकरण शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खेकड़ा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी (यूमन पैपिलोमावायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन चेयरपर्सन नीलम धामा और चिकित्सा अधीक्षक डॉ.मौ.ताहिर ने संयुक्त रूप से किया।


इस अवसर पर महिला चिकित्साधिकारी डा.समौला गुप्ता, प्रतिरक्षण सहायक अनुज श्रीवास्तव, रूपेंद्र शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। टीकाकरण कक्ष में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की गईं। पुष्पा पटेल ने बालिकाओं को वैक्सीन लगाई, जबकि अनु धामा ने पोर्टल पर टीकाकरण की एंट्री का कार्य संभाला। अनिता ने मोबिलाइजर के रूप में लाभार्थियों को जागरूक किया। अभियान के पहले दिन कुल 4 बालिकाओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। एचपीवी वायरस इस कैंसर का मुख्य कारण है, और यह वैक्सीन इसके बचाव में प्रभावी मानी जाती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेकड़ा पर यह टीकाकरण अभियान अब प्रत्येक कार्यदिवस में जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक बालिकाओं को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण कराकर इस अभियान को सफल बनाएं।

### दो युवकों ने मजदूर को सड़क पर घसीटकर पीटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** एक मजदूर की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। बागपत मेरठ हाईवे किनारे डोला गांव के पास दो लोगों ने मामूली कहासुनी के बाद मजदूर को पीटा और सड़क पर घसीटा। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के डोला गांव की है। गांव निवासी फिरोज मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। बताया जा रहा है कि गांव के ही दो लोगों से उसकी मामूली कहासुनी हुई थी, जिसके बाद उन्होंने फिरोज को हाईवे किनारे घेर लिया और जमकर पिटाई की। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मारपीट के बाद मजदूर को सड़क पर घसीटा जा रहा है। इस दौरान कई स्थानीय लोग वहां मौजूद थे, लेकिन कोई भी बीच-बचाव करने के लिए आगे नहीं आया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित मजदूर ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मारपीट करने वाले ये लोग पहले भी कई अन्य लोगों को इसी तरह निशाना बना चुके हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### तहसील समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खेकड़ा।** तहसील में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कुल 12 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 2 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिक.ारी अस्मिता लाल, पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय, क्षेत्राधिकारी रोहन चौरसिया, तहसीलदार वर्तिका श्रीवास्तव, एसडीएम निकेत वर्मा और मुख्य चिकित्सा अधिकारी तीरथ लाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। दर्ज की गई सभी 12 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं। अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 2 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया, जिससे संबंधित फरियादियों को राहत मिली। शेष 10 शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र नसीम व उसकी पत्नि रासीदा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
हफीजुदीन पुत्र फईमुदीन निवासी मौहल्ला पुरानी तहसील देवी चौक हनुमान मंदिर के पास बागपत तहसील व जनपद बागपत।

# 29 मार्च की रैली को लेकर सपा नेता राजकुमार भाटी पहुंचे मवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** समाजवादी पार्टी की 29 मार्च को प्रस्तावित दादरी रैली को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी मवाना पहुंचे। उन्होंने पार्टी के विस क्षेत्र अध्यक्ष के निवास पर पत्रकार वार्ता की। वार्ता के दौरान सवाल पूछे जाने पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि पिछले चुनाव में भीतरघातियों की रिपोर्ट पार्टी के पास है। इस बार टिकट समय से घोषित किए जाएंगे।इस बार कुछ प्रत्याशी बदले भी जा सकते है और नए चेहरो को पार्टी मैदान में उतारेगी।

रैली के बारे में सपा नेता राजकुमार भाटी ने कहा कि 29 मार्च को आयोजित दादरी के मिहिर भोज डिग्री कॉलेज में आयोजित रैली को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव संबोधित करेंगे। इसे समाजवादी समानता भाईचारा रैली का नाम दिया गया है। यह रैली 2027 के विस चुनाव का शंखनाद होगा। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार कोई रचनात्मक काम नहीं कर रही है। सिर्फ विध्वंसता का काम किया जा रहा है। किसी का मकान तोड़ना हो या भाईचारा तोड़ना हो, सभी में भाजपा आगे है। यहां तक कि साधुओं को भी बांटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। जो कहते थे, बटेंगे तो कटेंगे, वह सभी को बांटने का काम कर रहे हैं। जगतगुरू शंकराचार्य पर फर्जी पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराना बहुत शर्मनाक बात है। अपराध, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई बढ़ी है। पुलिस थानों में वसूली कर रही है। जनता इस सरकार को 2027 में सरकार को इन मुद्दों को लेकर पर जवाब देगी। इस रैली में प्रदेश के 32 जिलों के 140 विधानसभा के लोग शामिल होंगे।



प्रेसवार्ता में सपा नेता राजकुमार भाटी के साथ मौजूद जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी।

## टिकट वितरण को लेकर शुरू हुई तैयारी

एक सवाल के जवाब में सपा नेता राजकुमार भाटी ने कहा कि टिकट वितरण को लेकर समाजवादी पार्टी ने इसके लिए सबसे पहले तैयारी शुरू कर दी है। छह महीने से पार्टी गंभीरता के साथ तैयारी में जुटी है। बूथ कमेटियों के गठन किए गए हैं, उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जा रहे हैं। टिकट को लेकर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष तीन अलग-अलग सर्वे करा रहे हैं। जनपद और स्थानीय स्तर के नेताओं से विचार विमर्श किया जाएगा। उसके बाद टिकटों की सूची जारी कर दी जाएगी। इस इस बार टिकट के लिए किसी से आवेदन नहीं मांगा जाएगा।। इस दौरान हिमांशू सिद्धार्थ, सचिन गुर्जर, राजन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं की चौपाल का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** मिशन शक्ति केंद्र की टीम ने सोमवार को क्षेत्र के नैडू स्थित आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं की चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को अपराधिक घटनाओं से बचाव के लिए जागरूक किया। छात्राओं की चौपाल में थाना फलावदा मिशन शक्ति केंद्र की प्रभारी आशा शर्मा, उप निरीक्षक साक्षी शर्मा ने छात्राओं एवं महिलाओं को छेड़छाड़ की घटनाओं से बचाव के लिए एवं आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया। साथ ही साइबर अपराध तथा महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि गांव में रहने वाली बेटी महिलाएं यदि किसी घटना का शिकार होती हैं तो तुरंत पुलिस को फोन करके जानकारी दें पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी लेकिन ऐसी घटनाओं को छुपाए नहीं बल्कि उन्हें परिवार को बताएं स्कूल में पढ़ने वाली छात्राएं एवं महिलाओं के साथ बढ़ रही घरेलू हिंसा शोषण की घटनाओं को रोकने के लिए महिला पुलिसकर्मी घर-घर पहुंचकर महिलाओं एवं बेटियों को जागरुक कर रही हैं। उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्या को निर्देश दिया कि छात्राओं की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र के लिए विद्यालय में पेटिका अवश्य लगाएं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रधानाचार्या काजल सिंह ने छात्राओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प दिलाया और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के संचालक गौरव कुमार ने महिला पुलिस कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए सम्मान किया। इस दौरान मिशन शक्ति केंद्र की सहायक ऐश्वर्या पाठक, एसआई अमित कुमार, एसआई शुभम दुबे के अलावा छात्राओं के अभिभावक भी मौजूद रहे।

# सदर खाटू श्याम में महाआरती व प्रसाद वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सदर सदर छोटा खाटू धाम मंदिर सदर तिलक पार्क में महाआरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के नए पदाधिकारियों व समाजसेवियों का सम्मान किया गया। ऋषभ एकाडेमी के सचिव डा. संजय जैन ने भाजपा के तमाम पदाधिकारियों को मंदिर की ओर से सम्मानित

**■ ऋषभ अकादमी के सचिव डॉ. संजय जैन को किया सम्मानित**

किया। भाजपा नेताओं के सम्मान के अलावा इस मौके पर प्रसाद भी बांटा गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्याम बाबा का आशीर्वाद लिया।

# बहसूमा में नामित सभासदों ने ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** शासन द्वारा नगर पंचायत बहसूमा में तीन नामित सभासद वार्ड 7 से अमित गोयल ओमवीर प्रजापति जयवीर अहलावत को बनाया गया। जिसमें सोमवार को नगर पंचायत द्वारा शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। जिसमें श्री दुर्गा मंदिर से ढोल नगाड़े एवं फूलमालाओं से स्वागत कर पूरे नगर में भ्रमण किया गया। उसके बाद जैन धर्मशाला में अध्यक्ष सचिन सुकड़ी अधिशासी अधिकारी हरि नारायण सिंह ने तीनों सभासदों को विधिगत शपथ दिलाई गई। शपथ समारोह में भाजपा नेता एवं सभासद अमित गोयल ने कहा कि वह सत्य निष्ठा एवं कर्तव्य से निर्वाह करेंगे और गरीब, मजदूर, अहसाय लोगों की मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे , कस्बे का चौमुखी विकास करने के लिए संघर्ष करेंग। वहीं नामित सभासद जयवीर अहलावत, ओमवीर प्रजापति ने अपने विचार रखें। तीनों सभासदों का नगर में मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ



समाजसेवी जयकिशन गोयल, मोनू बंसल, अमन गोयल, निशु रस्तोगी, ऋषभ गोयल, हरीश गोयल, विनीत अहलावत, कारी सलीम, इकबाल सैफी, दिले सिंह प्रजापति, अश्वनी बिश्नोई, गोपाल अग्रवाल, प्रदीप प्रधान, पिंटू चौधरी, अब्दुल्ला सैफी, रईसुद्दीन, रईस सलमानी, राजपाल नागर, शमी बत्रा, विपुल गोयल, सभासद अरुण जाटव सभासद वीरेंद्र नगर सभासद मनीष अहलावत सभासद जाटव सभासद सूरजपाल, सभासद राजू राठी, सुदर्शन गोयल, पियुष सिंगल, अमृतसर गोल, सुशील गोयल, संजीव गर्ग, प्रमोद गर्ग, भोले सिंघल, शालू सिंघल, टीटू जैन, आशीष सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# झुग्गी -झोपड़ीवासियों ने पक्के मकान की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिले में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान दिलाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षों से रह रहे झुग्गीवासियों को अब तक योजना का लाभ नहीं मिल सका है, जबकि उनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि कई बार सर्वे होने के बावजूद उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया और न ही कोई स्पष्ट जानकारी दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पात्र होने के बावजूद अधिकारियों द्वारा अनदेखी की जा रही है, जिससे गरीब परिवारों को मजबूरन झुग्गियों में ही जीवन यापन करना पड़ रहा है। झुग्गीवासियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वह आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पात्र लोगों की निष्पक्ष जांच कर उन्हें जल्द से जल्द पक्के मकान उपलब्ध कराए जाएं।0

# आशा कार्यकत्रियों का प्रदर्शन, बहाली की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिलाधिकारी कार्यालय पर सोमवार को आशा कार्यकत्रियों और संगिनी बहनों ने धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी की। 17 आशा कार्यकत्रियों की बिना पूर्व सूचना सेवा समाप्ति के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने हटाई गई सभी कार्यकत्रियों को तत्काल बहाल करने की मांग उठाई। धरने के दौरान कार्यकत्रियों ने कहा कि वे पिछले करीब 20 वर्षों से कम मानदेय पर विभिन्न सरकारी योजनाओं में कार्य कर रही हैं। कोरोना काल और पोलियो अभियान जैसी जिम्मेदारियां भी उन्होंने पूरी निष्ठा से निभाईं। अब नौकरी छिनने से उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द बहाली नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान ज्ञापन भी सौंपा गया। धरने में निर्मेश त्यागी, विमला वर्मा, रेखा, कविता,



रीना, भागेश, मनीषा सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं। वहीं कुलदीप त्यागी और एडवोकेट नरेन्द्र शर्मा ने भी समर्थन दिया।

## बहसूमा में धूमधाम से मनाया शहीद दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के मोहल्ला कैलाशपुरी में समाजसेवियों ने शहीद दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया गया। इस मौके पर समाजसेवी विनीत अहलावत ने कहा कि शहीदों ने अपनी जान पर खेलते हुए देश को आजाद कराया है आज उन्हीं की देन है जो आजाद घूम रहे हैं और अच्छी हवा खा रहे हैं हमें उन्हें याद करना चाहिए और उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से नीरज राठी, विनीत अहलावत, सोनू चौधरी, हिमांशु राठी, दीपक जाट, शुभम चाहल, मोहित पोसवाल, ओरियन लांबा, लक्ष्मी चौधरी, लकी चौधरी आदि लोग शामिल रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को आत्मरक्षा व सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र में नारी सुरक्षा दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम गफूरी इंटर कॉलेज किठौर में छात्राओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान महिला उप निरीक्षक किरन, महिला कांस्टेबल रश्मि चौहान और एसआई अजय कुमार ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों और महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही, महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए बनाए गए विभिन्न कानूनों और नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी आपात स्थिति में साहस और समझदारी से काम लेने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के उपायों और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में भी



महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। इसके अतिरिक्त, छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चिकित्सीय सहायता 108, पुलिस कंट्रोल रूम 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।

## किठौर पुलिस ने तीन वारंटी किए गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार को सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों से तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा पकड़े गए सभी आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना के अनुसार, पुलिस टीम लंबे समय से इन वारंटियों की तलाश में लगी हुई थी। इसी क्रम में कस्बा शाहजहांपुर निवासी अकरम (पुत्र हबीब) और अशरफ (पुत्र नजीर) को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट के एक मामले में न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए गए थे। इसके अतिरिक्त पुलिस ने ग्राम ललियाना निवासी हारून (पुत्र मेहरबान) को भी गिरफ्तार किया। हारून के खिलाफ गौकशी के मामले में न्यायालय से वारंट जारी था, जिसके चलते वह काफी समय से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। फरार व वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमों को सक्रिय किया गया है, ताकि अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# शातिर अपराधी अवैध तमंचे व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** किठौर थाना क्षेत्र में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार को किठौर पुलिस ने एक शातिर अपराधी को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति खंद्रावली रोड माछरा क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और ग्राम कायस्थ बडा निवासी ईशान उर्फ बैगी पुत्र जीजू को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस आरोपी को तुरंत थाने ले आई, जहां उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं



बताया कि गिरफ्तार आरोपी ईशान एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ पहले से ही गौकशी और गैंगस्टर एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी से क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## सुभारती में 'शैक्षणिक संस्थानों में जेंडर सेंसिटाइजेशन' पर अतिथि व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में 'शैक्षणिक संस्थानों में जेंडर सेंसिटाइजेशन' विषय पर एक महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों में जेंडर सेंसिटाइजेशन के प्रति जागरूकता बढ़ाना, शैक्षणिक संस्थानों में समावेशी एवं सम्मानजनक वातावरण का निर्माण करना तथा लैंगिक समानता और अधिकारों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करना था। साथ ही विद्यार्थियों को जेंडर से जुड़े सामाजिक एवं कानूनी पहलुओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना भी इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य रहा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में फैकल्टी ऑफ लॉ की डीन, डॉ. रीना विश्नोई ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जेंडर सेंसिटाइजेशन केवल एक अवधारणा नहीं, बल्कि एक सामाजिक आवश्यकता है, जो शैक्षणिक संस्थानों में समानता, सम्मान और समावेशिता को बढ़ावा देती है।

# शहादत दिवस पर वाल्मीकि समाज ने शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को मेरठ के सर्किट हाउस स्थित एनेक्सी भवन के मीटिंग हॉल में 23 मार्च 1931 के महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित इस सभा में वाल्मीकि समाज के सैकड़ों युवा योद्धाओं और समाजसेवकों ने भारी उत्साह के साथ शिरकत की। मुख्य अतिथि के रूप में बुध प्रकाश भगत, मास्टर अब्दुल अजीज ठेकेदार, मानव ठेकेदार और नौशाद कुरैशी उपस्थित रहे, जिन्होंने अमर शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने वाल्मीकि समाज की अटूट देशभक्ति की सराहना करते हुए कहा कि देश की आजादी में इन क्रांतिकारियों का बलिदान युगों तक युवाओं को प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम का सफल आयोजन एडवोकेट अजय घेरा, अर्जुन करोतिया, प्रवीण भगवाने, अक्षय बहनवाल, अंकित चंडालिया, कृष्ण पाल वाल्मीकि और शिवम मंगवाने के नेतृत्व में हुआ। अंत में इंकलाब जिंदाबाद के नारों के साथ सभा का समापन हुआ।

# भारत में लोकतंत्र की जड़ें वैदिक काल से ही अंकुरितः राज्यपाल

## लोकतंत्र का भविष्य पार्लियामेंट में नहीं, बल्कि कक्षाओं में होगा: प्रो. मंजुला जैन, मेहमानों को शॉल, स्मृति चिन्ह, पोर्ट्रेट और संविधान की प्रस्तावना की भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** असम के महामहिम राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने कहा, लोकतंत्र एक जीवन पद्धति है। भारत में लोकतंत्र की जड़ें वैदिक काल से ही अंकुरित हैं। वैदिक काल में राजा भी अपनी प्रजा को तय नियमों-कानूनों के तहत ही राज्य करता था। वह धर्म और न्याय को सर्वोच्च स्थान देता था। वेदों में कहा गया है, धर्मो रक्षति रक्षतः अर्थात जो व्यक्ति धर्म, न्याय, नैतिकता, सही कर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है। कौटिल्य को कोट करते हुए बोले, प्रजा का सुख ही शासक का सुख है। प्रजा के हित में ही शासक का हित है। भगवान महावीर के अपरिग्रह और सत्य के सूत्र ही लोकतंत्र की सफलता के मूल हैं। श्री आचार्य तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज-टीएमसीएलएलएस की ओर से बिल्डिंग डेमोक्रेसी थ्रू लॉ एंड इन्फॉर्मेशन पर आयोजित दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के शुभारम्भ सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व कैंपस में असम के महामहिम के प्रथम मंगल आगमन पर की-नोट स्पीकर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी, लखनऊ के वीसी प्रो. राज कुमार मित्तल, टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन और डीन अकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। साथ ही स्काउट एंड गाइड की ओर से गॉर्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। कॉन्फ्रेंस में एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, टीएमसीएलएलएस के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। मेहमानों ने कॉन्फ्रेंस में जर्नल के संग-संग पुस्तक- दा डॉरी पैराडॉक्स का विमाेचन भी किया। कॉन्फ्रेंस के बाद मुख्य अतिथि श्री आचार्य ने लॉ कॉलेज में मूट कोर्ट का उदघाटन भी किया। मुख्य अतिथि और की-नोट स्पीकर को शॉल, स्मृति चिन्ह, पोट्रेट और भारतीय संविधान की प्रस्तावना भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कैंपस में वृक्षरोपण किया। साथ ही इंडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम का भ्रमण भी किया। कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ और समापन वंदे मातरम् और राष्ट्रगान के संग हुआ। श्री आचार्य बोले, सत्ता, पद और धन का उपयोग जनकल्याण के लिए करना ही लोकतंत्र को मजबूती प्रदान कर सकता है। संविधान और लोकतंत्र की सफलता के लिए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। एनईपी-2020 के लिए माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को साधुवाद देते हुए बोले, युवाओं में हुनर के विकास की एनईपी में वकालत की गई है। इसमें हम सफल भी हो रहे हैं। कर्तव्यों, नैतिकता, मानवीय मूल्यों में ही लोकतंत्र की सफलता निहित है। कानून किसी भी पद और व्यक्ति से सर्वोच्च है। न्यायपूर्ण, संतुलित समाज, समानता, अधिकरों की सुरक्षा ही सफल लोकतंत्र की नींव है। भारत ने हमेशा वसुधैव कुटुम्बकम की बात की है। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर का स्मरण करते हुए बोले, डॉ. आंबेडकर का स्पष्ट कहना था, संविधान कितना भी अच्छा हो, लेकिन इसको चलाने वाले लोग अच्छे नहीं होंगे तो यह कभी अच्छा नहीं हो सकता। संविधान की सफलता के लिए ई-गवर्नेंस, डिजिटल सेवा, भाषा संस्कृति का सम्मान दिया जाना जरूरी है। हमें न्याय क्षेत्र में भी मातृ भाषा को स्थान देना होगा। भाषा संस्कृति को बढ़ाने के लिए मेडिकल और इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रमों को स्थानीय भाषाओं में तैयार किया जा रहा है। विश्वविद्यालय केवल शिक्षा के केन्द्र नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों





और सामाजिक चेतना के वाहक होते हैं। संविधान केवल अधिकरों नहीं, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का निर्वाहन भी है। किसी भी देश की समृद्धि देश में महिला सशक्तिकरण से निर्धारित होती है। 2047 तक हमें प्रधानमंत्री के विकसित, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के सपने को पूरा करना होगा। इस सपने को पूरा करने में देश के युवाओं ताकत बनेंगे। श्री आचार्य ने टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन को कर्मयोगी की संज्ञा देते हुए कहा, टीएमयू की स्थापना श्री जैन के समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतिफल है। समाज हमें बनाता है, इसीलिए बदले में हमें भी समाज को देना होगा। हम जानते हैं, जी नहीं पाते। सोचते बहुत हैं, लेकिन कर नहीं पाते। श्री सुरेश जैन में कल्पनाशीलता है। समाज को देने की प्यास है। एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त बोले, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा जनता ही करेगी। यह जीवन में उतारने का विषय का है। हमें संविधान के अनुसार आचरण करना होगा। यह कार्य युवा पीढ़ी के हाथों में हैं। उन्होंने मशहूर शायर डॉ. बशीर बद्र का एक शेर भी सुनाया। 2001 में टिमिट की स्थापना से आज तक मैं टीएमयू परिवार का हिस्सा हूं। 2005 में डेंटल कॉलेज और 2008 में यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई। दुनिया की टॉप 200 यूनिवर्सिटीज में टीएमयू को शामिल करना हमारा लक्ष्य है। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन बोले, इन्फॉर्मेशन लोकतंत्र की कुंजी है। आज के युग में इन्फॉर्मेशन की प्रचुरता है। हमें सही ज्ञान को निकालना होगा।

सूचना का विश्लेषण करना होगा अन्यथा हमारे निर्णय गलत हो सकते हैं। उन्होंने जैन फिलासफी के तत्वार्थसूत्र को कोट करते हुए कहा, हर जीव को एक-दूसरे की परस्पर सहायता करनी चाहिए। सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक दर्शन ही सफलता के मार्ग हैं। सफलता के लिए मन, वचन और काय में एकरूपता जरूरी है। समाज को अच्छा बनाने के लिए हमें स्वंय को अच्छा बनाना होगा। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन बोलीं, भारतीय लोकतंत्र का भविष्य पार्लियामेंट में नहीं, बल्कि कक्षाओं और न्यायालयों में होगा। टीएमयू केवल सेंटर ऑफ लर्निंग नहीं, बल्कि युवाओं के लिए एक लॉच पैड है। टीएमयू के इन्क्यूबेशन सेंटर में करीब 40 स्टार्टअप्स जुड़े हुए हैं। राइट इन्फॉर्मेशन से ही राइट नॉलेज मिलती है।

कॉन्फ्रेंस में लॉ कॉलेज की ओर से एचओडी डॉ. अमित वर्मा, कॉन्फ्रेंस के कन्वीनर कडॉ. राकेश कुमार, को-कन्वीनर डॉ. बिष्णानंद दुबे के संग-संग प्रो. आरके द्विवेदी, प्रो. एमपी सिंह, प्रो. विपिन जैन, श्री नीशीथ मिश्रा, प्रो. नवनीत कुमार, डॉ. ज्योति पुरी, डॉ. अमित कंसल, प्रो. पंकज कुमार सिंह, प्रो. मनु मिश्रा आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व टीएमसीएलएलएस के प्रिंसिपल प्रो. एसके सिंह ने मुख्य अतिथि का जीवन परिचय पढ़ा, जबकि संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया।

### दिल खोलकर पढ़े कसीदे

**मुरादाबाद।** इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में असम के महामहिम श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य और उनके बालसखा एवम् सलाहकार और टीएमसीएलएलएस के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने अपने संबंधों को पचास बरस पुराने बताते हुए एक-दूसरे के दिल खोलकर कसीदे पढ़े। पहली बारी प्रो. हरबंश दीक्षित की रही। महामहिम के सलाहकार के तौर पर दिल को छू गई दो बातों का उन्होंने विस्तार से जिक्र किया। टीचर्स डे पर सबसे उम्रदराज रिटायर्ड प्राइमरी टीचर का सम्मान बेमिसाल रहा। महामहिम ने टीचर को उनके घर जाकर सम्मानित किया, जहां अपनी कुर्सी पर बिठाकर उनके पैर भी छूए। यह देश के लिए अनुकरणीय मिसाल है। दूसरा उन्होंने एनईपी-2020 के क्रियान्वयन का किस्सा सुनाया। प्रो. दीक्षित ने खुलासा किया, स्टेट लेवल मीटिंग में वीसी, डायरेक्टर्स, शिक्षाविदों आदि ने सलाह दी, हमारे पाठ्यक्रम का 20 प्रतिशत पाठ्यक्रम हमारी लोकल समस्याओं पर केंद्रित रहेगा। महामहिम के सलाहकार बोले, ऐसा ही मूर्त रूप दिया भी गया। अब बारी थी महामहिम की। महामहिम श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने प्रो. हरबंश दीक्षित के संग अपने रिश्तों को कुछ यूं कहकर बयां किया, आपके व्यक्तित्व, आपकी सफलता में यह निर्भर करता है कि आखिर आपका सलाहकार कौन है? उन्होंने बड़े गर्व के साथ कहा, मेरी सफलता के पीछे मेरे बालसखा प्रो. हरबंश दीक्षित हैं। अब मैं असम का गवर्नर हूं तो भी मेरे सलाहकार मेरे ही बालसखा प्रो. हरबंश दीक्षित ही हैं। मेरे मित्र प्रो. दीक्षित भले ही असम में मेरे साथ हों, लेकिन एक घंटे की बातचीत में 20 मिनट तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सुरेश जैन और वहां की उपलब्धियां ही रहती हैं। यहां आकर यह मैं शिद्दत से महसूस कर रहा हूं।

---

## प्रधानाचार्य परिषद ने शिक्षा मंत्री को स्मारिका भेंट की, विद्यालयी समस्याओं से कराया अवगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी को परिषद की स्मारिका भेंट कर



शिक्षा जगत से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान राजीव कुमार शर्मा ने माध्यमिक विद्यालयों में व्याप्त समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए बताया कि शिक्षकों की कमी, संसाधनों का अभाव, कंप्यूटर शिक्षकों की अनुपलब्धता तथा विभाग द्वारा लगातार सूचनाओं के संग्रह का दबाव शिक्षण व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने डिजिटल उपस्थिति, ऑनलाइन अवकाश प्रणाली, कक्षाओं में कैमरे और बोर्ड परीक्षाओं के कैमरों के माध्यम से संचालन जैसी व्यवस्थाओं का भी उल्लेख किया।

उन्होंने बताया कि दिसंबर 2023 से मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से वेतन भुगतान की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आई है। साथ ही, माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे नए-नए प्रयोगों की सराहना करते हुए इसे सरकार का सकारात्मक और सराहनीय कदम बताया। राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यालयों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है कि बुनियादी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, जिससे शिक्षकों और छात्रों दोनों को बेहतर वातावरण मिल सके। इस अवसर पर उन्होंने सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी की।

## महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा के उद्देश्य से पुलिस लाइन्स से निकाली गई स्कूटी रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से सोमवार को मिशन शक्ति अभियान 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत एक भव्य महिला स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। रैली को रिजर्व पुलिस लाइन से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।यह अभियान प्रदेश सरकार के निर्देश पर संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक करना है।



पुलिस प्रशासन द्वारा इस पहल के माध्यम से समाज में सुरक्षा का संदेश देने के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।रैली में महिला पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूटियों पर सवार महिला आरक्षियों के साथ पीआरवी 4-व्हीलर वाहन भी शामिल रहे। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आमजन को महिला सुरक्षा, सम्मान और सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक करती रही।

रैली का मार्ग रिजर्व पुलिस लाइन से शुरू होकर पीली कोठी, फब्बारा चौराहा, इम्पीरियल बुद्ध बाजार, टाउन हॉल, गुरहट्टी, कचहरी रोड, बंगला गांव (कैम्प चौकी), पीएसी तिराहा, किला तिराहा, सोनकपुर पुलिया, बिजली घर तिराहा, होली चौराहा और चौधरी चरण सिंह चौक से होकर पुनः फब्बारा व पीली कोठी के रास्ते रिजर्व पुलिस लाइन पर समाप्त हुआ।इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा और महिलाएं खुद को अधिक सुरक्षित महसूस करेंगी।

पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की कि वह महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर सजग रहें और किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का तुरंत उपयोग करें। इस रैली ने शहर में महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया।

## सय्यद शान अली बने नामित सभासद, भाजपा नेताओं ने किया सम्मान

**चन्दौसी।** भाजपा से पिछले तीन दशकों से जुड़े रहे सय्यद शान अली को नगरपालिका परिषद सम्भल में नामित सभासद बनाए जाने पर पार्टी नेताओं द्वारा समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेताओं ने इसे पार्टी के सबका साथ-सबका विकास के नारे को सशक्त करने वाला कदम बताया। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने सय्यद शान अली को पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया और बधाई दी। उन्होंने कहा कि पार्टी में लंबे समय तक समर्पण और निष्ठा से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मान देना भाजपा की परंपरा रही है। जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू एवं भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश राजेश सिंघल ने भी सय्यद शान अली के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शान अली ने वर्षों तक संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसका यह सम्मान परिणाम है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## डीएम-एसएसपी ने बिलारी तहसील में सुनीं शिकायतें, 52 में से सात का निरस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की शिकायतें सुनीं। कुल दर्ज



52 में से सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया बाकी की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी गई। राजस्व विभाग संबंधित 26, विकास विभाग संबंधी 10,पुलिस विभाग संबंधित छह, विद्युत संबंधित तीन और आपूर्ति विभाग संबंधित सात शिकायतें दर्ज की गईं। गाँव खानपुर के अलीजान ने प्रार्थना पत्र देकर मकान से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की कहा रोजगार के लिए मैं सहसपुर में रहने लगा हूं मेरे पीछे उनके रिश्तेदार अली हुसैन ने 70 वर्ग गज वाले मकान को मेरी बिना मर्जी के बेच दिया जबकि दूसरे मकान में खुद रहता है खाली करने को कहा तो धमकाया पुलिस को शिकायत दी परंतु सुनवाई नहीं हुई शिकायत की प्रति मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है। चांदपुर गणेश के ग्रामीणों के साथ भाकियू पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन देकर कहा गांव के तालाब पर दबंगों ने अवैध कब्जा करके पानी रोक दिया है इससे गांव की गलियों में पानी भर रहा है अवैध कब्जा हटवा कर पानी निकासी कराई जाए। ज्ञापन पर जयवीर सिंह, प्रेमपाल सिंह, अजब सिंह अनूप कुमार योगेंद्र सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं।

दिवस में एसएसपी सतपाल अंतिल, एसडीएम विनय कुमार सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## शहादत दिवस पर भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को भावभीनी श्रद्धांजलि, युवाओं को उनके आदर्श अपनाने का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मंदिर पोडा खेड़ा हॉल, बिलारी में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिदूत अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के शहादत दिवस पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, युवाओं और विभिन्न सामाजिक वर्गों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राकेश रफीक ने की, जबकि संचालन युवा वतन के राष्ट्रीय संयोजक कपिल राज द्वारा किया गया।



अपने संबोधन में कपिल राज ने कहा कि भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी नहीं, बल्कि दूरदर्शी विचारक भी थे, जिनका सपना एक समानता और न्याय पर आधारित भारत का निर्माण करना था। उन्होंने युवाओं से शहीदों के आदर्शों को जीवन में अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। वक्ता प्रेम कुमार ने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान हमें राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और एकजुटता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. राकेश रफीक ने कहा कि भगत सिंह एक जीवंत विचारधारा हैं, जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि इन महान शहीदों ने स्वतंत्रता के साथ-साथ सामाजिक अन्याय और असमानता के खिलाफ भी संघर्ष किया। उनके विचारों को आत्मसात कर ही एक सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में भयराज सिंह, हुकम सिंह, मुन्ना, श्रुति, कविल इदरीसी, रमेश सिंह, सुनील लाठर सहित राज यादव, असलम अंसारी, जहीर सलमानी, विष्णु जाटव और गौरांश शर्मा सहित कई युवाओं की उपस्थिति रही। अंत में सभी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## नवचंडी यज्ञ के पांचवें दिन की गई स्कंद माता की पूजा अर्चना

**बिलारी।** रुस्तम नगर सहसपुर के श्रीराम आश्रम काली मंदिर पर चल रहे नवचंडी महायज्ञ के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर नवचंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दी। पंडित राघवेंद्र शर्मा ने मंत्रोंचरण द्वारा यज्ञ कार्य संपन्न कराया। इस मौके पर हवन कुंड में आहुतियां देने में मुख्य यजमान के तौर पर विकास गुप्ता, निशिता गुप्ता, ध्रुव सिंह, रेखा सिंह, जगबीर प्रजापति, कामिनी प्रजापति आदि मौजूद रहे। यज्ञ कार्य में पंडित विमल कुमार शर्मा ने सहयोग दिया। वहीं आरती में पंडित मोहनलाल शर्मा, पंडित मोहित शर्मा, पंडित रॉबिन शर्मा, पंडित सत्यम शर्मा, गीता शर्मा आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

## कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने मिशन शक्ति तहत महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारियां दीं

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन-5.0 अभियान के अंतर्गत सोमवार को कुढफतेहगढ़ पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। यह पहल महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य की गई। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर आयोजित किया गया जिसमें महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1098 आदि के बारे में विस्तार से बताया गया जो आपात स्थिति में उनकी सहायता ले सकती हैं। इस अभियान में उपनिरीक्षक आकाश यादव एवं एलएचसी प्रीति ने सहभागिता निभाई।

## एक नजर



### पर्यावरण महाव्रत कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान, ब्राह्मण समाज ने किया अभिनंदन

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** बिलारी मुरादाबाद,अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, मुरादाबाद के तत्वावधान में आयोजित 21वें महाव्रत पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत मनोरंजन भवन, रेलवे कॉलोनी में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्या वंदना शर्मा को ब्राह्मण समाज द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दोनों शिक्षाविदों को भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट कर तथा पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कवि मयंक शर्मा ने किया, जिन्होंने अपने ओजस्वी अंदाज में कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार धवल दीक्षित, बिजनौर टाइम्स से जुड़े सुशील कुमार शर्मा तथा ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष विमलेंद्र कुमार शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने समाज में शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सम्मानित शिक्षकों के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने भी भगवान परशुराम की चित्र स्मृति भेंट कर सम्मान प्रकट किया। समारोह में समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और इस प्रकार के आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

### शरीफ नगर में ईद मेला शुरू,सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात, रात 10 बजे बंद होगा मेला



**सुरजननगर।** शरीफ नगर में ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए मेले को रात्रि 10 बजे ही बंद करने का निर्णय लिया है।सुरक्षा कमान संभालते हुए पुलिस बल ने पूरे मेला परिसर में गश्त की। इसमें विजय देशवाल और सचिन तालियान जैसे अधिकारी शामिल थे। पुलिस प्रशासन सामाजिक गतिविधियों पर पैनी नजर रख रहा है।पुलिस ने आम जनता से शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की गलत हरकत न करने का सख्त अनुरोध किया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि हुड़दंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मेले का समापन आज 24 मार्च को होगा, जिसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

### शहीद दिवस पर शहीदों को अर्पित की गई श्रद्धांजलि



**मुरादाबाद।** वन्दे भारत राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानी भवन में शहीद दिवस के अवसर पर देश की आजादी के लिए अपना बलिदान देने वाले शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की मूर्तियों पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उन्हें नमन किया।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मेजर राजीव ढल ने शहीद - ए - आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव से जुड़े प्रेरक प्रसंगों के बारे में बताया। प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा बबीता मेहरोत्रा ने कहा कि इन तीनों का बलिदान हमें राष्ट्र सेवा करने की प्रेरणा देता है।मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा मधुबाला त्यागी, जिला अध्यक्ष मेजर सुदेश कुमार भटनागर, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा पूनम गुप्ता ने कहा कि हमें देश की युवा पीढ़ी को उन क्रांतिकारियों के बलिदान के बारे में बताना चाहिए कि किस प्रकार से उन क्रांतिकारियों ने बलिदान देकर देश को आजाद कराया।इस मौके पर धवल दिक्षित जी ने बताया कि उनके पिताजी का जन्म भी उसी लाहौर की सेंट्रल जेल में हुआ था जहां भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी क्योंकि उनके परिजन भी स्वतंत्रता सेनानी थी।इस मौके पर एडवोकेट रमेश आर्य, ग्रंथ सिंह, विमल कुमार, संजय कुमार आदि सहित वन्दे भारत राष्ट्रवादी संगठन के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्री प्राचीन सिद्धपीठ जय मां दुर्गा मंदिर सेवा ट्रस्ट बूजपुर आशा में मेला शुरू



**मूंढापाण्डे।** वूजपुर आशा में स्थित श्री प्राचीन सिद्धपीठ जय मां दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। मंदिर का इतिहास करीब 150 साल पुराना है। नवरात्रों में मंदिर में अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है, मंदिर में पूजा अर्चना करने से मांगी गई मुराद पूरी होती है,मंदिर के सेवा ट्रस्ट के सेवादार नरेंद्रवीर सिंह उर्फ टंडन यादव,वीरेंद्र सिंह,हुकम सिंह ,किशनपाल सिंह ,कमल सिंह ,बीर सिंह ,कमल सिंह यादव ने बताया कि मंदिर में दोनों समय शंख ध्वनि,आरती के साथ प्रत्येक चतुर्दशी को हवन यज्ञ होता है। इसमें क्षेत्र से लेकर,दिल्ली ,गाजियाबाद, नोएडा, हैदराबाद ,हिमाचल प्रदेश ,लखनऊ ,शाहजहांपुर ,उत्तराखंड आदि तक के श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। श्री प्राचीन सिद्धपीठ जय मां दुर्गा मंदिर में प्रतिवर्ष 13 दिन का विशाल मेला लगता है। मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेंद्रवीर सिंह ने बताया की मंदिर समिति द्वारा श्री प्राचीन दुर्गा मंदिर पर लगने वाले मेले की तैयारियां जोर-शोर से की गई थी ,रंग बिरंगी लाइटों से मंदिरों को सजाया गया है। दुकानों के लिए जगह का आवंटन भी किया गया है। मेला ग्राउंड से फैली हुई गंदगी को हटाकर साफ सफाई कराई गई थी,श्री प्राचीन सिध्दपीठ जय मां दुर्गा मंदिर वूजपुर आशा में मेला 15 मार्च से शुरू हुआ जोकि 27 मार्च तक चलेगा।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 24 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# जंग बंद होगी!

ईरान–इस्राईल/अमेरिका युद्ध के 24वें दिन एक अच्छी खबर आई, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पांच दिन के लिए अपनी ओर से ईरान पर किसी तरह के हमले पर रोक की बात कही। विशेषकर ईरान के पॉवर प्लांट को लेकर। जैसाकि हम जानते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने होर्मुज खाड़ी को बंद करने को लेकर ईरान को 48 घंटे का समय दिया था, जिसमें उन्होंने धमकी दी थी कि अगर ईरान ने 48 घंटे के भीतर होर्मुज को नहीं खोला, तो वह उसके पॉवर प्लांट पर हमला कर देंगे, जिसके चलते ईरान अंधेरे में डूब जाएगा। हालांकि बदले में ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति की भाषा के जवाब में चेतावनी दी थी कि अगर इस तरह की कोई कोशिश हुई तो ईरान भी बदले की कार्रवाई करेगा और यूएई सहित तमाम अमेरिकी ठिकानों पर हमला बोलेगा। जब ऐसा लग रहा था कि यह युद्ध और भड़कने की ओर जा रहा है, तभी ट्रम्प ने 48 घंटे की समय सीमा खत्म होने से पूर्व ही बड़े ही नाटकीय अंदाज में पांच दिन के लिए एक तरह से संघर्ष विराम की घोषणा कर दी। साथ ही यह भी जानकारी दी कि ईरान के साथ उनके प्रतिनिधि विटकॉफ और कुशनर के बीच ईरान से बातचीत हुई है। फॉक्स बिजनेस ने दावा किया है कि यह बातचीत रविवार की रात हुई और इसमें तुर्कीए, पाकिस्तान और ईजिप्ट के अधिकारी शामिल थे। फॉक्स बिजनेस के अनुसार इसमें ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची भी शामिल थे। हालांकि ईरान ने ऐसी किसी बातचीत से इन्कार किया है, क्योंकि ईरान का मानना रहा है कि जब भी बातचीत होती है, तभी अमेरिका धोखा देता है। अब पर्दे के पीछे चली बातचीत में कितनी सच्चाई है, यह तो आगे पता चलेगा कि इस पर कितना अमल जमीन पर दिखाई देता है, लेकिन एक बात साफ है कि ईरान ने जिस तरह विश्व की दो बड़ी परमाणु शक्तियों के साथ टकराव में बड़ी टक्कर दी है, उसने सभी को हैरत में डाल दिया है। जहां तक बात ट्रम्प की है, वह अपनी बातों को बदलने में माहिर माने जाते हैं। इसलिए उनकी बातों को कोई अब गंभीरता से भी नहीं लेता। अभी भी वह यही कह रहे हैं कि ईरान उनसे समझौता करना चाहता है और वह युद्ध जीत चुके हैं और ईरान की शक्ति को बुरी तरह कुचल चुके हैं, लेकिन जमीनी हालात एक अलग ही कहानी बयान करते दिखाई दे रहे हैं, जिससे कहीं भी यह नहीं लगता कि ईरान जरा भी पीछे हटने के लिए तैयार है। होर्मुज को लेकर उसने सभी को चेतावनी दी है और कहा है कि जो ईरान के मित्र देश हैं, उनके लिए यह पूरी तरह खुला है और यदि यह बंद है, तो उन देशों के लिए है, जो इस्राईल व अमेरिका के हितों की रक्षा करने में लगे है। जहां तक बात भारत की है, भारत भी इस युद्ध से बुरी तरह प्रभावित है और उसका मानना रहा है कि यह युद्ध शीघ्र बंद हो, सोमवार को प्रधानमंत्री ने संसद में दिए अपने संबोधन में अपने इसी स्टैंड को दोहराया है।

## नौ वर्षों में राज्य ने की अभूतपूर्व प्रगति



आध्यात्मिक प्रेरणा और जनसहभागिता के बल पर उत्तर प्रदेश ने बीते नौ वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है, प्रदेश आज विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है व प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है, सरकारी योजनाओं के प्रभाव से महिलाएं अब विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और स्वास्थ्य तथा शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है, 2017 में प्रदेश के युवा रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर थे, जबकि आज उत्तर प्रदेश रोजगार और निवेश का केंद्र बनकर उभरा है, अब गरीब और श्रमिक वर्ग के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है, जिसके लिए अटल आवासीय विद्यालयों जैसी पहलें की गई हैं।

**–योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश**

# पश्चिम बंगाल चुनाव : सत्ता की जंग से बड़ी चुनाव आयोग की साख की अग्नि परीक्षा





ओ.पी. पाल

पश्चिम बंगाल की सत्ता का रण एक बार फिर सज चुका है। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य की 294 विधानसभा सीटों के लिए चुनावी बिगुल फूंक दिया है, जहां की राजनीति हमेशा से ही प्रतिबद्धता और प्रतिरोध की प्रयोगशाला रही है, लेकिन इस बार का यह महामुकाबला केवल यह तय नहीं करेगा कि कोलकाता के ऐतिहासिक राइटर्स बिल्डिंग में अगला मुख्यमंत्री कौन बैठेगा, बल्कि यह भारतीय चुनाव आयोग की उस वैश्विक साख की भी सबसे बड़ी परीक्षा साबित होने वाला है, जिसने 2021 के चुनाव और उसके बाद हुई भीषण हिंसा के दाग को धोने और हिंसा मुक्त बंगाल का संकल्प लिया है। मसलन इस बार का चुनाव न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सुरक्षा और चुनावी प्रक्रिया के प्रबंधन के लिहाज से एक बड़ी चुनौती वाला चुनाव है। आयोग ने इस बार अपने आत्मविश्वास को दर्शाते हुए पिछले 8 चरणों के लंबे कार्यक्रम को घटाकर मात्र दो चरणों में समेटने का साहसिक फैसला लिया है, जो अपने आप में एक बड़ा दावं माना जा रहा है। हालांकि इसका असली परिणाम 23 और 29 अप्रैल को होने वाले दोनों चरणों के मतदान की शांति और सुरक्षा से तय होगा?

पश्चिम बंगाल के चुनावी इतिहास में हिंसा एक ऐसा शब्द रहा है जिसने लोकतांत्रिक उत्सव को कई बार फीका किया है। 2021 के चुनाव और उसके बाद हुई हिंसा के कड़वे अनुभवों को देखते हुए, इस बार चुनाव आयोग का पूरा जोर हिंसा मुक्त मतदान पर है, जिसके लिए पिछले सप्ताह कोलकाता का तीन दिवसीय दौरा करके मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राज्य के प्रमुख राजनीतिक दलों भाजपा, तृणमूल कांग्रेस, सीपीआई (एम), कांग्रेस और अन्य दलों से रुबरु होकर स्पष्ट संदेश दिया है कि चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हिंसा, धमकाने की कोशिशों और चुनाव कर्मचारियों को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का ऐलान किया है। मुख्य आयुक्त ने जोर देकर कहा कि आयोग पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अब सवाल है कि क्या यह विधानसभा चुनाव राज्य के चुनावी इतिहास में हिंसा–मुक्त होने का नया कीर्तिमान स्थापित कर पाएगा? हालांकि यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा, लेकिन आयोग की सक्रियता ने उन मतदाताओं में भरोसा जरूर जगाया है, जो लंबे समय से शांतिपूर्ण मतदान की बाट जोह रहे हैं। एक मायने में यह चुनाव न केवल बंगाल का भविष्य तय करेगा, बल्कि भारतीय लो. कतंत्र में निष्पक्ष चुनाव कराने वाली सर्वोच्च संस्था की साख को भी पुनः स्थापित करेगा। चुनावी कार्यक्रम के अनुसार इस बार पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को उत्तर बंगाल और जंगलम. हल के इलाके की 152 सीटों और दूसर चरण में 29 अप्रैल को दक्षिण बंगाल और कोलकाता के आसपास के इलाके की 142 सीटों पर मतदान होना है। जबकि चुनाव के नतीजे चार मई को आएंगे।

### बेहद दिलचस्प मुकाबले के आसार

बंगाल की जमीन पर राजनीतिक बिसात भी दिलचस्प है, जहां चुनावी मुकाबला मुख्य रूप से सत्ताधारी टीएमसी और मुख्य विपक्षी दल भाजपा के बीच आर–पार का है। वहीं पिछले चुनाव में शून्य पर सिमटने के बाद, वाम मोर्चा और कांग्रेस वाला गठबंधन इस बार श्प्रासंगिकताश बचाने की जंग लड़ रहा है। टीएमसी की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने चौथी बार सत्ता बरकरार रखने की बड़ी चुनौती है, जिसमें टीएमसी को भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों और एंटी–इनकंबेंसी (सत्ता विरोधी लहर) से लड़ना है। सत्तापक्ष के लिए हाल ही में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उपजे विवाद भी भी किसी चुनौती से कम नहीं होगा, जिसका मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पंहुचा है। आयोग के एसआईआर और केंद्रीय फंड में हो रही कटौती को लेकर फैली बेचौनी ने बंगाल में खासतौर से टीएमसी के लिए राजनीतिक चिंताएं बढ़ा दी हैं। वहीं 2021 में 77 सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार सत्ता परिवर्तन की पुरजोर कोशिश में जुटी है। पार्टी व्यापक चुनावी रणनीति के साथ घुसपैठ और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों को आधार बना रही है, लेकिन उसे अभी भी स्थानीय स्तर पर एक सर्वमान्य मजबूत नेतृत्व और सांगठनिक एकजुटता की तलाश है। भले ही सीटों के मामले में टीएमसी आगे दिख रही हो, लेकिन वोट प्रतिशत के मामले में फासला बहुत कम रह गया है, जिसमें यह आंकड़ा बताता है कि बंगाल का मुकाबला बेहद करीबी होने वाला है। हालांकि क्या जमीन पर यह आंकड़े हकीकत में बदलेंगे या 4 मई के नतीजे कुछ और ही कहानी कहेंगे? यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

### सुरक्षा आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता

पश्चिम बंगाल के चुनावी इतिहास में हिंसा एक ऐसा शब्द रहा है जिसने लोकतांत्रिक उत्सव को कई बार फीका किया है। 2021 के चुनाव और उसके बाद हुई हिंसा के कड़वे अनुभवों को देखते हुए इस बार आयोग का पूरा जोर हिंसा मुक्त मतदान पर है। इसी रणनीति के तहत चुनाव आयोग चुनाव की घोषणा से पहले ही केंद्रीय बलों 480 कंपनियां राज्य में भेज चुका हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि केंद्रीय बलों का उपयोग केवल मतदान के दिन ही नहीं, बल्कि मतदाताओं में विश्वास पैदा करने के लिए बलों द्वारा एरिया डोमिनेशन और गश्त में पहले से कर रहा है। वहीं दागी अधिकारियों को लेकर भी चुनाव आयोग पूरी तरह से मुस्तैद है यानी आयोग इस बार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। इसलिए आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों की सूची मांगी है जिन पर पिछले चुनावों में हिंसा को बढ़ावा देने या लापरवाही बरतने के आरोप लगे थे। ऐसे दागी अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया से दूर रखने के लिए आयोग ने उन्हें हटाने की कार्रवाई भी शुरु कर दी है। वहीं चुनाव आयोग इस बार श्फर्जी मतदानश की गुंजाइश खत्म करने की दिशा में मतदान केंद्रों के बाहर चेहरा सत्यापन के लिए विशेष काउंटर बनाने पर विचार कर रहा है, जहां बुर्का या घूंघट वाले मतदाताओं की पहचान महिला कर्मचारियों द्वारा की जाएगी।

### बंगाल के चुनावी एक्स फैक्टर

राजनीतिक जानकारों की माने तो पश्चिम बंगाल में महिलाएं अक्सर साइलेंट वोटर होती हैं। श्संद. ेशखालीश जैसी घटनाओं और श्लक्ष्मी भंडारश जैसी योजनाओं के बीच उनका झुकाव ही सत्ता की चाबी तय करेगा। राज्य में बढ़ती बेरोजगारी और भर्ती घोटाले युवाओं के बीच एक बड़ा चुनावी मुद्दा बन चुके हैं। बंगाल में बदलते राजनी. तिक परिदृश्य ने नए अवसर पैदा किए हैं। कभी बनर्जी को संदेह की नजर से देखने वाले शहरी बंगाली भद्रलोक मतदाता अब एसआईआर के दखल को लेकर अपनी नाराजगी साझा कर रहे हैं। वहीं, मतुआ और राजबंशी जैसे समुदाय जिनके समर्थन ने भाजपा को बंगाल में मुख्य विपक्षी दल के रूप में खड़ा करने में मदद की थी, अब उनमें भी बेचैनी के संकेत दिख रहे हैं। उत्तर बंगाल में भाजपा की पकड़ मजबूत रही है, जबकि दक्षिण बंगाल टीएमसी का किला है। इस बार दोनों दल एक–दूसरे के गढ़ में घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए इस बार पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव महज आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह उन करोड़ों मतदाताओं की उम्मीदों का परीक्षण है, जो दशकों से शांतिपूर्ण मतदान का सपना देख रहे हैं। यदि चुनाव आयोग हिंसा मुक्त मतदान कराने में सफल रहता है, तो यह भारतीय चुनाव प्रबंधन के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। 4 मई के नतीजे यह बताएंगे कि बंगाल ने दीदी की निरंतरता को चुना या परिवर्तन के केसरिया संकल्प को पर भरोसा जताया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जयपुर की घटना ने पेश की सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल

**एक तरफ होली और दीपावली जैसे त्योहार हिन्दुओं के लिए महत्वपूर्ण होते हैं तो दूसरी तरफ ईद–उल–फितर जैसा त्योहार मुसलमानों के लिए महत्वपूर्ण होता है। विविध संस्कृति वाले इस देश में हमें एक–दूसरे के त्योहारों का सम्मान करना चाहिए। एक–दूसरे के धर्मों तथा त्योहारों का सम्मान करके ही हम इस देश की साझा संस्कृति को आगे बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही हमें यह ध्यान भी रखना होगा कि कोई भी त्योहार धार्मिक कट्टरता का प्रतीक न बने।**



रोहित कौशिक

दिल्ली हाईकोर्ट और दिल्ली पुलिस की वजह से दिल्ली के उत्तमनगर में ईद शांतिपूर्वक तरीके से मनाई गई। उत्तमनगर के मुद्दे को लेकर ईद से पहले कई तरह की अफवाहें फैली थीं। कुछ हिन्दू संगठनों द्वारा लगातार यह धमकी भी दी जा रही थी कि उत्तमनगर में ईद पर खून की होली खेली जाएगी। कुछ संगठनों ने यह धमकी भी दी थी कि इस बार हमारे घरों में होली नहीं मनी तो हम ईद भी नहीं मनने देंगे लेकिन पुलिस की सक्रियता की वजह से उत्तमनगर में ईद पर शांति रही। उत्तमनगर में भारी पुलिस बल तैनात था। इसके बावजूद कई संगठन के लोग उत्तमनगर पहुंचे लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां से भगा दिया। तरुण के परिवार ने भी इस मामले में गंभीरता दिखाई और कहा कि हमारा एक युवा इस दुनिया से चला गया लेकिन हम नहीं चाहते किसी का बेटा इस दुनिया से चला जाए। दूसरी तरफ ईद के दिन मथुरा में फरसा वाले बाबा की मौत के बाद जरूर बवाल हुआ। फरसा वाले बाबा की मौत के बाद भड़की हिंसा और उपद्रव के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। हिन्दू सगठनों ने आरोप लगाया कि गोरक्षक फरसा वाले बाबा की कुचल कर हत्या की गई है लेकिन पुलिस का कहना है कि मौत सड़क हादसे में हुई है। दरअसल ईद से पहले और ईद पर उत्तमनगर के साथ ही देश के कई हिस्सों से अफवाह फैलने की खबरें आईं। ईद पर उत्तमनगर और देश के विभिन्न हिस्सों मे तनाव की आशंका के बीच एक अच्छी खबर आई। जयपुर में ईद के अवसर पर हिन्दू समुदाय के लोगों ने मुख्य ईदगाह में नमाज अदा कर रहे मुस्लिमों पर फूल बरसाए। यह सराहनीय पहल हिन्दू–मुस्लिम एकता समिति के तत्वावधान में की गई। इस पहल का उद्देश्य भाईचारे और एकता का संदेश देना था। इस अवसर पर हिन्दू–मस्लिम एकता समिति के सदस्य राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि ईद का त्योहार शांति और सदभाव का प्रतीक है। यह भावना राजस्थान सहित पूरे भारत में बरकरार रहनी चाहिए। कुछ लोग बांटने की कोशिश करते हैं लेकिन यह गलत है। उन्होंने कहा कि राम के बिना रमजान नहीं है और ईद के बिना दीवाली नहीं है। हम सब एक ही परिवार के सदस्य हैं। जयपुर की यह पहल दिखाती है कि यही असली हिन्दुस्तान है। एक ऐसा हिन्दुस्तान जिसमें हिन्दुओं और मुसलमानों का एक दूसरे के बिना काम नहीं चलता है। फिर कौन हैं वे लोग जो हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच दरार डालना चाहते हैं ? कौन हैं वे लोग जो एक दूसरे के खिलाफ नफरत परोसते हैं ? कौन हैं वे लोग जो बार–बार यह कहते हैं कि मुसलमान इस देश पर कब्जा कर लेंगे ? ऐसे लोग आपके और हमारे बीच ही मौजूद हैं। जी हां, वे लोग बाहरी लोग नहीं हैं। वे लोग अपने ही लोग हैं जो मुसलमानों के खिलाफ नफरत परोसते रहते हैं।

ऐसे लोग हर मुसलमान को शक की नजर से देखने के आदी हो जाते हैं। लेकिन ऐसे लोग ए नहीं समझ पाते कि भारत का ज्यादातर ईंधन खाड़ी या अरब देशों से ही आता है।

यानी जहां से हमारे देश का ज्यादातर ईंधन आता है, वे मुस्लिम देश हैं। हाल ही में जब गैस एजेंसियों में गैस सिलेंडर के लिए लंबी–लंबी लाइने लगीं और लोगों को कई–कई दिन तक सिलेंडर नहीं मिला तो सबके साथ मुसलमानों को गाली देने वाले तथाकथित हिन्दू नेताओं की हालत भी खराब हो गई। तब किसी हिन्दू नेता ने नहीं कहा कि हम मुस्लिम देशों से आने वाले ईंधन को नहीं लेंगे। हमें यह समझना पड़ेगा कि हिन्दुओं के बिना मुसलमानों का काम नहीं चल सकता है और मुसलमानों के बना हिन्दुओं का काम नहीं चल सकता है। इसलिए एक–दूसरे के लिए नफरत पैदा करके हम कुछ हासिल नहीं कर पाएंगे बल्कि अपना ही नुकसान करेंगे। हमारे देश पर कई सालों तक मुगलों ने राज किया फिर अंग्रेजों ने कई सालों तक राज किया लेकिन सनातन धर्म का कुछ नहीं बिगड़ा। फिर आज सनातन धर्म को खतरा पैदा कैसे हो गया ? स्पष्ट है कि सनातन धर्म पर कोई खतरा नहीं है बल्कि खतरा दिखाकर अपना उल्लू सीधा किया जा रहा है और मुसलमानों के खिलाफ नफरत परोसी जा रही है।

# टीबी उन्मूलन की दिशा में वैश्विक प्रयास और भारत की रणनीति





योगेश कुमार गोयल

टीबी (ट्यूबरकुल बेसिलाइ), जिसे क्षय रोग, तपेदिक अथवा राजरोग के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐसी संक्रामक बीमारी है, जो माइको ट्यूबरक्युलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। वैसे तो टीबी बाल और नाखूनों को छोड़कर शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकती है लेकिन इसका ज्यादातर असर फेफड़ों पर ही होता है। टीबी से पीड़ित व्यक्ति के खांसने–छींकने के दौरान मुंह व नाक से निकलने वाली ड्रॉपलेट्स के जरिए कोई स्वस्थ व्यक्ति भी संक्रमित हो सकता है। ड्रॉपलेट्स के जरिए फैलने वाले बैक्टीरिया कई घंटों तक हवा में रह सकते हैं। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक केवल फेफड़ों की टीबी ही संक्रामक होती है, शरीर के अन्य हिस्सों में यह संक्रामक नहीं होती। दरअसल फेफड़ों के अलावा टीबी मुंह, लिवर, गले, दिमाग, किडनी, रीढ़ तथा यूट्रस में भी हो सकती है किन्तु ऐसी टीबी मरीज से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलती। इस बीमारी को खतरनाक इसलिए माना जाता है क्योंकि यह शरीर के जिस हिस्से में होती है, धीरे–धीरे उस हिस्से को बेकार करना शुरू कर देती है।

कुछ दशक पूर्व टीबी को एक लाइलाज बीमारी माना जाता था लेकिन अब सही समय पर इसका समुि. चत इलाज कराए जाने से इसका पूरी तरह निदान संभव है और इलाज शुरू करने के बाद उसमें लापरवाही मरीज के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार टीबी अभी भी दुनिया की सबसे घातक संक्रामक जानलेवा बीमारियों में से एक है और दुनियाभर में प्रतिदिन करीब 4 हजार लोग इससे जान गंवाते हैं। प्रतिदिन करीब 30 हजार लोग इस बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। हालांकि आज टीबी का इलाज उपलब्ध होने पर ऐसे लोगों का सफल इलाज संभव है लेकिन जागरूकता के अभाव में हर साल लाखों लोग अब भी टीबी होने पर मौत के मुंह में समा जाते हैं।

इस वैश्विक महामारी के जानलेवा परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा इसे जड़ से खत्म करने के प्रयास तेज करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है और डब्ल्यूएचओ के तत्वाधान में विश्वभर में टीबी से संबंधित कई कार्यक्रम चलाए जाते हैं। 24 मार्च 1882 को एक जर्मन चिकित्सक और माइक्रोबायोलॉजिस्ट डा. रॉबर्ट कोच ने इस जानलेवा बीमारी के कारक बैक्टीरिया की पहचान करने की पुष्टि की थी, जिसके फलस्वरूप टीबी के निदान और इलाज में दुनियाभर के वैज्ञानिकों को बड़ी मदद मिली। रॉबर्ट कोच की इस महत्वपूर्ण खोज के पूरे 100 वर्ष बाद 'इंटरनेशनल यूनियन अगेंस्ट ट्यूबरकुलोसिस एंड लंग डिजीज' द्वारा 24 मार्च के दिन को विश्व टीबी दिवस के रूप में मनाने की सिफारिश की गई। हालांकि डब्ल्यूएचओ की विश्व स्वास्थ्य सभा और संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक दशक से भी ज्यादा समय बाद आधिकारिक तौर पर इसे एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में चिह्नित किया गया। डब्ल्यूएचओ ने 1995 में नीदरलैंड के डेन हैग में इसके लिए रॉयल नीदरलैंड ट्यूबरकुलोसिस फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया और कुछ और संगठनों के साथ आने पर विश्व टीबी दिवस को सफल बनाने के लिए 1997 में डब्ल्यूएचओ ने बर्लिन में एक समाचार सम्मेलन आयोजित किया, जहां डॉट्स को उस दशक की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सफलता बताया गया। तभी डब्ल्यूएचओ द्वारा आधिकारिक तौर पर पहला विश्व टीबी दिवस मनाया गया। प्रतिवर्ष विश्व टीबी दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है और विश्व क्षय रोग दिवस 2026 का आधिकारिक विषय है 'हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैंरू देशों के नेतृत्व में, लोगों की शक्ति से।' विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा घोषित इस विषय में राष्ट्रीय नेतृत्व, समुदाय–संचालित प्रयासों और टीबी महामारी से निपटने में प्रगति को तेज करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया है, विशेष रूप से निवेश और नवाचार में वृद्धि के माध्यम से। टीबी का खात्मा करने की रणनीति के तहत डब्ल्यूएचओ 2035 तक टीबी से होने वाली मौतों को 95 फीसदी तक और टीबी के नए मामलों को 90 फीसदी तक कम करने पर काम कर रहा है। विश्व को टीबी मुक्त करने की डब्ल्यूएचओ की रणनीति के तहत टीबी रोगियों के लिए विशेष देखभाल केन्द्रों की स्थापना, सभी देशों द्वारा टीबी को लेकर सार्थक कदम उठाने और टीबी को खत्म करने वाली प्रणालियों पर कार्य करने की अनिवार्यता तथा टीबी को लेकर गहन अनुसंधान और नवाचार को शामिल किए जाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक, वर्ष 2000 से टीबी को खत्म करने के वैश्विक प्रयासों से अनुमानित 7 करोड़ से अधिक लोगों की जान बचाई गई है। टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में भारत सरकार द्वारा एक विशेष कार्यक्रम 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत की जा चुकी है। हालांकि देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य बनाकर कार्य करना निसंदेह बड़ी पहल है लेकिन इसके लिए बेहद जरूरी है कि पोलियो उन्मूलन के प्रयासों की ही भांति टीबी उन्मूलन की दिशा में भी पूरी तैयारी के साथ कड़ी मेहनत की जाए ताकि इस अभियान को पलीता न लगे। दरअसल आमतौर पर ऐसी शिकायतें आती रही हैं कि टीबी के लिए आवश्यक अस्पतालों और कर्मियों का उपयोग दूसरे कार्यों में होता रहा है। टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बेहद जरूरी है कि सरकारी मशीनरी को बेहद चुस्त–दुरुस्त बनाते हुए यह भी सुनिश्चित किया जाए कि टीबी से मुक्ति पाने के लिए निर्धारित संसाधनों का बेहतर उपयोग हो और टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत और सक्रिय बनाया जाए।

समुचित इलाज के बावजूद टीबी के महामारी बनने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि लोगों में अभी भी इस बीमारी के प्रति जानकारी का अभाव है। देश में टीबी फैलने का प्रमुख कारण इस बीमारी के प्रति लोगों का सचेत न होना तथा शुरूआती दौर में इस बीमारी को गंभीरता से नहीं लेना ही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुता. बिक टीबी किसी को भी हो सकती है लेकिन लोगों को इसके लक्षणों, बचने के उपायों तथा इलाज के बारे में पूरी जानकारी होना बेहद जरूरी है। आज टीबी से घबराने की आवश्यकता नहीं है, 'डॉट्स' से हाथ मिलाकर टीबी जैसी जानलेवा बीमारी को हराया जा सकता है, बशर्ते डॉक्टर के निर्देशानुसार इलाज में कोई लापरवाही न बरती जाए।



नोएडा। तेज बारिश के बीच रेन कवर पहनकर साइकिल पर जाता युवक।

## इजरायल की सेना ने ईरान से दागी गई मिसाइल को रोका

**यरूशलम।** इजरायल ने एक घंटे में तीसरी बार ईरान से दागी गई मिसाइल का पता लगाया और उसे रोक दिया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि वायु रक्षा प्रणालियां उन्हें रोक रही हैं। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ देर पहले, आईडीएफ ने ईरान से इजरायल राष्ट्र के क्षेत्र की ओर दागी गई मिसाइलों की पहचान की। इस खतरे को रोकने के लिए रक्षा प्रणालियां काम कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल ने गत 28 फरवरी को ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए थे। ईरान इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य लक्ष्यों के खिलाफ हमले करके जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

# डिमोना पर हमले से इजरायली डिफेंस की पोल खुली

## 1500 Km दूरी तय कर पहुंची ईरानी मिसाइलें, कैसे फेल हुए THAAD, एरो व आयरन डोम

**■ हमले में 180 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है**

**तेल अवीव।** इजराइल के सबसे सुरक्षित इलाकों में उसका मुख्य परमाणु रिसर्च सेंटर माना जाता है। डिमोना न्यूक्लियर फैसिलिटी नेगेव रेगिस्तान में डिमोना शहर के पास स्थित है। यहां सुरक्षा बहुत कड़ी रहती है और इसे बचाने के लिए कई परतों वाली मिसाइल डिफेंस सिस्टम लगी हुई है।

लेकिन शनिवार रात एक चौंकाने वाली घटना हुई। ईरान की दो बैलिस्टिक मिसाइलें इजराइल के एयर डिफेंस को चकमा देकर डिमोना और पास के शहर अराद के रिहायशी इलाकों में गिर गईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके लिए मिसाइलों ने 1500 किमी से ज्यादा दूरी तय की ये दोनों हमले करीब तीन घंटे के अंतर से हुए। दोनों हमलों को रोकने में आयरन डोम, डेविड्स स्लिंग, एरो-3 और अमेरिकी डिफेंस सिस्टम थार्ड फेल हो गए। इजराइल के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस हमले में 180 लोग घायल



हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है।

### इजरायल ने माना: ईरानी मिसाइलें रोकने में नाकाम रहे

डिमोना में स्थित शिमोन पेरेस नेगेव परमाणु रिसर्च सेंटर को आम तौर पर 'डिमोना रिएक्टर' कहा जाता है। माना जाता है कि यहां इजराइल के परमाणु हथियार मौजूद हैं, हालांकि इजराइल ने कभी इसे आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया। यह देश के सबसे सुरक्षित इलाके माना जाता है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह रही कि इजराइली सेना ने खुद माना कि उसने इन मिसाइलों को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी। ऐसे में यहां हुए हमले से आसपास रहने वाले लोगों में डर फैल गया है।

### इजरायल बोला: अब तक 400 ईरानी मिसाइलें रोकीं

इजराइल का दावा है कि वह ज्यादातर मिसाइलों को रोक लेता है। इजराइली वायुसेना के अनुसार, 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद से अब तक ईरान 400 मिसाइलें दाग चुका है, जिनमें से 92 प्रतिशत को हवा में ही रोक लिया गया। हालांकि शनिवार रात की यह घटना दिखाती है कि कोई भी सुरक्षा सिस्टम 100 प्रतिशत सुरक्षित नहीं होता। अब जांच की जा रही है कि आखिर ये मिसाइलें इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम को कैसे पार कर गईं। इजराइल के पास कई तरह के एयर डिफेंस सिस्टम हैं। आयरन डोम छोटे रॉकेट रोकने के लिए है। डेविड्स स्लिंग मध्यम दूरी की मिसाइलों के लिए इस्तेमाल होता है। सबसे एडवांस सिस्टम एरो-3 है, जो अंतरिक्ष के पास ही मिसाइल को नष्ट करने की क्षमता रखता है। इसके अलावा अमेरिका का थार्ड सिस्टम भी वहां तैनात है। इसके बावजूद ये मिसाइलें अंदर तक पहुंच गईं। इससे सवाल उठ रहे हैं कि आखिर गलती कहां हुई। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह ऑपरेशन की नाकामी हो सकती है, यानी सिस्टम सही था लेकिन उसे इस्तेमाल करने में चूक हुई।

### इंटरसेप्टर मिसाइलों के स्टॉक खत्म होने की आशंका

एक और बड़ी चिंता यह भी सामने आ रही है कि कहीं इजराइल अपने सबसे महंगे और ताकतवर इंटरसेप्टर मिसाइलों का इस्तेमाल बचाकर तो नहीं कर रहा। पिछले साल ईरान के साथ 12 दिन की लड़ाई में काफी मिसाइलें खर्च हो चुकी थीं, इसलिए स्टॉक कम होने की आशंका जताई जा रही है।

# ईरान ने अमेरिका का F-15 जेट मार गिराया

## यह दुनिया का सबसे एडवांस फाइटर जेट, लेकिन ईरानी खतरे का अंदाजा नहीं लगा पाया

**■ ईरान की ओर से जारी वीडियो के मुताबिक, इस हमले में सिर्फ एक मिसाइल ही काफी रही**

**तेहरान।** ईरान से जंग के बीच कुवैत में अमेरिका का एक और फाइटर जेट मार गिराया गया है। अब इसका वीडियो भी सामने आ गया है। दावे के अनुसार अमेरिका के एफ-15 फाइटर जेट को एक हमले में कुवैत में ढेर कर दिया गया है। ईरान से जंग के बीच कुवैत में अमेरिका का एक और फाइटर जेट मार गिराया गया है। अल-अहद समाचार नेटवर्क के अनुसार इस अमेरिकी विमान पर हमला हुआ और कुछ ही मिनट में वह नीचे गिर गया।

अब इसका वीडियो भी सामे आ गया है, जिसमें अमेरिका के एफ-15 फाइटर जेट को गिरते हुए साफ देखा जा सकता है। इससे एक दिन पहले अमेरिका का एक और एफ-15 फाइटर जेट स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरान ने मार गिराया था। यह अमेरिका के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इससे 4 दिन पहले ईरान ने अमेरिका के एफ-35 विमान को हिट किया था। इससे पहले ईरान ने तेहरान में ऑपरेशन करने पहुंचे अमेरिका के एफ-35 विमान को हिट किया था, जिसमें विमान को काफी नुकसान पहुंचा था। फिलहाल कुवैत में कौन सा लड़ाकू विमान गिरा है, इसका भी ब्यौरा सामने नहीं आ सका है। इस बारे में अमेरिका की ओर से अभी कोई बयान जारी नहीं किया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि



ईरान के हमले के बाद कुवैत में अमेरिका का यह विमान गिराया गया है। हालांकि अभी तक ईरान ने भी विमान गिराने का कोई दावा नहीं किया है। ईरान ने कहा कि उसने 19 मार्च को अमेरिका के एफ-35 लड़ाकू विमान को अपना शिकार बनाया है। हालांकि अमेरिका इस घटना का पूरा विवरण जारी नहीं किया। अमेरिका के सेंट्रल कमांड (सीईएनटीसीओएम) ने दावे में कहा कि उसका विमान सुरक्षित उतरा और पायलट की हालत स्थिर है। हालांकि, सीईएनटीसीओएम ने घटना के विवरण नहीं दिए, लेकिन एफ-35 की सामान्य उड़ान ऊंचाई (उच्च स्तर पर) को देखते हुए, नुकसान संभवत: सर्फेस-टू-एयर मिसाइल (सेम) से हुआ है। **Air & Space Forces Magazine** की रिपोर्ट के अनुसार पायलट को शार्पनेल से चोटें आईं, लेकिन वे गंभीर नहीं हैं और पायलट स्थिर स्थिति में हैं। यह घटना ईरान के खिलाफ चल रहे **Operation Epic Fury** के दौरान हुई है, जहां अमेरिकी एफ-35ए स्टील्थ फाइटर ईरान के ऊपर मिशन पर थे। ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया कि उन्होंने एफ-35 को 'गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त) किया और थर्मल इमेजिंग वीडियो जारी किया, लेकिन अमेरिकी पक्ष ने केवल इमरजेंसी लैंडिंग का दावा किया। अगर यह दावा सही साबित होता है, तो यह अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे तनाव में बड़ी बढ़ोतरी मानी जाएगी। पहले से ही खाड़ी क्षेत्र में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और इस तरह की घटनाएं संघर्ष को और गंभीर बना सकती हैं। अमेरिका या इजरायल की ओर से भी इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। ईरान का यह दावा तब आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है कि अगर वो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पूरी तरह नहीं खोलता तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट्स पर हमला कर सकता है। अब तक अमेरिका के कई एफ-15 फाइटर जेट ईरान के साथ 23 दिन की लड़ाई में तबाह हो चुके हैं। 3 एफ-15 फाइटर जेट युद्ध के शुरुआती दौर में ही गिरे थे, हालांकि ये तीनों जेट ईरान ने नहीं गिराए बल्कि कुवैत की एयर डिफेंस की ओर से गलती से गिराए गए बताए गए थे। इनमें मौजूद 6 पायलट सुरक्षित बाहर निकल गए थे।

## ईरान ने तटों पर हमला होने पर फॉरस की खाड़ी में बारूदी सुरंगें बिछाने की धमकी दी

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसके तटवर्ती इलाकों या द्वीपों पर हमला होता है तो वह फारस की खाड़ी में महत्वपूर्ण संचार मार्गों पर बारूदी सुरंगें बिछा देगा। ईरान की राष्ट्रीय रक्षा परिषद ने कहा कि उसके क्षेत्र को निशाना बनाने के किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप फारस की खाड़ी में सभी संचार लाइनों में बारूदी सुरंगें बिछा दी जाएंगी। उसने यह भी कहा कि जहाज केवल तेहरान के समन्वय से ही होर्मुज स्ट्रेट से गुजर सकेंगे। बयान में कहा गया कि दुश्मन द्वारा ईरानी तटों या द्वीपों पर हमला करने के किसी प्रयास के बाद स्वाभाविक रूप से और सामान्य सैन्य अभ्यास के अनुसार फारस की खाड़ी और तटों के सभी पहुंच मार्गों एवं संचार लाइनों को विभिन्न प्रकार की नौसैनिक बारूदों से भर दिया जाएगा, जिसमें तैरती बारूदें भी शामिल हैं, जिन्हें तटों से छोड़ा जा सकता है। ईरान ने कहा कि ऐसे में, पूरे फारस की खाड़ी क्षेत्र में लंबे समय तक होर्मुज स्ट्रेट जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इस बार, होर्मुज स्ट्रेट के साथ-साथ पूरा फारस की खाड़ी क्षेत्र व्यावहारिक रूप से अवरुद्ध हो जाएगा और इसकी जिम्मेदारी धमकी देने वाले पक्ष की होगी। इस बीच अमेरिका कथित तौर पर ईरान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण खार्ग द्वीप पर कब्जा करने या उसकी नाकाबंदी करने की योजनाओं पर विचार कर रहा है, ताकि तेहरान पर महत्वपूर्ण मार्ग को फिर से खोलने के लिए दबाव डाला जा सके। हालांकि यह एक ऐसा कदम है जो ईरान युद्ध को काफी हद तक बढ़ा सकता है।

## न्यूयॉर्क एयरपोर्ट पर प्लेन-ट्रक की टक्कर, दोनों पायलट की मौत

**■ एयर ट्रैफिक कंट्रोलर स्टॉप-स्टॉप चिल्लाता रहा 72 यात्री सवार थे**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में ला गार्डिया एयरपोर्ट पर रविवार रात (स्थानीय समयानुसार) एयर कनाडा एक्सप्रेस का एक विमान लैंडिंग के समय रनवे पर फायर ट्रक से टकरा गया। इससे विमान का अगला हिस्सा पूरी तरह तबाह हो गया। हादसे में पायलट और को-पायलट की मौत हो गई, जबकि ट्रक में सवार दो लोग घायल हुए हैं। जैज एविएशन के मुताबिक, यह फ्लाइट मॉन्ट्रियल से आ रही थी। सीआरजे-900 विमान में कुल 72 यात्री और 4 क्रू मेंबर सवार थे। टक्कर के तुरंत बाद रनवे 4 को बंद कर दिया गया। एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लागू करते हुए सभी फ्लाइट ऑपरेशन रोक दिए गए और आने वाली उड़ानों को डायवर्ट किया गया। हादसे से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने विमान और ग्राउंड वाहन दोनों को रुकने के लिए कहा था और स्टॉप-स्टॉप चिल्लाता रहा, लेकिन फिर भी टक्कर हो गई। लैंडिंग से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने विमान को रोकने की कोशिश की थी। वायरल ऑडियो में एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने पहले ट्रक को रनवे पार करने की अनुमति दी थी, लेकिन थोड़ी ही देर बाद कंट्रोलर लगातार 'स्टॉप, स्टॉप, ट्रक 1' चिल्लाता रहा। हालांकि, कुछ ही सेकंड में टक्कर हो गई। कंट्रोलर की आवाज रिकॉर्डिंग में सुनाई देती है-जाज़ 646, आप वाहन से टकरा गए हैं, वहीं रुके रहें, मदद पहुंच रही है। फ्लाइट लैंडिंग के बाद रनवे पर करीब 130 मील प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रही थी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में विमान के आगे के हिस्से में नुकसान और कॉकपिट उठा हुआ दिखाई दे रहा है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने एयरक्राफ्ट इमरजेंसी घोषित करते हुए तुरंत ग्राउंड स्टॉप लगा दिया। एयरपोर्ट को सोमवार दोपहर 2 बजे तक बंद रखने की बात कही गई है। एयरपोर्ट पर आने वाले विमानों को दूसरे हवाई अड्डों की ओर मोड़ दिया गया था या उन्हें वापस भेज दिया गया। हादसे में शामिल विमान सीआरजे-900 था, जिसे जैज एविएशन ऑपरेट करता है। इसमें करीब 76 यात्रियों की क्षमता होती है। फ्लाइट रात करीब 10:30 बजे मॉन्ट्रियल से रवाना हुई थी और लगभग एक घंटे बाद ला गार्डिया पहुंची। घटना के बाद रनवे पर बड़ी संख्या में इमरजेंसी वाहन पहुंच गए। रात 2 बजे तक रनवे पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी था।

## हिजबुल्लाह के समर्थन में खुलकर उतरे ईसाई

### कहा: हमारी जंग एपस्टीन साम्राज्य से

**लेबनान।** रास बालबेक गांव में कैथोलिक ईसाइयों ने सुरक्षा के लिए हिजबुल्लाह से हाथ मिला लिया है। आईएसआईएस के हमलों के दौरान दोनों ने मिलकर लड़ाई लड़ी, जिससे उनका रिश्ता मजबूत हुआ। आज भी इजराइल हमलों और सीरिया से खतरे के बीच गांव के लोग हिजबुल्लाह को अपना रक्षक मानते हैं और साथ खड़े हैं।

लेबनान के एक छोटे से गांव रस बालबेक में अलग-अलग धर्म के लोग मिलकर मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं। यह गांव बेका वैली में है और सीरिया सीमा बॉर्डर के पास पड़ता है। यहां करीब 6,000 कैथोलिक ईसाई रहते हैं। सुरक्षा के खतरे को देखते हुए गांव के लोगों ने हिजबुल्लाह के साथ मिलकर अपने इलाके और चर्चों की रक्षा करने का



**■ लेबनान के एक छोटे से गांव रस बालबेक में अलग-अलग धर्म के लोग मिलकर मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं**

फैसला किया है। गांव के नेता रिफियात नसरल्लाह का कहना है कि हिजबुल्लाह ने मुश्किल समय में उनकी मदद की, जबकि वेटिकन ने कोई खास सहायता नहीं दी। नसरल्लाह का कहना है कि हिजबुल्लाह ने गांव की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी और खून बहाया। इसी वजह से दोनों के बीच बहुत मजबूत रिश्ता बन गया है। यहां तक कि हिजबुल्लाह हर साल गांव के लिए क्रिसमस ट्री भी खरीदता है। हम एपस्टीन गिरोह के लोगों के साथ युद्ध में हैं। ये लोग बच्चों को खाते, तलते और उनका बलात्कार करते हैं। ये राक्षस हैं, दरिंदे हैं। लेकिन सबसे बुरी बात ये है कि दुनिया पर राज करने वाले यही लोग हैं। यह रिश्ता खास तौर पर 2013 से 2017 के बीच और मजबूत हुआ, जब इस्लामिक स्टेट के आतंकियों ने सीरिया की तरफ से कई बार गांव पर हमला किया।

## महिला की लाश के साथ 13 घंटे उड़ता रहा विमान

**■ हॉन्गकॉन्ग से लंदन उड़ान में टेकऑफ के बाद मौत हुई, रास्तेभर बदबू से परेशान रहे पैसेंजर**

**लंदन।** ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट में रविवार को एक महिला यात्री की टेकऑफ के करीब 1 घंटे बाद मौत हो गई। इसके बाद उनका शव पूरे 13 घंटे तक विमान में ही रखा रहा। शव को विमान के पीछे वाले हिस्से में रखा गया था, जहां फर्श गर्म था।

इसी वजह से धीरे-धीरे बदबू फैलने लगी, जिससे पीछे बैठे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। यह घटना हॉन्गकॉन्ग से लंदन जा रही फ्लाइट में हुई। महिला की उम्र करीब 60 साल थी। पायलट ने फ्लाइट को बीच में रोकने या वापस लौटने के बजाय लंदन तक जारी रखने का फैसला किया, क्योंकि नियमों के मुताबिक ऐसी स्थिति को आमतौर पर इमरजेंसी नहीं माना जाता। क्रू मेंबर्स ने पहले शव को टॉयलेट में रखने का सोचा, लेकिन बाद में उसे कंबल में लपेटकर गैली में रख दिया गया। गैली विमान का वह हिस्सा होता है, जहां फ्लाइट स्टाफ (क्रू) खाना-पीना तैयार करता है और सामान रखता है। यहीं से यात्रियों को खाना, पानी, चाय-कॉफी दी जाती है। आमतौर पर यह प्लेन के आगे या पीछे वाले हिस्से में होता है। लंदन पहुंचने पर पुलिस ने विमान में आकर जांच की और करीब 45 मिनट तक यात्रियों को सीट पर ही बैठाए रखा गया।

## युद्ध के बीच तेल-गैस से ईरान की रिकॉर्ड कमाई

### खार्ग टर्मिनल से सप्लाई जारी, खाड़ी देशों का प्रोडक्शन 70 प्रतिशत तक गिरा

**दुबई/ तेहरान।** अमेरिका व इजराइल के साथ जंग को ईरान ने एक मौके में बदल दिया है। अमेरिका ने खार्ग आइलैंड के पास सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन ग्लोबल ऑयल संकट के डर से तेल टर्मिनल को सीधे निशाना नहीं बनाया। इसी का फायदा उठाते हुए ईरान ने खार्ग टर्मिनल चालू रखा और 'घोस्ट फ्लीट' के जरिए चीन को सप्लाई जारी रखी है।

इंटरनेशनलएनर्जी एजेंसी और एस-पी ग्लोबल के मुताबिक, ईरान रोजाना 1.7 से 2 मिलियन (17 से 20 लाख) बैरल तेल एक्सपोर्ट कर रहा है। देश के करीब 90 प्रतिशत तेल का एक्सपोर्ट अभी भी खार्ग टर्मिनल से हो रहा है। साउथ पार्स गैस फील्ड पर



**■ देश के करीब 90 प्रतिशत तेल का एक्सपोर्ट अभी भी खार्ग टर्मिनल से हो रहा**

हमले से एक्सपोर्ट प्रभावित हुआ, लेकिन गैस सप्लाई पूरी तरह बंद नहीं हुई। रिपोर्ट है कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले विदेशी जहाजों से ईरान करीब 16.5 करोड़ रुपए प्रति जहाज 'वॉर टैक्स' भी वसूल रहा है। खाड़ी देशों का प्रोडक्शन 70 प्रतिशत तक गिरा ईरान की होर्मुज स्ट्रेट पर पकड़ और लगातार हमलों के कारण सऊदी अरब, कतर, इराक, कुवैत और यूएई जैसे खाड़ी देशों की सप्लाई प्रभावित हुई है। सुरक्षित समुद्री रास्तों की कमी, बढ़ते हमले और लॉजिस्टिक्स दिक्कतों के चलते इन देशों का कुल उत्पादन 70 प्रतिशत तक गिर गया है। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध का सबसे सीधा असर कच्चे तेल पर पड़ा है। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 3.26 प्रतिशत की उछाल के साथ 112.19 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जो जुलाई 2022 के बाद का सबसे उच्चतम स्तर है। अगर तेल की कीमतें 100 डॉलर के ऊपर बनी रहती हैं, तो इससे भारत में महंगाई बढ़ेगी जो बाजार के लिए अच्छा नहीं है।

## प्रेग्नेंसी में वर्क फ्रॉम होम नहीं दिया, 200 करोड़ जुर्माना

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के ओहायो में प्रेग्नेंट महिला को वर्क फ्रॉम होम की अनुमति न देने के मामले में कोर्ट ने कंपनी पर 2.25 करोड़ डॉलर (200 करोड़) का जुर्माना लगाया है। महिला को ऑफिस आने की मजबूरी की वजह से समय से पहले डिलीवरी हुई थी। जिससे नवजात की कुछ घंटों में ही मौत हो गई थी। कोर्ट ने माना कि अगर महिला को घर से काम करने दिया जाता, तो स्थिति अलग हो सकती थी। इसी आधार पर कंपनी पर यह जुर्माना लगाया गया। चेल्सी वॉल्श नाम की महिला टोटल क्वालिटी लॉजिस्टिक्स अमेरिकी कंपनी में काम करती थीं। फरवरी 2021 में उन्होंने वर्क फ्रॉम होम (डब्ल्यूएचएफ) की इजाजत मांगी थी। कंपनी ने उन्हें ऑफिस आकर काम करने या बिना सैलरी छुट्टी लेने का ऑप्शन दिया, जिससे उनकी इनकम और हेल्थ इंश्योरेंस पर असर पड़ता। मजबूरी में उन्हें 22 फरवरी से ऑफिस जाकर काम करना पड़ा। लगातार तीन दिन काम करने के बाद 24 फरवरी को उन्हें समय से पहले डिलीवरी हो गई। महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया, लेकिन जन्म के कुछ ही घंटों बाद उसकी मौत हो गई।

# ईरानी पावर प्लांट्स पर 5 दिन हमला नहीं करेंगे: ट्रम्प

## बातचीत के बाद फैसला, ईरान बोला: राष्ट्रपति तेल कीमत घटाने के लिए गुमराह कर रहे

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के पावर प्लांट्स और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले हमलों को फिलहाल टाल दिया है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच पिछले दो दिनों से चली बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया है।

उन्होंने बताया कि रक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि पावर प्लांट्स और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर सभी सैन्य हमलों को 5 दिनों के लिए रोक दिया जाए। ट्रम्प ने कहा कि अगर बातचीत सफल रहती है, तो मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव को खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है। दरअसल ट्रम्प ने दो दिन पहले ईरान को धमकी दी थी कि अगर 48 घंटे में होर्मुज रूट नहीं खोला गया तो वो ईरान के पावर प्लांट पर बड़ा हमला करेंगे। वहीं, ईरान ने दावा किया है कि ट्रम्प के साथ उनकी कोई बातचीत नहीं हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ट्रम्प एनर्जी की कीमतें कम करने के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं।



**■ ईरान ने दावा: ट्रम्प के साथ उनकी कोई बातचीत नहीं हुई है**

मंत्रालय ने आगे कहा कि कई देश तनाव कम करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हमारा साफ कहना है कि हमने यह युद्ध शुरू नहीं किया। इसलिए इस बारे में बात अमेरिका से की जानी चाहिए। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने कहा है कि उनका देश होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने युद्ध की वजह से पैदा हो रही आर्थिक उथल-पुथल पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा- ईरान को लेकर आपकी जो भी राय हो, यह युद्ध उनकी वजह से शुरू नहीं हुआ है। अगर युद्ध जारी रहा, तो हालात और खराब हो सकते हैं। उन्होंने 'द इकोनॉमिस्ट' मैगजीन में लिखे अपने लेख में इस युद्ध को 'गैरकानूनी' बताया।

### ईरान बोला: अमेरिका से कोई बातचीत नहीं हुई

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि उनकी अमेरिका से किसी भी तरह की बातचीत नहीं हो रही है और न ही वे बातचीत करने की स्थिति में हैं। मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मंत्रालय ने कहा कि ट्रम्प ऊर्जा कीमतों को कम करना चाहते हैं और अपने प्लानिंग के लिए वक्त हासिल करना चाहते हैं। इसलिए वे ऐसे बयान दे रहे हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि वह इस समय तेहरान के बीचों-बीच ईरानी शासन से जुड़े ठिकानों पर हमले कर रही है। यह बयान उस समय आया है जब कुछ ही देर पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमले की अपनी योजना को टालने का ऐलान किया था।

### ट्रम्प के ईरान पर हमले टालने के फैसले से तेल कीमतों में गिरावट

ट्रम्प के ईरान पर सैन्य कार्रवाई टालने के फैसले के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई है। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब 13/15 प्रतिशत गिरकर +96 प्रति बैरल तक पहुंच गई। वहीं अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) की कीमत भी लगभग 13.5 प्रतिशत गिरकर +85.28 प्रति बैरल तक आ गई।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108